सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
12.05.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | वैशाख, कृष्ण पक्ष, सप्तमी संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 296



12 टाइम मैगजिन के कवर पेज पर दीपिका

# कैंसर सेवाओं में आशाओं से भरा नया दौर

RANCHI
CANCER HOSPITAL &
RESEARCH CENTRE

उद्घाटन
**श्री हेमंत सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखंड सरकार
द्वारा
**12 मई, 2023**



## आरसीएचआरसी में हम प्रदान करते हैं

- किफ़ायती कैंसर उपचार
- अत्याधुनिक तकनीक
- विश्वस्तरीय नैदानिक सुविधाएँ
- पैलिएटिव केयर
- अनुभवी और संवेदनशील डॉक्टर्स और नर्सेस




रांची कैंसर अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र, सुकुर्हुटू रोड, कदमा, कांके, रांची–834006. | अधिक जानकारी के लिए कॉल करें: 0651-2710010 / 1800 313 4922

सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
12.05.2023
नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | वैशाख, कृष्ण पक्ष, सप्तमी संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 296



12 मानुषी छिल्लर कान में डेब्यू के लिए तैयार

## न्यूज डायरी

### स्वर्ण मंदिर के पास फिर धमाका, पांच गिरफ्तार

**अमृतसर (पंजाब)।** गुरुवार तड़के अमृतसर स्वर्ण मंदिर के पास तेज आवाज सुनाई दी। पुलिसकर्मी और फोरेंसिक टीम के सदस्य घटना स्थल पर पहुंचे और जांच की। पंजाब पुलिस ने बताया कि मामले में पांच लोग गिरफ्तार किये गये हैं।

### आरसीपी सिंह ने भाजपा का दामन थामा

**पटना।** गुरुवार को जदयू के पूर्व अध्यक्ष और पूर्व केंद्रीय मंत्री आरसीपी सिंह भाजपा में शामिल हो गये। पार्टी की सदस्यता ग्रहण करते ही उन्होंने सीएम नीतीश पर जोरदार हमला बोला। कहा, नीतीश कुमार बड़ी-बड़ी बातें कर रहे हैं।

### दिल्ली में जनता की चुनी हुई सरकार ही असल बॉस

**नयी दिल्ली।** गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट ने सर्वसम्मति से फैसला देते हुए कहा कि सेवाओं पर दिल्ली सरकार के पास विधायी तथा शासकीय शक्तियां हैं। जनता द्वारा चुनकर आयी हुई सरकार के पास अधिक अधिकार होते हैं।

### स्पेशल ब्रांच के एक जवान को लगी गोली

**हजारीबाग।** जिले में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के आने से पहले एक जवान बाल-बाल बचा। कार्यक्रम शुरू होने से पहले सुरक्षा का जायजा लेने पहुंचे स्पेशल ब्रांच के एक जवान से मिसफायरिंग हुई। इससे स्पेशल ब्रांच के एक अन्य जवान बाल गोविंद घायल हो गया।

### शराब के अवैध धंधे में लिप्त दो दारोगा सस्पेंड

**सीतामढ़ी।** अवैध शराब मामले में लिप्त दो दारोगा पर सीतामढ़ी एसपी ने नगर थाने में तैनात 2009 बैच के दोनों दारोगा को तत्काल सस्पेंड कर दिया है। दोनों दारोगा पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया है। दोनों की जल्द गिरफ्तारी का निर्देश एसपी ने दिया है।

### उत्तर भारतीयों से राज ठाकरे ने मांगी माफी

**मुंबई।** उत्तर भारतीयों के खिलाफ विवादित बयान मामले में महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के प्रमुख राज ठाकरे ने माफी मांगी है। दिल्ली उच्च न्यायालय में माफीनामा देने के बाद कोर्ट ने संबंधित केस को समाप्त कर दिया है।

### रेप और मर्डर में कोर्ट ने सुनाया मौत का फैसला

**रोहतास।** रोहतास में गुरुवार को जिला व्यवहार न्यायालय सासाराम ने एक आरोपी को दुष्कर्म मामले के दोषी को मृत्युदंड की सजा सुनायी है। आरोपी ने एक युवती से दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या कर दी थी।

### पांच मई को नक्सलियों ने किया बंद का आह्वान

**रांची।** प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के नक्सलियों ने 15 मई को संपूर्ण उत्तर भारत (बिहार, झारखंड, ओड़िसा, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश उतराचंल, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर) बंद का ऐलान किया है। गुरुवार को मिली जानकारी के अनुसार भाकपा माओवादी संगठन के पूर्वी रीजनल ब्यूरो, केंद्रीय कमेटी के प्रवक्ता साकेत ने प्रेस रिलीज जारी की है।

### सीबीआइ ने कोयला तस्करी में दो को पकड़ा

**कोलकाता।** सीबीआइ ने राज्य के बहुचर्चित कोयला तस्करी मामले में इसीएल के दो और अधिकारियों को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान सुनील कुमार झा और आनंद कुमार सिंह के तौर पर हुई है। सुनील इसीएल में ऑपरेशन (टेक्निकल) के डायरेक्टर रहे हैं। वहीं आनंद सिंह सीआइएसएफ की सीतलपुर यूनिट के इंस्पेक्टर थे। दोनों को गुरुवार को ही गिरफ्तार किया गया है।

गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 58,100 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 80,000 रु./प्रति किलो |

## भीषण गर्मी में तड़कुल दे रहा लोगों को थोड़ी राहत





**समीर**

**रांची।** राजधानी रांची समेत पूरे झारखंड में प्रचंड गर्मी का कहर जारी है। ऐसे में लोग गर्मी से राहत पाने तरह-तरह के मौसमी फलों का आनंद लेते दिख जाते हैं। ऐसा ही एक फल है तड़कुल या ताड़गोला (ताड़ का फल)। बिहार के साथसाथ झारखंड में भी यह मिल जाता है। खास बात ये है कि ताड़ का ये फल नारियल की तरह ही पानी से भरपूर है।

इसमें फाइबर और कई ऐसे पोषक तत्व हैं जो कि सेहत के लिए कई प्रकार से काम कर सकते हैं। पेट ठंडा रखता है और पेट संबंधित दिक्कतों को दूर भी करता है। गर्मी आते ही ताड़ के फल की बिक्री शुरू हो जाती है। ताड़ के फल शरीर के लिए काफी लाभप्रद होता है। यह फल प्रति पीस 20 से 30 रुपये के हिसाब से बेचे जा रहे हैं। यही फल ग्रामीण क्षेत्रों में मुफ्त मिलता है।

**ऐसे करते हैं इस्तेमाल :** ताड़ के फल के ऊपर लगे ठोस पदार्थ को तेज चाकू से काट कर अलग किया जाता है। फिर उसके अन्दर से तीन भाग में पानी से भरा हुआ फल निकलता है। इसे ही लोग खाना पसंद करते हैं।

### मुख्यमंत्री ने पतरातू लेक रिसॉर्ट परिसर में पर्यटन विहार की दी सौगात

# पर्यटन क्षेत्र में झारखंड को एक अलग पहचान दिलायेंगे : हेमंत

- डैम कैचमेंट एरिया का सीमांकन कराने का भी दिया निर्देश
- विकास से कई और कड़ियां जुड़ेंगी, मिलेंगे रोजगार
- आसपास के क्षेत्रों का होगा समुचित विकास

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची/पतरातू।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य के पर्यटक स्थलों पर पर्यटकों को मूलभूत और जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। पर्यटन के मानचित्र पर झारखंड को एक अलग पहचान दिलाने का प्रयास हो रहा है। इसे मूर्त रूप भी देंगे। श्री सोरेन गुरुवार को पतरातू डैम परिसर में पर्यटन विहार का उद्घाटन कर रहे थे। इस राज्य को खनिज संपदा के लिए तो जाना ही जाता है। इसके अलावा यहां का प्राकृतिक सौंदर्य, मनोरम और मनमोहक वादियां और धार्मिक स्थल भी आकर्षण का केंद्र रहा है। यहां के पर्यटन स्थल और भी खूबसूरत हों। यहां सैलानियों को सभी जरूरी सुविधाएं मिले। देश-दुनिया के सैलानियों का यह आकर्षण का केंद्र बने। इसे ध्यान में रखकर सरकार सभी पर्यटक स्थलों के विकास के लिए विशेष कार्य योजना बना रही है। (शेष पेज 11 पर)




### डैम आपकी संपत्ति, रक्षा करें

सीएम ने लोगों से कहा कि यह पर्यटक स्थल आपकी संपत्ति है। यह आपकी संपत्ति है, इसे नुकसान ना पहुंचायें। योजनाओं की सफलता के लिए आम लोगों की सहभागिता बेहद अहम है। आप यहां पिकनिक मनाएं। घूमे- फिरे और मनोरंजन करें। लेकिन, इसे किसी भी सूरत में नुकसान ना पहुंचायें। प्रदूषित नहीं करें। पूरे परिसर की साफ-सफाई का ध्यान रखें। सरकार किसी भी पर्यटक स्थल के आधारभूत संरचना को मजबूती दे सकती है। लेकिन इसे चलाना और सुरक्षित रखना आपकी जिम्मेदारी है।

**बढ़ेंगे रोजगार के अवसर :** मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यटक स्थल के रूप में पतरातू डैम की एक अलग छवि बन रही है। यहां आने वाले सैलानियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इसका सीधा लाभ यहां के लोगों को मिलेगा। इससे एक तरफ आसपास के क्षेत्रों का विकास होगा। वहीं, रोजगार के भी नये अवसर बढ़ेंगे। यह सिर्फ एक डैम नहीं है, बल्कि आपकी आमदनी का एक बड़ा जरिया भी है। आम जनता की सहभागिता के बिना कोई योजना सफल नहीं हो सकती है।

**कैचमेंट एरिया का सीमांकन होगा :** मुख्यमंत्री ने कहा कि पतरातू डैम कैचमेंट एरिया का सीमांकन किया जायेगा, ताकि इसका अतिक्रमण नहीं हो और इसे सुरक्षित रखा जा सके। इसके लिए उन्होंने जिला प्रशासन को सभी जरूरी कदम उठाने का निर्देश दिया। कहा कि डैम परिसर में गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई करें। मौके पर पर्यटन मंत्री हफीजुल हसन ने पतरातू डैम परिसर को एक पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने को लेकर उठाये जा रहे कदमों की जानकारी दी।

## चाईबासा : फिर आइइडी धमाका, घायल एक जवान को एयरलिफ्ट कर रांची लाया

- लैंड माइंस विस्फोट में सीआरपीएफ के दो जवान जख्मी
- अबतक सात ग्रामीणों की मौत, एक दर्जन से अधिक पुलिसकर्मी भी हो चुके हैं जख्मी



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची/ चाईबासा।** झारखंड के नक्सल प्रभावित इलाका चाईबासा में आइइडी ब्लास्ट में सीआरपीएफ के दो जवान जख्मी हो गये। जिनमें से एक को एयरलिफ्ट कर रांची लाया गया और मेडिका में भर्ती कराया गया। चाईबासा के नक्सल प्रभावित गोइलकेरा थाना क्षेत्र के इचाहातु में गुरुवार की दोपहर नक्सलियों के द्वारा लगाए गए आइइडी ब्लास्ट हो गया। इस धमाके में सीआरपीएफ के दो जवान जख्मी हो गये। जख्मी जवान सीएस मनी को एयरलिफ्ट का रांची लाया गया। वहीं दूसरे जवान का इलाज चाईबासा में ही चल रहा है।

ज्ञात हो कि सीआरपीएफ के दो जवान बाइक से सर्च ऑपरेशन चला रहे थे। इसी दौरान बाइक का टायर आइइडी पर चढ़ गया, जिसके बाद आइइडी ब्लास्ट हो गया। ब्लास्ट की वजह से दोनों जवान बाइक से कुछ दूर जा गिरे, धमाके की आवाज सुन दूसरे जवान मौके पर पहुंचे और घायल जवानों को जंगल से निकालकर सबसे पहले इलाज के लिए नजदीक के अस्पताल पहुंचाया। ब्लास्ट की वजह से सीआरपीएफ का एक जवान बुरी तरह जख्मी हो गया है। (शेष पेज 11 पर)

### सीएम हेमंत सोरेन आज करेंगे रांची कैंसर अस्पताल का उद्घाटन

- टाटा कंपनी ने अपने सीएसआर फंड के तहत सुकरहुटू में बनाया है अस्पताल एंड रिसर्च सेंटर



**रांची।** झारखंड के कैंसर मरीजों के लिये एक अच्छी खबर है। टाटा कंपनी की ओर से निर्मित कैं सर अस्पताल एंड रिसर्च सेंटर का उदघाटन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शुक्रवार को क रेंगे। यह अस्पताल कांके क्षेत्र के सुकरहुटू कदमा में है। इस अस्पताल के खुलने से क्षेत्र के कैंसर पीड़ितों को अत्याधुनिक सुविधा मिल सकेगी। अब, कैंसर पीड़ितों को ईलाज के लिये टाटा या मुम्बई नहीं जाना पड़ेगा। इस अस्पताल का शिलान्यास तत्कालीन सीएम रघुवर दास ने किया था।

### सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर रिहाई के बाद बोले इमरान

# मुझे कोर्ट से अगवा कर लाठियों से भी पीटा गया

- घर जाने की छूट नहीं, आज हाइकोर्ट में होगी पेशी
- अदालत ने इस्लामाबाद पुलिस लाइन भेजा

**एजेंसी**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर अल कादिर ट्रस्ट केस इमरान खान को रिहा करने के बाद उन्हें इस्लामाबाद पुलिस लाइन भेज दिया है। उन्हें शुक्रवार को इस्लामाबाद हाईकोर्ट में पेश होने का हुक्म दिया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने इमरान को चेताया और हिदायत दी कि समर्थकों से शांति बनाये रखने को कहें। रिहाई के बाद इमरान ने शहबाज सरकार पर गंभीर आरोप लगाये। उन्होंने कहा कि मुझे हाईकोर्ट से अगवा किया गया और फिर लाठियों से पीटा गया। यह तो सामान्य अपराधी से भी नहीं होता, उसके बाद मुझे कुछ नहीं पता क्या हुआ। मुझे अब भी नहीं पता कि क्या हुआ है। पूर्व पीएम ने कहा कि अगर कोई मुझे गिरफ्तार करना चाहता है तो मुझे वारंट दिया जाये। (शेष पेज 11 पर)

#### परिजनों से मिलने की छूट मिली



सुप्रीम कोर्ट ने इमरान खान को घर जाने की इजाजत नहीं दी, हालांकि वह अपने परिवार से मिल सकेंगे। इमरान ने मुझे घर जाने की इजाजत मांगी थी, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दी। कोर्ट ने सख्ती दिखाते हुए कहा कि आप हमारी कस्टडी में हैं। आपको कल हाई कोर्ट में पेश होना है। हमारे लिए आपकी सुरक्षा महत्वपूर्ण है। ऐसे में हम आपको इस्लामाबाद पुलिस लाइन गेस्ट हाउस भेज रहे हैं। इस दौरान परिवार के अलावा 10 लोगों को आपसे मिलने की इजाजत होगी। कोर्ट ने इमरान खान से उन लोगों की सूची देने को कहा, जिन्हें उनसे मिलने की अनुमति दी जानी चाहिए। साथ ही कोर्ट ने नियम बनाया है कि किसी को भी अदालत परिसर से गिरफ्तार नहीं किया जा सकता है।

## जयंत के सौंपे दस्तावेज की फॉरेंसिक जांच होगी

**सैन्य जमीन घोटाला**
- इडी के समक्ष तीन ने दर्ज कराये अपने बयान

**रांची (खबर मन्त्र)।** राजधानी के बरियातू स्थित सेना की जमीन घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय (इडी)ने जयंत करनाड द्वारा सौंपी गयी दस्तावेज की फॉरेंसिक जांच होगी। इडी यह जानना चाहती है कि जयंत करनाड की बातों में कितनी सच्चाई है। इधर, सैन्य जमीन की रजिस्ट्री करनेवाले लोगों प्रमोद प्रसाद, प्रेरणा सोनी, हरिशंकर प्रसाद पुनिया से इडी ने बयान दर्ज कराया। दर्ज बयान में तीनों ने इडी को बताया है कि उन्होंने उक्त भूखंड में रजिस्ट्री तो करायी है, लेकिन अभी पैसे का पूर्ण रूप से भुगतान नहीं किया गया था। इसके पूर्व भूमि हड़पने के लिए भू- माफियाओं के बनाये गये जाली दस्तावेजों में अस्पष्ट विसंगतियों का पता लगने के बाद और केस में अभियुक्त प्रदीप बागची ने दावा किया था कि उक्त भूमि का वह असली मालिक है। खुद को सही साबित करने के लिए उसने एक दस्तावेज भी पेश किया था। दस्तावेज के मुताबिक, 1932 में उसके पिता ने उक्त जमीन रैयतों से खरीदी थी और रजिस्ट्री कोलकाता भूमि रजिस्ट्री कार्यालय में हुई थी। (शेष पेज 11 पर)

### मेरू कैंप के दीक्षांत परेड समारोह में बोले राज्यपाल

# बीएसएफ के गौरवशाली इतिहास पर हम सबको गर्व

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची, हजारीबाग।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन बुधवार को हजारीबाग स्थित बीएसएफ मेरू कैम्प पहुंचे। वहां, आयोजित दीक्षांत परेड समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) का गौरवशाली इतिहास रहा है, इस पर हम सभी को गर्व है। उन्होंने कहा कि हमारे बहादुर जवान राष्ट्र की सीमाओं की रक्षा करने के साथ आतंकवाद, तस्करी एवं आपराधिक गतिविधियों पर नियंत्रण के लिए सदैव सचेष्ट रहते हैं। वे अथक परिश्रम करते हैं। राष्ट्र के प्रति उनका समर्पण व कर्तव्य के प्रति प्रतिबद्धता सभी के लिए प्रेरणा है। (शेष पेज 11 पर)



## रांची मेन रोड हिंसा : छह पर चलेगा मुकदमा, प्रस्ताव भेजा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची के मेन रोड हिंसा मामले में गृह सचिव के पास प्रस्ताव भेजा गया है जिसमें छह आरोपियों के खिलाफ मुकदमा चलाने की अनुमति मांगी गयी है। इन छह लोगों में बालूमाथ निवासी मो सरफराज आलम, पत्थलकुदवा इस्लाम नगर निवासी मो शबीर अंसारी, गुदड़ी चौक इमारत सरिया लेन निवासी मो तबारक कुरैशी, कलालटोली निवासी मो अफसर आलम, इस्लाम नगर पत्थलकुदवा निवासी मो उस्मान उर्फ करण कच्छप, साउथ स्ट्रीट कुर्बान चौक निवासी मो शहबाज का नाम है। पुलिस की जांच रिपोर्ट और सिटी एसपी की अनुशंसा के आधार पर डीसी ने अनुशंसा की है।

**क्या हुआ था :** रिपोर्ट में जानकारी दी गयी है कि उस दिन क्या-क्या हुआ था। 10 जून 2022 को दर्ज केस के अनुसार में घटना के दिन पुलिस अफसर रतन पीपी कंपाउंड चौक पर ड्यूटी पर थे। इसी दौरान आठ-10 की संख्या में लोग नूपुर शर्मा मुर्दाबाद का नारा लगाते हुए रतन पीपी कंपाउंड चौक के पास पहुंचे और रास्ते में चलने वाले लोगों से धक्का मुक्की करने लगे। नूपुर शर्मा का पुतला जलाने के बाद कुछ लोग इतने आक्रोशित हो गये कि धर्म विरोधी नारेबाजी करने लगे।

**नहीं थी जुलूस निकालने की अनुमति :** रांची में जुमे की नमाज के बाद हुई हिंसा के बाद राज्य के सभी 24 जिलों में अलर्ट जारी था। रांची में जुमे की नमाज के बाद हुई के बाद जुलूस निकालने की अनुमति नहीं ली गयी थी। प्रशासन न इसे लेकर निश्चित थी कि जुलूस नहीं निकलेगा, एहतियात के तौर पर मेन रोड में एकरा मस्जिद के सामने सुरक्षा इंतजाम थे। मस्जिद के इमाम ने कहा था कि किसी भी प्रकार का कोई जुलूस नहीं निकाला जाये।

### मुंबई में शरद पवार और उद्धव ठाकरे से भेंट के बाद बोले नीतीश

# देशहित में कुछ अच्छा ही होने जा रहा है

- लोकतंत्र को बचाने को सभी को एकजुट होना होगा : पवार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**पटना, मुंबई।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मिशन 2024 के दौरान मुंबई में एनसीपी चीफ शरद पवार से और महाराष्ट्र के पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे से मुलाकात की। इस चर्चा के बाद नेताओं ने कहा कि लोकतंत्र को बचाने के लिए हमें एकजुट होना होगा।

करीब 40 मिनट तक चली मुलाकात के बाद दोनों नेताओं ने मीडिया से भी बात की। इस दौरान जब पत्रकारों ने नीतीश कुमार कुमार से पूछा कि प्रधानमंत्री का चेहरा कौन होगा? उन्होंने कहा कि गठबंधन बनेगा, नामकरण होगा और 'चेहरा' भी होगा, थोड़ा इंतजार करें। लोकतंत्र को बचाने के लिए हमें एकजुट होना होगा। सभी दलों से बातचीत हुई है, सबकी सहमति हो रही है। देशहित में कुछ अच्छा ही होने जा रहा है। हम सब एक साथ बैठकर निर्णय लेंगे।

वहीं शरद पवार ने कहा कि हमारी अच्छी मुलाकात हुई है। देश का आज जो माहौल है वो सब देखने के बाद देश की प्रजातंत्र को बचाने के लिए हमें मिलकर काम करने की आवश्यकता है और हम इसका समर्थन करते हैं। (शेष पेज 11 पर)

#### नीतीश को पटनायक ने दिया झटका, बीजद अकेले लड़ेगा चुनाव



वहीं नीतीश कुमार की विपक्षी एकता को झटका देते हुए ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने ऐलान किया कि अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव में उनकी पार्टी बीजद अपने बूते मैदान में उतरेगी जैसा कि उसने 'हमेशा' किया है। अपने राज्य से जुड़े विकास के मुद्दों पर दिल्ली में पीएम नरेंद्र मोदी के साथ बैठक के बाद पटनायक ने कहा कि नीतीश कुमार का भुवनेश्वर आकर उनसे मिलना एक 'शिष्टाचार भेंट' थी। श्री पटनायक ने कांग्रेस और भाजपा दोनों से समान दूरी बनाये रखने की अपनी पार्टी की स्थिति को एक बार फिर से दोहराया।

## विरोधियों पर गरजे आनंद मोहन ये देश किसी के बाप का नहीं है

**एजेंसी**

**पटना।** जेल से रिहा होने के बाद पूर्व सांसद आनंद मोहन पहली बार किसी सार्वजनिक मंच पर बोलते नजर आये। खुद को संविधान का पालन करने वाला नेता बताते हुए पूर्व सांसद ने कहा कि ये देश किसी के बाप की बपौती नहीं, सभी ने इसे खून से सींचा है। आनंद मोहन ने दावा करते हुए कहा कि वो निर्दोष होने के कारण ही आज जेल से बाहर आये हैं। अररिया में एक कार्यक्रम के दौरान आनंद मोहन ने कहा कि वह आइएस जी कृष्णैया हत्याकांड में दोषी नहीं हैं। पूर्व सांसद ने यह भी कहा कि हर दिन लग रहे झूठे आरोपों की बजाय उन्हें सूली पर चढ़ा दिया जाये। आनंद मोहन ने अपने आलोचकों को चुनौती देते हुए कहा कि अगर उनके बारे में जानने चाहते हैं, तो लालकृष्ण आडवाणी और नवीन पटनायक से पूछिए कि वो क्या चीज हैं। गौरतलब है कि पूर्व विधायक की रिहाई के बाद से सूबे की सियासत लगातार गर्म है। शायद इसी का नतीजा था कि अररिया जिले के फारबिसगंज में वीर कुंवर सिंह की प्रतिमा के अनावरण के लिए आयोजित समारोह के दौरान आनंद मोहन के साथ भाजपा सांसद और स्थानीय भाजपा विधायक ने मंच साझा नहीं किया।

## स्पीड न्यूज

### एडीजी अभियान आज करेंगे समीक्षा बैठक

**रांची।** चार साल से अधिक समय से लंबित कांडों का एडीजी अभियान संजय लाटेकर शुक्रवार 12 मई को समीक्षा बैठक करेंगे। इसको लेकर सीआईडी के डीआईजी ने पलामू रेंज के आईजी और सभी रेंज के डीआईजी को पत्र लिखा है। डीआईजी द्वारा लिखे पत्र में कहा गया है कि एडीजी अभियान 12 मई को शाम चार बजे से चार सालों से अधिक समय से लंबित कांडों को लेकर समीक्षा बैठक करेंगे। इस बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भाग लेना सुनिश्चित करें। गौरतलब है कि लंबे समय से लंबित कांडों के निष्पादन के लिए झारखंड पुलिस पिछले तीन माह से बड़े पैमाने पर अभियान चलाकर हजारों लंबित कांडों का निष्पादन किया है।

### कॉलेज छात्रा ने की आत्महत्या

**बुढ़मू।** एसएस मेमोरियल कॉलेज की बीए पार्ट टू की छात्रा मधुमिता कुमारी ने आत्महत्या कर ली। घटना बुढ़मू थाना क्षेत्र के उमेडंडा में घटी। पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है। छात्रा ने आत्महत्या क्यों की, इस संबंध में पुलिस को स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पाया है। पुलिस छानबीन में जुटी हुई है।

### लोकतंत्र को बुलंद करने वाला फैसला : राजेंद्र

**रांची।** पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी को अवैध करार दिए जाने और उन्हें तुरंत रिहा करने का फैसला सुनाए जाने पर मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह निर्णय लोकतंत्र को बुलंद करने वाला है।

# जल्द खत्म हो बालू घाटों की टेंडर प्रक्रिया : सुखदेव सिंह

## मुख्य सचिव ने डीसी के साथ की वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक

**कहा- डीएमएफटी की आधी राशि खर्च नहीं योजनाएं शीघ्र स्वीकृत करें**



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्य सचिव सुखदेव सिंह ने गुरुवार को सभी जिलों के उपायुक्तों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये बैठक की। निर्देश दिया कि बालू घाटों की टेंडर प्रक्रिया प्राथमिकता के साथ खत्म करें।

मुख्य सचिव को बताया गया कि बालू घाट टेंडर की प्रक्रिया सभी जिलों में अलग-अलग स्टेज पर है। 12 जिलों के 150 घाटों का टेंडर हुआ है। मानसून से 20 दिन पहले बालू घाट से बालू का उठाव बंद करने का निर्देश है।

मुख्य सचिव ने बैठक में यह भी कहा कि डीएमएफटी में 13000 करोड़ रुपये पड़े हुए हैं और इसका 50 प्रतिशत भी खर्च नहीं हुआ है। इसलिए डीएमएफटी फंड के अनुरूप जिलों में योजनाएं शीघ्र स्वीकृत करें।

गैरकानूनी माइनिंग रोकने के लिए लगातार निरीक्षण करें : मुख्य सचिव ने पुराने बैंक अकाउंट को क्लोज करने, जिलों में गैरकानूनी माइनिंग को रोकने के लिए टास्क फोर्स की बैठक करने और लगातार निरीक्षण करने का भी निर्देश दिया। उपायुक्तों से अलग-अलग प्रोजेक्ट के लिए हुए जमीन अधिग्रहण का जल्द म्यूटेशन करने को कहा, क्योंकि जिन विभागों ने अधिग्रहण किया है, वहां म्यूटेशन नहीं होने की वजह से काम लंबित है। इसके अलावा कृषि ऋण माफी और सुखाड़ राहत वाली राशि के आवेदन का भी निपटारा जल्द से जल्द करने को कहा। उन्होंने किसानों को लाभ देने में किसी किस्म की कोताही ना करने का भी निर्देश दिया।

### झारखंड सचिवालय के दो अफसर बदले गये एक का तबादला रद्द

**रांची।** झारखंड सचिवालय सेवा के अधिकारियों का स्थानांतरण पदस्थापन किया गया है। अवर सचिव गृह कार्य एवं आपदा प्रबंधन विभाग संप्रति राज्यपाल सचिवालय में प्रतिनियुक्त सुबोध कुमार को स्थानांतरित करते हुए उन्हें अगले आदेश तक पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग रांची में अवर सचिव के पद पर पदस्थापित किया गया है। अवर सचिव स्कूली शिक्षा साक्षरता विभाग में पदस्थापित विश्वनाथ झा को स्थानांतरित करते हुए प्रतिनियुक्ति के आधार पर अगले आदेश तक के लिए अवर सचिव राज्यपाल सचिवालय रांची में पदस्थापित किया गया है। प्रणिता खलखो उपसचिव खान एवं भूतत्व विभाग रांची के स्थानांतरण को रद्द कर दिया गया है। प्रणिता को वापस खान विभाग में उपसचिव के पद पर बने रहने को कहा गया है। इस समय में कार्मिक प्रशासनिक सुधार राजभाषा विभाग में अधिसूचना जारी कर दी है।

## कैंब्रियन पब्लिक स्कूल की छात्रा का मॉडल राष्ट्रीय स्तर पर चयनित



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** कैंब्रियन पब्लिक स्कूल, कांके रोड की छात्रा राजप्रिया कुमारी के मॉडल को इंस्पायर अवॉर्ड्स मानक-2021-22 के लिए दिल्ली में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता हेतु चयन किया गया है। राजप्रिया द्वारा तैयार किया गया यह मॉडल एक ऐसा कार्यशील उपकरण है, जिसके द्वारा पशुओं को सुपाच्य भोजन उपलब्ध कराने के साथ-साथ घर में बचे-खुचे भोजन का भी सदुपयोग किया जा सकता है। इस मॉडल में मानवतावादी और पर्यावरण हितैषी दृष्टिकोण को समाहित किया गया है। राजप्रिया द्वारा निर्मित यह मॉडल राज्य से चयनित चौदह मॉडल में से एक है, जो दिल्ली में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में रांची जिले का प्रतिनिधित्व करेगा। कैंब्रियन पब्लिक स्कूल की प्राचार्या डॉ नीता पांडेय ने इस सफलता के लिए राजप्रिया को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान युग तकनीकी का युग है और इस मॉडल में मानवतावादी और पर्यावरण हितैषी पहलुओं का समन्वय सराहनीय है। राजप्रिया को उसकी प्रस्तुति के लिए झारखंड एकेडमिक काउंसिल की ओर से प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न प्रदान किया गया है।

## डीएवी स्कूल के 10 हजार विद्यार्थी करेंगे योगाभ्यास : एमके सिन्हा

**अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** डीएवी कपिलदेव में नौवें योग दिवस की तैयारी शुरू हो गई है। सत्यानन्द योग मिशन के निदेशक आचार्य मुक्तरथ ने हजारों बच्चों को योगाभ्यास कराया, जिसमें सर्वप्रथम वहां के बच्चों ने पांच मिनट वैदिक मंत्रोच्चार किया। फिर उन्हें ताड़ासन,त्रिकोणासन, कटि चक्रासन, अर्ध चक्रासन, तितली आसन, वृश्चिकासन, नाड़ीशोधन, भ्रामरी और मेडिटेशन कराया गया।

डीएवी कपिलदेव के प्राचार्य सह डीएवी जोन के निदेशक एमके सिन्हा ने कहा कि इस वर्ष हमलोग सभी डीएवी विद्यालय के बच्चों के साथ 21 जून को योग करने का प्लान बना रहे हैं। उन्होंने कहा योग के करने से इससे आंतरिक अनुशासन डेवलप करता है और शारीरक मजबूती के साथ मानसिक सबलता भी आती है। स्वामी मुक्तरथ अपने संबोधन में कहा कि योग करने से खुद व खुद अनुशाशन आने लगता है। लोग निरोग होने लगते हैं, मस्तिष्क का शुद्धिकरण होने लगता है और आध्यात्मिक चेतना जागृत होने लगती है।

## सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ें : डॉ वर्मा

### भौतिक विज्ञानी ने शारदा ग्लोबल के छात्रों का किया मार्गदर्शन



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** शारदा ग्लोबल स्कूल के 11वीं एवं 12वीं के छात्रों ने डॉ एचसी वर्मा के भौतिकी व्याख्यान कार्यशाला में भाग लेकर उनके मार्गदर्शक एवं ज्ञान का लाभ उठाया। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर में कार्यरत एवं पद्मश्री अवार्ड से सम्मानित डॉ हरीश चंद्र वर्मा ने शारदा ग्लोबल स्कूल के छात्रों का मार्गदर्शन किया और कहा कि कभी भी मुसीबतों से हमें भागना नहीं चाहिए, बल्कि हमें उनका डटकर सामना करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि परिस्थिति जो भी हो, हमें हमेशा सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ना चाहिए। छात्रों ने भौतिकी से संबंधित अनेक प्रश्न उनसे पूछे। उन्होंने फिजिक्स जैसे विषय की बारीकियों को छात्रों को बड़े ही स्पष्ट एवं सरल रूप से समझाया एवं छात्रों को क्यूट का मंत्र दिया। विद्यालय की डायरेक्टर (एकेडमिक) रंजना स्वरूप एवं प्रिंसिपल जसमीत कौर ने इस कार्यशाला को छात्रों के लिए ज्ञानवर्धक एवं उत्साहवर्धक बताया।

## खबर एक नजर में

### संत फ्रांसिस पब्लिक स्कूल चुटिया विजयी



**रांची।** इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट के अंतर्गत गांधी मैदान बरियातू में गुरुवार को संत फ्रांसिस पब्लिक स्कूल चुटिया और डीएवी बरियातू के बीच मैच खेला गया। इसमें संत फ्रांसिस पब्लिक स्कूल विजयी रहा। मैच में यश ने सबसे ज्यादा 28 रन बनाये और 4 विकेट लिये। वहीं, राहुल कुमार ने 3 विकेट लेकर मैच संत फ्रांसिस पब्लिक स्कूल के नाम कर लिया। उनकी जीत पर स्कूल के डायरेक्टर रूपेश केसरी, प्रिंसिपल डी चार्ल्स और टीम की मैनेजर पूजा सिंह ने बच्चों को बधाई दी और उनके पहले प्रयास की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### नीरजा सहाय डीएवी में एनसीसी कैडेट्स भर्ती कैंप



**रांची।** नीरजा सहाय डीएवी में बुधवार को 3 झारखण्ड बटालियन के सौजन्य से विद्यालय में एएनओ अखंड नारायण मिश्रा एवं बटालियन के पीआई स्टाफ द्वारा 50 कैडेट्स की भर्ती प्रक्रिया संपन्न हुई। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या किरन यादव अपने संबोधन में चयनित कैडेट्स को बधाई दी एवं एक अनुशासित एवं देशभक्ति की भावना से परिपूर्ण जीवन की प्रेरणा दी।

### पारस अस्पताल की पहली वर्षगांठ पर मुफ्त प्रिविलेज कार्ड

**रांची।** चिकित्सा के क्षेत्र में अपनी उत्कृष्टता को प्रमाणित कर रांची का पारस अस्पताल नित्य नयी उपलब्धियों को हासिल करता जा रहा है। बीते एक वर्षों में पारस अस्पताल, रांची ने चिकित्सा जगत में कई ऐसे कीर्तिमान स्थापित किये हैं, जो रांची जैसे छोटे शहर के लिए कुछ दिन पूर्व तक मुश्किल माना जाता था। पारस अस्पताल रांची अपनी पहली वर्षगांठ मना रहा है। इस मौके पर पारस अस्पताल प्रदेश के लोगों के लिए नि:शुल्क मास्टर हेल्थ चेक-अप की सुविधा दे रहा है, जो इस महीने की 31 तारीख तक चलेगा। कोई भी व्यक्ति इस अवसर का लाभ उठा सकता है। इस अवसर पर इसीजी, ब्लड शुगर, लिवर फंक्शन की जांच, चेस्ट एक्स-रे, लिपिड प्रोफाइल, फिजिशियन कंसल्टेशन एवं स्त्री संबंधित बीमारियोंमें एक ओपीडी फ्री की जायेगी।

### मां जानकी महोत्सव का प्रचार रथ रवाना



**रांची।** विद्यापति स्मारक समिति के अध्यक्ष लेखानंद झा ने गुरूवार को मां जानकी महोत्सव प्रचार रथ रवाना किया। श्री झा संध्या 4 बजे पुलिस क्लब से मां जानकी जन्मोत्सव समारोह के प्रचार प्रसार के लिये रथ को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। उन्होने कहा कि यह रथ रांची के हर मुहल्लों में रहने वाले सम्पूर्ण मिथिलावासी को आगामी 14 मई को पुलिस क्लब, जेल रोड में भव्य मां जानकी जन्मोत्सव में भाग लेने के लिए (हकार) आमंत्रित करेगी। मालूम हो कि इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पेयजल मंत्री मिथिलेश ठाकुर होंगे।जबकि, उदघाटनकर्ता विद्यानाथ झा विदित तथा विशिष्ट अतिथि बीएन मिश्र, रितु कुमार अजय नाथ झा, सुरेन्द्र कुमार झा, नवीन जायसवाल होंगे। कार्यक्रम मे मैथिल साहित्यकार सियाराम झा सरस को वैदेही पुरस्कार 2023 से सम्मानित किया जायेगा। मौके पर राम नरेश सिंह, रंजीत लाल दास, दिलीप झा, संजीव मिश्रा अशोक कुमार आदि लोग मौजूद थे।

### एमवीएस किड्स स्कूल ने मनाया पैरेंट्स डे




**रांची ।** एमवीएस किड्स स्कूल के तत्वावधान में गुरुवार को मेन रोड स्थित अंजुमन प्लाजा के सभागार में पैरेंट्स डे समारोह मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल के नन्हें बच्चे बच्चियों ने एक से बढ़कर एक रंग बिरंगे वस्त्रों में सुसज्जित होकर नृत्य, संगीत और अपनी एक्टिंग से उपस्थित पैरेंट्स व अन्य लोगों को खूब हंसाया। नन्हें बच्चों के गणेश वंदना से शुरु रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्कूल के नन्हें बच्चों ने छोटानागपुरी नृत्य, पंजाबी डांस, कश्मीरी डांस, कव्वाली व डांडिया, योगा एंड जुम्बा आदि की प्रस्तुति से पूरे कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया। वहीं बच्चों की प्रस्तुति पर अभिभावक तालियां बजाते हुए उनका हौसला बढ़ा रहे थे और खुशी से गदगद थे। इसके अलावा बच्चों ने फिल्मी गीत जुबी जुबी पर अपने डांस से लोगों का मन मोह लिया। नृत्य, संगीत व अन्य इवेंट्स में मोहम्मद जियान फैज, मेहूल, आमना, नैतिक और खुशी का प्रदर्शन बेहतर रहा। जिन्हें स्कूल के शिक्षकों ने सम्मानित किया।

### आर्मी स्कूल के स्टूडेंट श्रीमान जी सम्मानित



**रांची।** आर्मी पब्लिक स्कूल रांची के छात्र श्रीमान जी कक्षा इलेवन ने गुरुवार को कला के क्षेत्र में एक मुकाम हासिल किया और स्कूल का नाम रोशन किया। बता दें कि यह झारखंड कला श्रेष्ठ जो जनवरी महीने में खेल गांव में हुआ था इसमें 12000 विद्यार्थियों ने 306 स्कूलों से भाग लिया और एक कला की खोज का आयोजन किया गया। आयोजक कर्ता स्पीड कला के द्वारा हुआ जिसके मार्गदर्शन श्री परम थे, उन्हों कहा कि तकरीबन एक स्टूडेंट को प्राइस के लिए चयन किया गया है, श्रीमती कविता वर्मा उप परिचार्य आर्मी पब्लिक स्कूल रांची के हाथों से मॉर्निंग सभागार में श्रीमान जी को सम्मानित किया गया अरे चार महोदय श्री अभय कुमार सिंह ने श्रीमान जी को बधाई दी।

### ऑल इंडिया ओपेन कराटे प्रतियोगिता 13 से



रांची। खेलगांव स्थित हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम में सिकोकई कराटे डू इंटरनेशनल झारखंड के मेजबानी में एवं सिकोकई कराटे डू इंटरनेशनल इंडिया के तत्वाधान में 13- 14 मई को दो दिवसीय ऑल इंडिया ओपेन इंविटेशनल कराटे चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। विश्व कराटे संघ एवं एशियन कराटे संघ के जज एवं रैफरी के देखरेख में राष्ट्रीय कराटे संघ के जजेस व रेफरीज की देखरेख में होने वाली इस प्रतियोगिता में कुल 70 गोल्ड मेडेल के लिए पूरे देश से कराटे के लगभग 700 खिलाड़ी इसमें हिस्सा लेंगे। उक्त जानकारी गुरुवार को प्रतियोगिता के मुख्य आयोजक एवं सिको कई कराटे डू इंटरनेशनल झारखंड के स्टेट रिप्रेजेंटेटिव रेंसी सुनील किस्पोट्टा ने संवाददाता सम्मेलन में दी।

## वार्षिक परीक्षा व मूल्यांकन कार्य को लेकर जारी हुआ संशोधित आदेश

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य के सरकारी स्कूलों में कक्षा 1 से 7वीं तक की वार्षिक परीक्षा और योगात्मक मूल्यांकन को लेकर नया संशोधित आदेश 11 मई को जारी किया गया है। झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद की निदेशक किरण कुमारी पासी ने इसकी जानकारी सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक को दी है।

आदेश में निदेशक ने लिखा है कि 9 मई को जारी कार्यालय आदेश के प्रेषण के बाद अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ की मांग के अनुरूप निम्नांकित बिंदुओं पर सम्यक विचारोपरांत ये निर्णय लिए गए हैं। कहा गया है कि प्रदेश के जिन जिलों के विद्यालयों में ग्रीष्मावकाश 15 मई से 3 जून 2023 तक घोषित है, वहां के शिक्षकों के द्वारा कक्षा 1 से कक्षा 7 की वार्षिक परीक्षा/ योगात्मक मूल्यांकन-2 का मूल्यांकन एवं प्रगति पत्रक का निर्माण 10 जून, 2023 तक संपन्न करना सुनिि्त किया जाए। प्रदेश के जिन जिलों के विद्यालयों में ग्रीष्मावकाश 19 मई अथवा 19 मई के बाद से प्रारंभ होकर 10 जून, 2023 तक या उससे पूर्व समाप्त होना है, वहां के शिक्षकों द्वारा 19 मई, 2023 तक मूल्यांकन कार्य का निष्पादन और 10 जून, 2023 तक परीक्षाफल एवं प्रगति पत्रक का निर्माण सुनिश्चित किया जाए।

आदेश में कहा गया है कि कक्षा 1 से कक्षा 7 के वार्षिक परीक्षा/ योगात्मक मूल्यांकन-2 के परीक्षाफल का प्रकाशन एवं प्रगति पत्रक का वितरण 12 जून, 2023 को राज्य के सभी विद्यालयों में छात्रों और अभिभावकों की संगोष्ठी बुलाकर अनिवार्य रूप से किया जाए। प्रधानाध्यापक/प्रभारी प्रधानाध्यापक जेसीईआरटी द्वारा उपलब्ध कराये गये विहित प्रारूप के अनुसार कक्षावार/ विषयवार रिजल्ट बनाकर अपने संकुल साधन सेवी को देना सुनिि्त करेंगे. संकुल साधन सेवी 12 जून, 2023 के बाद अपने संकुल से संबंधित सभी आंकड़ों को लेकर कंप्यूटर ऑपरेटर/ आईसीटी अनुदेशक की सहायता से ई-विद्यावाहिनी पर उपलब्ध प्रारूप में छात्रों के प्राप्तांकों की प्रविष्टि का कार्य 20 जून, 2023 तक कराना सुनिश्चित करेंगे। वहीं, 21 से 27 जून, 2023 तक प्रखंड द्वारा प्रखंड स्तर पर संकुल से प्राप्त प्राप्तांक का समेकन, संकुल साधन सेवी द्वारा ई-विद्यावाहिनी पोर्टल पर अपलोड किये गये प्राप्तांकों का संधारण एवं जिला को उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाएगा। 28 से 30 जून, 2023 तक जिला द्वारा जिला स्तर पर प्रखंड द्वारा प्राप्त प्राप्तांक का समेकन जेसीईआरटी कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए।

### घंटी आधारित शिक्षकों को अब सप्ताह में 16 क्लास

**रांची।** झारखंड कैबिनेट ने पिछले दिनों राज्य के विश्वविद्यालयों में घंटी आधारित सहायक प्राध्यापकों को लेकर फैसला लिया था। बुधवार को उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग ने इस संबंध में पत्र जारी कर दिया है। पत्र के अनुसार, सभी विश्वविद्यालयों को घंटी आधारित सहायक प्राध्यापकों को सप्ताह में 16 क्लास आवंटित करने होंगे। 16 क्लास पूरा नहीं करने पर प्रति क्लास 900 रुपए की कटौती की जाएगी। इनके मानदेय में भी बढ़ोतरी की गई है। बेसिक सैलरी 577 प्रतिमाह के बराबर मानदेय होगा। इसके साथ ही फैसले के मुताबिक, घंटी आधारित सहायक प्राध्यापकों का अब आवश्यकता आधारित शिक्षक का नाम दिया गया है।

## डीपीएस सीनियर विंग की हेड गर्ल बनीं शिवांगी और अब्दुल्लाह हेड बॉय



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** डीपीएस के सीनियर विंग में छात्र परिषद के गठन के लिए 8 मई को आयोजित चुनाव के नतीजे घोषित कर दिये गये हैं। शिवांगी कुमार को हेड गर्ल और अब्दुल्लाह रहमानी को हेड बॉय चुने गये हैं। ऐश्वर्या तलेजा को एडिशनल हेड गर्ल और उदित जैन को एडिशनल हेड बॉय बनाया गया। श्रेयोशी गांगुली को डिप्टी हेड गर्ल और माधव द्रोलिया को डिप्टी हेड बॉय के रूप में नियुक्त किया गया। इसके अलावा माधवी माहेश्वरी और रोहित राज को स्कूल एंबेसडर, अनिशा अरोरा और ज्ञान हर्षवर्धन को डिप्टी स्कूल एंबेसडर चुना गया है। वहीं जान्या और धीरज बियानी को क्लास प्रिफेक्ट्स चुना गया। स्तुति अन्वी और मो. अदनान अंसारी को कल्चरल सेक्रेटरी, तनीषा अग्रवाल और स्वयं राज को डिप्टी कल्चरल सेक्रेटरी, प्रज्ञा मृदु और ऋषभ राज को स्पोर्ट्स कैप्टन, अदिति ठाकुर और अर्शदीप सिंह को एडिशनल स्पोर्ट्स कैप्टन और शुभांशी शेखर और तनिश राजघरिया को डिप्टी स्पोर्ट्स कैप्टन चुना गया। विवेकानंद प्रेक्षागृह द्वारा आयोजित चुनाव का उद्देश्य छात्र परिषद की राय, विचारों और चिंताओं को आवाज देने, छात्रों में नेतृत्व की क्षमता विकसित करने, कार्यक्रमों की रुपरेखा बनाने और संचार एवं कार्यान्वयन में स्कूल के विभिन्न विभागों की सहायता करना है।

## आचार्यकुलम विद्यालय में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित




खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** आचार्यकुलम विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2022-23 में विशेष अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं के लिए स्कूल परिसर में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह का उद्देश्य विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, उनके समर्पण से प्राप्त उपलब्धियों को स्वीकार कर प्रोत्साहित करना तथा उनके मनोबल को बढ़ाना था।

एलकेजी ए की सृष्टि सुरभि, यूकेजी ए की सुमन और यूकेजी डी के धीरज द्विवेदी को 100 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए हैं। इन विद्यार्थियों ने भविष्य में और अधिक अंक लाने का संकल्प लिया तथा अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों को दिया। कक्षा तृतीय-सी के अध्ययन कृष्ण कार्तिकेय, तृतीय-डी के प्रणीत कुजूर व नितिन राज, चतुर्थ-डी के साकेत प्रमाणिक, चतुर्थ-सी के सूरज कुमार ठाकुर, छठी-ए की सृष्टि कुमारी तथा आठवीं-ए की शताक्षी महतो ने शत-प्रतिशत उपस्थिति का पुरस्कार प्राप्त किया।

इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती सुजाता कौरा ने छात्र-छात्राओं को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा, आप सभी ने हमें तथा अपने शिक्षक-शिक्षिकाओं को गौरवान्वित किया है। आप सभी ऐसे ही परिश्रम करते रहेंगे, तो अपने लक्ष्य की पराकाष्ठा तक अवश्य ही पहुंच जायेंगे। आप सभी के सर्वांगीण विकास के लिए हम सभी कृत संकल्पित हैं।

# जदयू के लिए झारखंड में जमीन तलाशना नहीं आसान

## झामुमो के अपने राजनीतिक समीकरण, नीतीश के संग चलना नहीं हैं मुफीद

**आसान नहीं है बिहार के सीएम की विपक्षी एकता के प्रयास में हमसफर बनना**

उदय चौहान

**रांची।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर झारखंड में भी विपक्षी एका की कवायद शुरू हो गयी है। बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने इसके लिये महागठबंधन सरकार के मुखिया हेमंत सोरेन के साथ विचार-विमर्श किया है। इस दौरान दोनों नेताओं ने मिल-जुलकर भाजपा को सत्ता में आने से रोकने का भरोसा दिया है। बावजूद इसके झारखंड में नीतीश कुमार की एका की राह इतनी आसान नहीं होने वाली है।

दरअसल, झारखंड की राजनीति में झामुमो के अपने राजनीतिक समीकरण हैं। इस कारण वह नीतीश कुमार के अधिक करीब आने से परहेज कर सकता है। हालांकि, नीतीश कुमार ने मिशन 2024 को लेकर भाजपा के खिलाफ देश के क्षेत्रीय दलों को एक मंच पर लाने का अभियान शुरू कर दिया है।

चर्चा है कि नीतीश कुमार के दौरे से झामुमो व महागठबंधन के अन्य दलों में खदबदाहट है। नीतीश कुमार की सीएम हेमंत सोरेन के साथ क्या मंत्रणा हुई। इस पर बहस मुबाहिसा का दौर चल पड़ा है। स्पष्ट है कि विपक्षी एकता का यह प्रयास अभी प्रारंभिक चरण में है। इसके लिए अभी और भी पापड़ बेलने होंगे। क्षेत्रीय दलों की इच्छायें आकांक्षा को शांत करना श्री कुमार के लिये आसान नहीं होगा। झामुमो जैसी पार्टियों के राजनीतिक मजबूरी की राह में खड़े रोड़े को हटाना होगा। वजह साफ है कि अन्य प्रदेशों और झारखंड की राजनीति में बड़ा अंतर है।

राजनीतिक प्रेक्षकों का दावा है कि जदयू का झारखंड में राजनीतिक जमीन नगण्य है। इसके कारण जदयू के नेतृत्व को महागठबंधन की पार्टियां स्वीकार नहीं कर सकती है। यहां हेमंत सोरेन की सरकार कांग्रेस की बैसाखी पर टिकी हुई है। कांग्रेस के बारे में स्थिति स्पष्ट किये बगैर यह सब झारखंड में संभव नहीं दिखायी दे रहा है। इस लिहाज से झामुमो विपक्षी गठबंधन एकता के बहाने चेहरा चमका सकता है। वैचारिक समर्थन दे सकता है। लेकिन लोकसभा चुनाव में जमीनी स्तर पर होनेवाले गठबंधन का हिस्सा शायद ही बन सकता है। इसलिये कांग्रेस को किनारे कर नीतीश कुमार के विपक्षी एकता में झामुमो के लिये साथ-साथ चलना अभी तो कोरी कल्पना ही साबित हो रही है।

यह सच है कि झारखंड गठन के समय यहां की राजनीति में जदयू का एक अहम स्थान था। लेकिन, पिछले दो चुनावों से यहां जदयू का खाता तक नहीं खुल सका। वर्ष 2005 के चुनाव में जदयू का जनाधार बिखरता गया।

### एक साल में 54 लाख बच्चों की हुई स्वास्थ्य जांच

**रांची।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत साल 2022-23 में राज्य भर के 54 लाख बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इनमें लगभग दो लाख बच्चों का इलाज दवाओं से हुआ, जबकि 922 बच्चों का इलाज विभिन्न प्रकार के ऑपरेशन द्वारा किया गया. आरबीएसके के कोषांग प्रभारी सह उप निदेशक डॉ बुका उरांव ने कहा कि 0 से 18 साल तक के बच्चों एवं किशोरों की स्वास्थ्य जांच प्रसव केंद्र, आंगनबाड़ी केंद्र और स्कूल में की जाती है। जांच के लिए 280 मोबाइल हेल्थ टीम का संचालन किया जा रहा है। टीम विभिन्न प्रखंडों के आंगनबाड़ी केंद्र और स्कूलों में जाकर बच्चों में होने वाली 40 चिन्हित रोगों की पहचान के लिए जांच करती है।

## पल्स हॉस्पिटल को एम्स का एक्सटेंशन सेंटर बनायें : सेठ

**रांची।** सांसद संजय सेठ ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया को पत्र लिख कर पल्स हॉस्पिटल को एम्स का एक्सटेंशन सेंटर बनाने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि ईडी के द्वारा रांची के पल्स अस्पताल को जब्त किए जाने के बाद सीजीएचएस के तहत मरीजों के उपचार की व्यवस्था होनी चाहिये। दरअसल, निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल पर भ्रष्टाचार का आरोप साबित होने के बाद, उनके द्वारा संचालित पल्स अस्पताल और इसके डायग्नोस्टिक को ईडी ने अपने कब्जे में लेकर सरकार को दे दिया है। यह रांची का अत्याधुनिक निजी अस्पताल और जांच केंद्र है, जो अब सरकार के अधीन हो चुका है।

## इस साल आजमीन-ए-हज 21 से रवाना होंगे हजयात्रा पर

**रांची।** इस साल 21 मई से आजमीन–ए–हज की हज यात्रा के लिए रवानगी शुरु हो जाएगी। इस बार अजमीन–ए–हज को हज यात्रा पर ले जाने का कांट्रैक्ट गो एयरवेज के साथ किया गया है। वहीं दूसरी ओर गो एयरवेज के दिवालिया होने और ब्रेकडाउन होने के कारण सारी उड़ाने रद्द हैं। आजमीन–ए–हज को हज यात्रा पर ले जाने के लिए अबतक कोई वैकल्पिक व्यवस्था की भी कोई सूचना नहीं है। जिसके कारण हज यात्रा को लेकर आजमीन–ए–हज की परेशानी बढ़ गयी है। जानकारी के अनुसार इस बार आजमीन–ए–हज पहले मदीना जाएंगे फिर मदीना से उन्हें मक्का ले जाया जाएगा। जानकारी के अनुसार झारखंड के 350 आजमीन–ए–हज कोलकाता से हज के लिए रवाना होंगे। जिनका एम्बारकेशन प्वाइंट कोलकाता है। लगभग 2500 आजमीन–ए–हज को रांची से हज पर रवाना होना है। हजयात्रा पर जाने का यह सिलसिला 21 मई से शुरु होकर 06 जून तक चलेगा। जानकारी के मुताबिक इस बार आजमीन–ए–हज के लिए एक और परेशानी यह है कि हर साल आजमीन–ए–हज को हज कमेटी को जो पैसा दिया जाता है, उसमें से प्रत्येक आजमीन–ए–हज रियाल की शक्ल में 2100 वापस किया जाता था।

### ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को मिला 118 बॉडी वार्न कैमरा

# बदतमीजी की, तो कटेगा चालान

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राजधानी के सभी ट्रैफिक पोस्ट पर तैनात जवानों को बॉडी वार्न कैमरा उपलब्ध करवा दिया गया है। पिछले कुछ दिनों से कुछ पोस्ट पर बॉडी वार्न कैमरा लगाकर जवान ड्यूटी कर रहे थे, लेकिन अब सभी ट्रैफिक पोस्ट पर कैमरे उपलब्ध करवा दिए गए हैं। ऐसे में ना सिर्फ ट्रैफिक पुलिसकर्मियों पर नजर रखी जा सकेगी, बल्कि पुलिस से बदतमीजी करने वाले लोग भी कैमरे के रडार पर रहेंगे। झारखंड पुलिस मुख्यालय की ओर से राजधानी समेत राज्य भर में ट्रैफिक पुलिस कर्मियों के लिए 355 बॉडी वार्न कैमरा उपलब्ध कराए गए हैं। राजधानी रांची में फिलहाल 118 कैमरे दिए गए हैं। जिसमें सिर्फ 100 को ट्रैफिक पुलिस कर्मियों के बीच वितरण कर दिया गया है। कैमरे को क्लिप




के जरिए वर्दी की जेब पर लगाया जाता है। गुरुवार को रांची के ट्रैफिक एसपी हारिश बिन जमा ने बताया कि रांची के सभी ट्रैफिक पोस्ट पर तैनात पुलिसकर्मियों को बॉडी वार्न कैमरों से लैस कर दिया गया है। लगभग 100 कैमरे अलग अलग ट्रैफिक पोस्ट पर दिए गए हैं, जिन्हें पहनकर ट्रैफिक पुलिस वाले ड्यूटी कर रहे हैं। ट्रैफिक एसपी ने बताया कि दिए गए कैमरे में प्राप्त बैकअप है, बैकअप को रिजर्व करने के लिए भी व्यवस्था की गई है। ऐसे में जब तक ट्रैफिक के जवान ड्यूटी पर रहेंगे तब तक उनके कैमरे ऑन रहेंगे।

### ड्यूटी के दौरान ऑन रहेगा कैमरा

पुलिस मुख्यालय की तरफ से निर्देश दिया गया है कि बॉडी वार्न कैमरा पहना हुआ ट्रैफिक जवान जब तक सड़क पर ड्यूटी करेगा, तब तक उसका कैमरा ऑन रहेगा। दरअसल, हाल के दिनों में ट्रैफिक पुलिस को लेकर भी कई तरह की शिकायतें पुलिस मुख्यालय तक पहुंची थी। वहीं पुलिस एसोसिएशन की तरफ से भी शिकायत गई थी कि ट्रैफिक पुलिस कर्मियों के साथ बदतमीजी की जाती है। अब दोनों ही हालातों में तमाम साक्ष्य पुलिस के पास उपलब्ध रहेंगे, जिसके जरिए आरोप लगाने वाले के आरोपों की भी जांच हो जाएगी।

> यह कैमरा चारों दिशाओं में घूम सकता है। इसमें 15 दिनों तक का फुटेज स्टोर किया जा सकता है। इस कैमरे को जीपीएस की मदद से कंट्रोल रूम से भी जोड़ा जा सकता है, इसका फायदा यह है कि कंट्रोल रूम से भी जवानों की एक्टिविटी पर नजर रखी जा सकती है।
>
> **हारिश बिन जमा, एसपी, ट्रैफिक।**

## डेंटल काउंसिल ऑफ इंडिया और झारखंड डेंटल काउंसिल को हाई कोर्ट ने किया नोटिस

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** रिम्स में ट्विटर (शिक्षक) के पोस्ट को 3 साल की अवधि निर्धारित करने के खिलाफ दायर डॉ धर्मेंद्र सिन्हा एवं अन्य की याचिका की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में गुरुवार को हुई। मामले में कोर्ट ने डेंटल काउंसिल ऑफ इंडिया एवं झारखंड डेंटल काउंसिल को नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 15 जून निर्धारित की है। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता शुभाशीष रसिक सोरेन एवं अभय प्रकाश ने पैरवी की। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया कि रिम्स का कानून कहता है कि जिस विभाग में देश में काउंसिल होता है वहां ट्विटर के पोस्ट की समय सीमा निर्धारित नहीं रहती है। फिर रिम्स में कैसे ट्विटर पद के लिए 3 साल की समय सीमा निर्धारित किया गया है। डेंटल काउंसिल ऑफ इंडिया ने कभी भी ट्यूटर पोस्ट को निर्धारित समय सीमा वाला पद नहीं दशार्या है। ऐसे में रिम्स द्वारा ट्विटर पद को 3 साल के लिए निर्धारित किया जाना गलत है। दरअसल, इसी मामले में रेखा शर्मा एवं अन्य की ओर से भी याचिका दाखिल की गई है। जिसमें कहा गया है रिम्स में उनकी नियुक्ति ट्विटर पद पर हुई थी। उस समय ट्विटर पद के लिए कोई समय सीमा नहीं थी। बाद में रिम्स ने नियम बनाकर ट्विटर पद के लिए 3 साल की अवधि निर्धारित की। प्रार्थी का कहना था कि जिस विज्ञापन से उनकी नियुक्ति हुई है उसमें ट्विटर पद के लिए समय सीमा निर्धारित नहीं थी।

## स्कूल में छात्र से ईंट ढुलवाने मामले में बाल संरक्षण आयोग ने लिया संज्ञान

### कांके में स्कूल में ईंट ढोकर बेहोश हो गया था छात्र

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** छह मई को कांके प्रखंड के ऊरगुप्तू पंचायत स्थित राज्य उत्क्रमित उच्च विद्यालय में आठवीं कक्षा का छात्र साहिल अंसारी स्कूल परिसर में बेहोशी की हालत में पाए जाने और विद्यालय में प्रधानाचार्य के द्वारा विद्यालय के टूटे बाथरूम के ईट को छात्र द्वारा ढुलवाये जाने के मामले में झारखंड राज्य बाल संरक्षक आयोग ने संज्ञान लिया है। गुरुवार को आयोग की टीम ऊरगुप्तू पंचायत पहुंची। मौके पर आयोग की अध्यक्ष काजल यादव और सदस्य सुनील कुमार ने विद्यालय परिसर में जाकर पूरे मामले की जांच की। विद्यालय में मध्या? भोजन बनाने वाली रोसोइया संयोजिका और शिक्षक से घटना की जानकारी ली गयी। इसके अलावे पंचायत के जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों और पीड़ित छात्र के माता पिता से भी जानकारियां ली। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य अंजना ज्योत्सना तिग्गा को भी आयोग की टीम ने विद्यालय में बुलाकर उनसे पूछताछ की। मौके पर आयोग की टीम ने पीड़ित छात्र साहिल अंसारी के घर में जाकर उसकी हालत को देखा। देखने के बाद पता चला की साहिल अंसारी की हालत अभी भी नाजुक बनी हुई है। छात्र को तत्काल इलाज की जरूरत है।

**पैसे के अभाव में नहीं करा पा रहे इलाज ;** छात्र



के अभिभावक बेहद गरीब परिवार से हैं। पैसे के अभाव की वजह से प्राइवेट अस्पताल में चल रहे इलाज से छुप्ती करा कर घर ले आए हैं। इस दौरान आयोग ने छात्र के नाजुक स्थिति को देखते हुए तत्काल जिला के वरीय पदाधिकारियों से बात कर एंबुलेंस बुला कर अस्पताल में भर्ती कराया। मौके पर आयोग की अध्यक्ष काजल यादव ने कहा कि आयोग की टीम मीडिया में छपी खबर को संज्ञान में लेते हुए पूरे घटनाक्रम की जांच शुरू कर दी है। प्रथम दृष्टया पता चला है कि विद्यालय में छात्र-छात्राओं से प्रधानाचार्य मजदूरी का कार्य करवाती थी। प्रधानाचार्य मामले को दबाना चाहती थी, इसीलिए अपने सहयोगियों से मिलकर छात्र के अभिभावक को इलाज के लिए 25 हजार दे कर मामले को दबाने का पूरा प्रयास कर रही थी। ठाकुरगांव थाने में छात्र के अभिभावक के द्वारा विद्यालय के प्रधानाचार्य अंजना ज्योत्सना तिग्गा पर लिखित शिकायत किया था।

## खबर एक नजर में

### राज्य प्रशासनिक सेवा के 8 अधिकारी बदले

**रांची।** राज्य प्रशासनिक सेवा के 8 अधिकारियों को बुधवार को बदल दिया गया है। राज्य निर्वाचन आयोग में सचिव के पद पर पदस्थापित राधेश्याम प्रसाद को होम भेज दिया गया है। वहीं, लोहरदगा के कार्यपालक दंडाधिकारी रहे अमित बिहारा को राज्य निर्वाचन आयोग का सचिव बनाया गया है। इससे संबंधित आदेश सरकार के संयुक्त सचिव ओमप्रकाश शाह ने जारी कर दिया है। आदेश के अनुसार सरिता टोप्पो को संयुक्त सचिव कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, अवध नारायण प्रसाद को संयुक्त सचिव ग्रामीण विकास विभाग, रोबिन टोप्पो को संयुक्त सचिव होम, राधेश्याम प्रसाद को संयुक्त सचिव होम, मनीषा जोसेफ तिग्गा को संयुक्त सचिव होम, संदीप दुबे उपसचिव होम, अमित बेरारा को सचिव राज्य निर्वाचन आयोग और दीपमाला क्षेत्रीय उपनिदेशक जियाडा (संथाल परगना क्षेत्र) के पद पर पदस्थापित किया गया है।

### श्री शतचंडी महायज्ञ की आज होगी पूर्णाहुति

**रांची।** पिस्का मोड़ के ओटीसी मैदान स्थित सर्ड के आवासीय कैंपस में बीचे मार्च में संपन्न श्री शतचंडी महायज्ञ की शुक्रवार को पूर्णाहुति होगी। यह जानकारी श्री शतचण्डी महायज्ञ कोर कमेटी की उपाध्यक्ष कुमुद झा ने दी। उन्होंने बताया कि इसकी तैयारी पूरी कर ली गयी है। बताते चलें कि यह यज्ञ 21 मार्च से 31 मार्च तक सम्पन हुआ था, जिसका सवा माह पूर्ण हो गया। इसी उपलक्ष्य में इसकी पूर्णाहुति रखी गई है। इस कार्यक्रम की शुभारंभ शुक्रवार की सुबह 6.30 बजे से होगी। सुबह 6.30 बजे से दोपहर 2 बजे तक यज्ञ का आयोजन होगा। 2.30 बजे ब्राशण भोज, तीन बजे से भंडारा और शाम 7 बजे से जागरण का आयोजन किया गया है।

### रिम्स में एई की नियुक्ति को निकला विज्ञापन, 26 को इंटरव्यू

**रांची।** रिम्स में असिस्टेंट इंजीनियर (एई) के एक पद पर नियुक्ति के लिए विज्ञापन निकाला गया है। अनारक्षित श्रेणी के योग्य उम्मीदवार को 26 मई को निदेशक कार्यालय में सुबह 9:30 से 11:00 बजे तक साक्षात्कार के लिए पहुंचने का निर्देश दिया गया है। मालूम हो कि अनुबंध पर आधारित इस नियुक्ति में चयनित व्यक्ति की सेवा 3 साल तक ली जाएगी। शैक्षणिक योग्यता सिविल इंजीनियरिंग (बीटेक) रखा गया है। केंद्र अथवा राज्य सरकार में सेवा देकर रिटायर्ड होने वाले सिविल इंजीनियर ही साक्षात्कार में शामिल हो सकते हैं।

### हैदराबाद और रक्सौल के बीच कल से चलेगी समर स्पेशल ट्रेन

**रांची।** यात्रियों की सुविधा के लिए 13 मई से 30 मई 2023 तक दरभंगा–समस्तीपुर–बरौनी के रास्ते हैदराबाद/सिकंदराबाद और रक्सौल के मध्य 03 ट्रिप समर स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा। गाड़ी संख्या 07051 हैदराबाद–रक्सौल समर स्पेशल दिनांक 13.05.2023, 20.05.2023 और 27.05.2023 (शनिवार) को हैदराबाद से 20.35 बजे खुलकर दूसरे दिन अर्थात सोमवार को 13.30 बजे रक्सौल पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी सं. 07052 रक्सौल–सिकंदराबाद समर स्पेशल 16.05.2023, 23.05.2023 और 30.05.2023 (मंगलवार) को रक्सौल से 08.30 बजे खुलकर दूसरे दिन अर्थात गुरूवार को 04.50 बजे सिकंदराबाद पहुंचेगी। अप एवं डाउन दिशा में यह समर स्पेशल ट्रेन सीतामढ़ी–दरभंगा–समस्तीपुर–बरौनी–किउल–झाझा–जसीडीह–मधुपुर, चितरंजन–बराकर, धनबाद–बोकारो स्टील सिटी–रांची सहित अन्य स्टेशनों पर रूकेगी। इस स्पेशल ट्रेन में द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी के 02, तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 05, वातानुकूलित द्वितीय सह तृतीय श्रेणी के 01, शयनयान श्रेणी के 12 एवं साधारण श्रेणी के 02 कोच लगेंगे।

### अधिवक्ता मनोज झा हत्याकांड : संजीत माझी की जमानत याचिका दुबारा खारिज, बेल देने से हाईकोर्ट का इनकार

**रांची।** रांची सिविल कोर्ट के दिवंगत अधिवक्ता मनोज झा हत्याकांड के आरोपी संजीत माझी को बेल देने से हाईकोर्ट ने इनकार कर दिया है। इससे पहले भी संजीत ने हाईकोर्ट में जमनात याचिका दाखिल की थी, जिसे कोर्ट खारिज कर चुका है। जिसके बाद दुबारा संजीत ने बेल के लिए हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। जस्टिस सुभाष चांद की अदालत में इस मामले की सुनवाई हुई। दोनों पक्षों की ओर से बहस पूरी सुनने के बाद अदालत ने संजीत माझी की जमानत अर्जी खारिज कर दी है।

**तमाड़ में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी** : वर्ष 2021 में रांची सिविल कोर्ट के वकील मनोज झा की तमाड़ में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस हत्याकांड में कई लोगों को आरोपी बनाया गया है। आरोपियों में से कई फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। दिवंगत अधिवक्ता मनोज झा के परिजनों की ओर से हाईकोर्ट के अधिवक्ता हेमंत शिकरवार ने बहस की। इस केस के लिए हेमंत शिकरवार कोई फीस नहीं ले रहे हैं।




सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार
PRNO 297183 (IPRD) 23-24

# जल संरक्षण पर जोर

भारत में पानी राज्य का विषय है और जल प्रबंधन वास्तव में ज्ञान आधारित सोच और समझ पर नहीं टिका है। गंगा का जल बिहार में नालंदा और गया तक पहुंचाया गया है। ऐसी ही योजना झारखंड में साहेबगंज से रामगढ़ तक की थी जो चर्चा में नहीं है। इसके अलावा, जल जीवन मिशन के तहत 2024 तक सभी निर्दिष्ट स्मार्ट शहरों में जलापूर्ति और अपशिष्ट जल उपचार के बुनियादी ढांचे को उन्नत करने और स्वच्छ जलापूर्ति सुनिश्चित करने की एक बड़ी चुनौती है। लगभग तीन दशकों तक गंगा को साफ करने के लिए अलग-अलग रणनीतियां अपनाई गईं।

इनमें गंगा एक्शन प्लान (जीएपी, चरण एक और दो ) और राष्ट्रीय गंगा नदी बेसिन प्राधिकरण की स्थापना जैसे प्रयास थे, लेकिन लंबे समय तक इनके ठोस नतीजे नहीं मिले। दिसंबर 2019 में प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में अपनी पहली बैठक में गंगा परिषद ने पांच राज्यों में गंगा बेसिन के दोनों ओर पांच किलोमीटर क्षेत्र में जैविक समूहों को बढ़ावा देकर गंगा के मैदानों में स्थायी कृषि को बढ़ावा देने की योजना पर काम किया। सरकार को अंततः बेसिन में अधिक क्षेत्र को शामिल करने के लिए इसे फैलाने की योजना बनानी चाहिए। नदी किनारे की कृषि संपूर्ण जैविक होनी चाहिए। शहरीकरण के विस्तार और जनसंख्या के कारण नदियाँ प्रदूषित हुई हैं। इसका असर यहाँ की स्वर्णरिखा नदी पर भी पड़ा है। यह छोटानागपुर के पठारी भूभाग नगड़ी से निकलती है। राँची ज़िले से प्रवाहित होती हुई स्वर्ण रेखा नदी सिंहभूम ज़िले में प्रवेश करती है तथा उड़ीसा राज्य में चली जाती है।स्वर्ण रेखा के सुनहरी रेत में सोने की मात्रा पाई जाती है।किन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण परिषद की रिर्पोट से स्वर्णरखा के प्रदूषण के स्तर का खुलासा हुआ है। इसके प्रदूषण के सन्दर्भ में झारखण्ड उच्च न्यायालय को स्वतः संज्ञान लेना पड़ा।

# बढ़ती समुद्री ताकत

नौसेना के बेड़े में आईएनएस विशाखापट्टनम के शामिल होने से हमारी समुद्री सैन्य ताकत में शानदार इजाफा हुआ है। यह प्रोजेक्ट 15बी का पहला स्टील्थ गाइडेड मिसाइल विध्वंसक जहाज है। नौसेना अध्यक्ष एडमिरल करमबीर सिंह ने इस अवसर को ह्ययुद्धपोत आत्मनिर्भरता का शानदार उदाहरण करार दिया। दो दिन बाद पनडुब्बी वेला को भी नौसेना में शामिल किया जाएगा। इसके अलावा अगले महीने सर्वे वैसल संध्याक को नौसेना की सेवा में ले लिया जाएगा। मिसाइल भेदी जहाज आईएनएस विशाखापट्टनम कई खूबियों वाला है। सभी अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस यह जहाज ब्रह्मोस-बराक जैसी विध्वंसक मिसाइलों से लैस है। इसमें सुपरसोनिक सतह से सतह और सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलें, मध्यम और शॉट रेंज गन, एंटी सबमरीन रॉकेट, एडवांस इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर और कम्युनिकेशन सूट जैसी खूबियां भी हैं। दुश्मन के जहाज को देखते ही एंटी-एयरक्राफ्ट मिसाइल लॉन्च कर उसका खात्मा कर सकता है। यह युद्धक जहाज पूरी तरह से स्वदेशी है। कुल 74 हजार टन वजनी इस जहाज की लंबाई 535 फुट है। बताया जा रहा है कि लगभग 56 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाला यह युद्धक जहाज जब धीमी गति से भी चलता है तो इसकी रेंज में 7400 किलोमीटर क्षेत्र रहता है। साथ ही दुनिया भी भारत की समुद्री ताकत से रू-ब-रू हो गई। भारत के पास अभी कुल 13 पनडुब्बियां हैं। ये पनडुब्बियां रूस और जर्मनी में निर्मित हुई हैं। देश की पहली परमाणु शक्ति चालित पनडुब्बी अरिहंत पहले से नौसेना के बेड़े का हिस्सा है। नौसेना प्रमुख के मुताबिक फिलवक्त 41 में से 39 पोत और पनडुब्बी के ऑर्डर भारतीय शिपयार्ड को दिए गए हैं। यानी भारतीय नौसेना को मजबूत बनाने की दिशा में पूरी पहल हो रही है।


# शहरों से ही समृद्धि का रास्ता खुलता है



**शहर** एक जिंदा चीज है जो हमेशा विकसित होता और बदलता रहता है। जैसा कि कहा भी जाता है, एक शहर अपने लोगों से मिलकर बनता है। शहर अपने लोगों के सौंदर्य बोध को प्रभावित करता है, वह उसके वास्तु पर असर डालता है और उसके समग्र कामकाज पर भी। शहरों की इस काव्यात्मक व्याख्या के अलावा अन्य तमाम विकास संबंधी लाभ भी हैं जो शहरों और शहरीकरण की प्रक्रिया से हमें हासिल होते हैं। सन 2003 तक दुनिया भर में गांवों की तुलना में ज्यादा लोग शहरों में रहने लगे थे।

यह बात स्पष्ट है कि शहरीकरण की दर के मामले में भारत निहायत पीछे है। 2020 में वैश्विक स्तर पर शहरीकरण की दर 56.15 प्रतिशत थी जो अब 34.92 प्रतिशत रह गई है। शहरीकरण और आर्थिक वृद्धि में सकारात्मक संबंधों को चिह्नित करने के बावजूद भारत की दिक्कत शहरीकरण बढ़ाने की उसकी अनिच्छा में नहीं निहित है बल्कि ऐतिहासिक संदर्भों में देखा जाए तो शहरीकरण की धीमी गति की जड़ें स्पष्ट हो जाती हैं।

अध्ययन के विषय के रूप में शहर अपेक्षाकृत नया विषय हैं क्योंकि भारत को प्राथमिक तौर पर गांवों का देश माना गया है। यानी एक ऐसा देश जहां लोग गांवों में निवास करते हैं। यह बात औपनिवेशिक दौर तथा आजादी के बाद के कुछ वर्षों के लिए खासतौर पर उपयुक्त है। बहरहाल, यदि शहरीकरण की ऐतिहासिक दर का पता लगाना हो और उदाहरण के लिए 1960 के दशक के बाद के समय को देखें तो सन 1960 के दशक में शहरीकरण की वैश्विक दर 33.61 प्रतिशत थी। भारत के लिए यह दर 17.94 प्रतिशत थी। विकास की बहस में शहर का सवाल गायब था और औद्योगिक विकास, क्षेत्रीय एकीकरण और आर्थिक वृद्धि आदि आजादी के बाद के वर्षों में देश की प्राथमिकता बने हुए थे। आज ऐसी स्थिति नहीं है। सरकारों को इस बात का अहसास हो गया है कि आर्थिक वृद्धि के वाहक के रूप में शहरों की अहम भूमिका है। 20वीं और 21वीं सदी में भारत में तेजी से और टिकाऊ ढंग से शहरी विकास हुआ। बल्कि विश्व स्तर पर देखें तो 20वीं सदी में पूरी दुनिया में ही तेज शहरीकरण हुआ। खासतौर पर अफ्रीका, लैटिन अमेरिका और एशिया के उन देशों में जो औपनिवेशिक शासन से हाल ही में आजाद हुए थे। वैश्विक शहरीकरण की संभावनाओं को लेकर संयुक्त राष्ट्र ने एक रिपोर्ट तैयार की थी। उसके मुताबिक एशिया में 2018 में 50 प्रतिशत शहरीकरण हुआ था। अनुमान यह जताया गया था कि 2020 तक एशिया में करीब 51.1 प्रतिशत शहरीकरण हो जाएगा और 2022 तक यह बढ़कर 52.3 प्रतिशत पहुंच जाएगा। भारत एशियाई औसत से अब भी नीचे बना हुआ है। भारत निरंतर एशियाई औसत से नीचे है। अनुमान जताया गया है कि 2022 तक उसकी 35 फीसदी आबादी शहरी इलाकों में जीवन बिताएगी। दक्षिण एशियाई उप क्षेत्र के लिए यह अनुमान 37.6 प्रतिशत है।



**- अमित कपूर**

> वैश्विक शहरीकरण की संभावनाओं को लेकर संयुक्त राष्ट्र ने एक रिपोर्ट तैयार की थी। उसके मुताबिक एशिया में 2018 में 0 प्रतिशत शहरीकरण हुआ था। अनुमान यह जताया गया था कि 2020 तक एशिया में करीब 51.1 प्रतिशत शहरीकरण हो जाएगा और 2022 तक यह बढ़कर 52.3 प्रतिशत पहुंच जाएगा। भारत एशियाई औसत से अब भी नीचे बना हुआ है। भारत निरंतर एशियाई औसत से नीचे है।

इन बातों के बीच एशिया में शहरीकरण हर वर्ष लगभग 0.5 से एक फीसदी की स्थिर दर से बढ़ा है। हालांकि शहरीकरण सालाना वृद्धि का इकलौता निर्धारक कारक नहीं है लेकिन यह बात स्पष्ट है कि शहरीकरण का स्तर वृद्धि और प्रगति की दृष्टि से अहम है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के मुताबिक 2011 से 2020 के बीच शहरी इलाकों में रहने वाले सर्वाधिक लोग केंद्रशासित प्रदेशों में थे। चंडीगढ़ में 2011 के 97.2 फीसदी से बढ़कर 2020 में इनकी तादाद 99.63 प्रतिशत हो गई जबकि दिल्ली में यह 97.5 प्रतिशत से बढ़कर 99.23 प्रतिशत हो गयी।

इसी समय बड़े राज्यों में शहरों में रहने वालों की तादाद में उतनी बढ़ोतरी नहीं हुई। राजस्थान के बारे में अनुमान जताया गया कि 2020 तक उसकी 26.19 प्रतिशत आबादी शहरों में रहने लगेगी। मध्य प्रदेश के बारे में 28.66 प्रतिशत तथा उत्तर प्रदेश के बारे में 23.59 प्रतिशत का अनुमान जताया गया।

अगर इसे इन राज्यों की 2011 से 2020 के बीच की वृद्धि के साथ जोड़कर देखा जाए तो पता चलता है कि राजस्थान की समेकित सालाना वृद्धि दर इस अवधि में 4.35 प्रतिशत थी, उत्तर प्रदेश में यह 4.55 प्रतिशत और मध्य प्रदेश में यह 6.28 प्रतिशत थी।

शहरीकरण के मानकों पर ये सबक देश की वृद्धि की दिशा में सकारात्मक गति से कहीं परे जाते हैं। शहरीकरण से न केवल औद्योगिक क्लस्टरों का निर्माण होता है और प्रत्येक राज्य के भीतर प्रतिस्पर्धा में बढ़ोतरी होती है, बल्कि इसके साथ-साथ वह आय की असमानता कम करने और गरीबी घटाने में भी मददगार साबित होता है। शहरीकरण से रोजगार और आय में इजाफा होता है क्योंकि ज्यादा प्रतिभाशाली लोग शहरों का रुख करते हैं। जब प्रतिभा आती है तो नवाचारी उपाय तलाश किए जाते हैं और देश की समृद्धि में हर व्यक्ति की हिस्सेदारी में सुधार होता है।


भारत में शहरीकरण की गति में निरंतरता तो रही है लेकिन यह धीमी भी रही है। चूंकि एशिया के उभार पर करीबी नजर है इसलिए यह सवाल पूछना बनता है कि इस उभार में भारत की महत्त्वपूर्ण भूमिका होगी या नहीं। आशावादी ढंग से देखा जाए तो देश के जनांकीय भार और लाभ को देखते हुए यह माना जाता है कि एक उभरती शक्ति के रूप में भारत पर भी नजर होगी। बहरहाल, जरूरत इस बात की भी है कि शहरीकरण की गति को बढ़ाया जाए। इसके साथ ही इस गति को इस प्रकार व्यवस्थित रखने की आवश्यकता है ताकि आबादी का संघनन केवल बड़े शहरों में न हो।

यह बात इसलिए खासतौर पर मायने रखती है कि छोटे शहरों की वृद्धि और वहां निवेश की संभावनाएं बड़े औद्योगिक शहरों के इर्दगिर्द ही सीमित रह गई हैं क्योंकि बड़े शहर विकास के वाहक हैं। शहरी वृद्धि के साथ-साथ समृद्धि के साझा लक्ष्य केवल तभी हासिल हो पाएंगे जब पिछड़े शहरों और कस्बों पर ध्यान दिया जाएगा और वहां विकास तथा निवेश संभावनाएं बढ़ाने के लिए काम किया जाएगा।

## खास बात

# योग: दैनिक संस्कार

**स्वामी मुकरथ**



वैदिक काल के दौरान सूर्य को सबसे अधिक महत्व दिया गया। हो सकता है कि इस प्रभाव की वजह से आगे चलकर 'सूर्य नमस्कार' की प्रथा का आविष्कार किया गया हो। प्राणायाम दैनिक संस्कार का हिस्सा था तथा यह समर्पण के लिए किया जाता था। हालांकि पूर्व वैदिक काल में योग किया जाता था, महान संत महर्षि पतंजलि ने अपने योग सूत्रों के माध्यम से उस समय विद्यमान योग की प्रथाओं, इसके आशय एवं इससे संबंधित ज्ञान को व्यवस्थित एवं कूटबद्ध किया। पतंजलि के बाद, अनेक ऋषियों एवं योगाचार्यों ने अच्छी तरह प्रलेखित अपनी प्रथाओं एवं साहित्य के माध्यम से योग के परिरक्षण एवं विकास में काफी योगदान दिया।

सूर्य नमस्कारपूर्व वैदिक काल (2700 ईसा पूर्व) में एवं इसके बाद पतंजलि काल तक योग की मौजूदगी के ऐतिहासिक साक्ष्य देखे गए। मुख्य स्रोत, जिनसे हम इस अवधि के दौरान योग की प्रथाओं तथा संबंधित साहित्य के बारे में सूचना प्राप्त करते हैं, वेदों (4), उपनिषदों (18), स्मृतियों, बौद्ध धर्म, जैन धर्म, पाणिनी, महाकाव्यों (2) के उपदेशों, पुराणों (18) में उपलब्ध हैं।अनंतिम रूप से 500 ईसा पूर्व - 800 ईस्वी सन के बीच की अवधि को श्रेष्ठ अवधि के रूप में माना जाता है जिसे योग के इतिहास एवं विकास में सबसे उर्वर एवं महत्वपूर्ण अवधि के रूप में भी माना जाता है। इस अवधि के दौरान, योग सूत्रों एवं भागवद्गीता आदि पर व्यास के टीकाएं अस्तित्व में आईं। इस अवधि को मुख्य रूप से भारत के दो महान धार्मिक उपदेशकों - महावीर एवं बुद्ध को समर्पित किया जा सकता है। महावीर द्वारा पांच महान व्रतों - पंच महाव्रतों एवं बुद्ध द्वारा अष्ठ मग्गा या आठ पथ की संकल्पना - को योग साधना की शुरूआती प्रकृति के रूप में माना जा सकता है। हमें भागवद्गीता में इसका अधिक स्पष्ट स्पष्टीकरण प्राप्त होता है जिसमें ज्ञान योग, भक्ति योग और कर्म योग की संकल्पना को विस्तार से प्रस्तुत किया गया है। तीन प्रकार के ये योग आज भी मानव की बुद्धिमत्ता के सर्वोच्च उदाहरण हैं। (सत्यानंद योग मिशन रांची)

# पंचवटी में राम

## धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**खर** दूषण के साथ उसकी बहन सूर्पनखा गुप्तचरी करती है और हर आने-जाने वाले को टोह लगाती रहती है। मुनि अगस्त्य ने कहा कि आपलोग वहां जाकर अवश्य अपना शिविर बनाएं। ज्योंही वह जानेगी कि कोई अजनबी आए हैं वह तुरंत आ जाएगी और जब वह पास में आ जाए तो देर मत करिए उसका नाक-कान काट दीजिएगा। परिणाम यह होगा कि वह दौड़ कर जाएगी और अपने भाई खर-दूषण को सूचित करेगी। खर-दूषण उसके बाद पूरी क्रोध में सेना लेकर आपलोगों को मारने दौड़ेगा। मैं आपको बता देता हूं कि आप गंधर्व विद्या के जानकार हैं तो आप उस गंधर्व विद्या का प्रयोग करेंगे और उसके द्धारा उसकी दस हजार सेना मारी जाएगी। बच जाएगा खर और दूषण जिसका वध आप वाणों से कर सकते हैं। श्रीराम अगस्त्य मुनि की बात सुन कर पंचवटी की ओर प्रस्थान किये। एक दिन उन्होंने सोचा कि जो कुछ मुनि ने कहा है उससे ये बताया है कि शूर्पणखा जाकर लंका में रावण को बताएगी और वह रावण सीता को हरण करेगा। अतः यह बात हमें सीता को बता देना चाहिए। एक दिन लक्ष्मण जी कंद मूल और फल लेने के लिये जंगल में गये थे तब राम जी ने सीता को बुलाया और सारी कहानी कह दी। वे बोले सीता रावण बध के लिये तुम्हारा अपहरण होगा और तुम्हें लंका जाना पड़ेगा। सीता नेकहा प्रभु यह हाड़ मांस का देह किसी न किसी दिन मिट्टी में मिलेगा। अगर आपके किसी काम आ जाए तो मेरा जीवन धन्य है।


**(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)**

**बड़ा** खूबसूरत रिश्ता है
हमारे और उपर वाले के बीच,
ज्यादा मैं मांगता नहीं
कम वो देता नहीं।
**-अनुपम खेर, अभिनेता**

## आपके ट्वीट

2013 में झीरम घाटी में हुए नक्सली हमले में हमने अपने कई कांग्रेस के साथियों और जवानों को खो दिया था। हम अपने देशभक्त साथियों की वीरता को सलाम करते हैं, उनकी शहादत हम कभी नहीं भूल सकते।
**-राहुल गांधी**





**सत्संग** की महिमा अद्भुत अकथनीय है। विवेक जागरण,दिव्यता के प्रस्फुटन व भगवत्प्राप्ति आदि श्रेष्ठ पुरुषार्थों के मूल में सत्संग ही है ।अतः जीवन सिद्धि के लिए सत्संग अबाध रहे
**- स्वामी अवधेशानंद गिरी जूना अखाड़ा**

# पहली बार एथनाल का उपयोग रिकार्ड स्तर पर पहुंचा

**नागेन्द्र सिंह**

**भारत** में पहली बार पेट्रोल में एथनाल मिश्रण 7,2 प्रतिशत से ऊपर पहुंच गया है। आपूर्ति वर्ष 2020-21 (दिसंबर से नवंबर) के पहले 4 महीनों के दौरान यह किया जा सका है। इससे देश 2022 तक 10 प्रतिशत एथनाल मिश्रण के लक्ष्य की ओर बढ़ा है।

उद्योग जगत के सूत्रों का कहना है कि अगर तेल विपणन कंपनियां (ओएमसी) अगले कुछ महीने के दौरान पूरी मात्रा में एथनाल ले लेती हैं तो मिश्रण का अखिल भारतीय स्तर नवंबर 2021 में सीजन के अंत तक 8 प्रतिशत तक पहुंच सकता है। अब तक पेट्रोल में एथनाल मिलाने का अखिल भारतीय स्तर पर सबसे बेहतर अनुपात करीब 5.2 प्रतिशत रहा है।

दरअसल महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, गुजरात, हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, बिहार, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, गोवा, दमन और दीव में करीब 9.5 से 10 प्रतिशत एथनाल मिलाया गया है। इसका मतलब यह है कि ये राज्य 2022 के मिश्रण के 10 प्रतिशत लक्ष्य के करीब हैं। हालांकि यह आसान नहीं रहा है।

चीनी उद्योग का कनहा है कि 2020-21 सत्र के पहले चार महीने में मिश्रण और ज्यादा हो सकता था, लेकिन तेल विपणन कंपनियों की ओर से प्रत्येक डिपो में एथनाल भंडारण क्षमता के अनुमान में कुछ रणनीतिक त्रुटियां हुईं। इसकी वजह से मिलों को डिपो में एथनाल की आपूर्ति करनी पड़ी, जो उनकी उत्पादन इकाइयों से दूर थे। उद्योग जगत के सूत्रों के आंकड़ों के मुताबिक 29 मार्च तक ओएमसी ने 2020-21 के लिए 4.57 अरब लीटर एथनाल की जरूरत बताई ती, जिसमें से 3.25 अरब लीटर के लिए कंपनियों की बोली को अंतिम रूप दिया गया। वहीं करीब 2.98 अरब लीटर एथनाल के लिए पहले ही अनुबंध हो चुका है, जिसमें से 1 अरब लीटर की आपूर्ति हो गई, जबकि शेष की डिलिवरी होनी है।

## आर्थिक

इसमें से करीब 77 प्रतिशत या 0.77 अरब लीटर एथनाल बी-हैवी मोलैसिस और गन्ने के रस से बनाया गया है, जिसकी वजह से 8 लाख टन अधिशेष चीनी में कमी आएगी। कुल मिलाकर उद्योग जगत का मानना है कि 2020-21 में करीब 20 लाख टन टीनी का उत्पादन कम होगा क्योंकि गन्ने का इस्तेमाल एथनाल के लिए हो रहा है।

चीनी कंपनियों का आरोप है कि ओएमसी ढुलाई की लागत वास्तविक दरों की तुलना में बहुत कम वापस कर रही हैं, क्योंकि आधार दर अक्टूबर 2020 में तय की गई थी (ईंधन के दाम बढ ? के पहले)। इसकी वजह से चीनी कंपनियों के ऊपर 3 से 5 रुपये प्रति लीटर अतिरिक्त बोझ अपनी जेब से भरना पड़ रहा है।

डीजल की दर अक्टूबर 2020 के बाद 25 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ी है। इंडियन शुगर मिल्स एसोसिएशन (आईएसएमए) सहित चीनी कंपनियों ने सुझाव दिया है कि अगर ओएमसी को लगता है कि ढुलाई की लागत में बदलाव नहीं हो सकता है तो ओएमसी को खुद ट्रांसपोर्ट कांट्रैक्ट करना चाहिए (जैसा कि पेट्रोल आपूर्ति के मामले में वे करती हैं) और उनका नाम चीनी कंपनियों को दिया जाना चाहिए।अधिकारी ने कहा, 'इस तरह से चीनी कंपनियों को ढुलाई का शुल्क वापस नहीं लेना होगा, जबकि डीजल की आपूर्ति भी बहाल हो सकेगी।'

इंडियन शुगर मिल्स एसोसिएशन के महानिदेशक अविनाश वर्मा ने कहा, 'हम आसानी से ज्यादा एथनाल की आपूर्ति कर सकते थे, अगर ओएमसी द्वारा कुछ डिपो के अनुमान लगाने में त्रुटि नहीं होती।'

## कॉर्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडीटर

### रोकें भ्रमजाल

**चुनाव** का बिगुल बजते ही लुभावने वादों के साथ जन प्रतिनिधि जनता के दरबार में सेवक की भांति पेश होते दिखाई देते हैं। गरीबी उन्मूलन, बेरोजगारी दूर करना, मुफ्त बिजली-पानी, मकान, मुफ्त शिक्षा व स्वास्थ्य सुविधाएं, किसानों का कर्ज माफ व उनकी आय दोगुनी करना ये ऐसे कुछ वादे हैं जिन्हें अपने चुनाव घोषणा-पत्र में शामिल कर राजनीतिक पार्टियां सालों से अपनी रोटियां सेंकती आ रही हैं। **- निशीकांत, रांची**

### अन्न का संरक्षण

**समर्थन** मूल्य पर गेहूं जैसी उपज की सरकारी खरीद जारी है। खबरों के मुताबिक कई केंद्रों पर उपज को सुरक्षित रखने के माकूल इंतजाम नहीं हैं। पिछले वर्ष भी जब सरकारी खरीदी की गई और बेतरतीब मौसम की बेरुखी के चलते पानी गिरने से बेशकीमती गेहूं पानी में भीगने से सड़-गल गया था। ऐसे में सरकार पिछले साल के कटु अनुभव को ध्यान में रखते हुए अभी से उचित उपाय करने चाहिए।
**-हेमा हरि, मेदिनीनगर**

# अर्थव्यवस्था को संकट से उबारने का एक बेहतरीन प्रयास

**टीसीए श्रीनिवास-राघवन**

जब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 2014 में साधारण बहुमत के साथ सत्ता में आई उस वक्त विरासत में उसे ऐसी अर्थव्यवस्था मिली जिसकी हालत खस्ता हो रही थी। महंगाई दर 15 प्रतिशत के आसपास थी और विदेशी मुद्रा भंडार तेजी से कम हो रहा था। बैंक संकट में थे और समग्र आर्थिक विकास में गिरावट के रुझान दिखने लगे थे। भारत का नाम 'फ्रेजाइल फाइव' क्लब में शामिल हो गया था जो उन देशों का एक समूह था जिनकी अर्थव्यवस्था की स्थिति बेहद नाजुक हो रही थी।

आज, अच्छी बात यह है कि हालात बिल्कुल उलट है। मुद्रास्फीति 6 प्रतिशत से नीचे है। विदेशी मुद्रा भंडार की मात्रा बहुतायत में है। बैंकों को सुरक्षित कर लिया गया है और नोटबंदी के फैसले तथा कोविड-19 के दोहरे झटके के बाद वृद्धि को लेकर उम्मीदें जग रही हैं।

चाहे आप इसे पसंद करें या नहीं लेकिन इसका श्रेय 2014 के आखिर में पांच स्पष्ट निर्देश देने के लिए प्रधानमंत्री को दिया जाना चाहिए जिन निर्देशों के मुताबिक मुद्रास्फीति को कम रखना, राजकोषीय घाटे के स्तर को कम करना, विदेशी मुद्रा भंडार तैयार करना, कर प्रणाली में सुधार और बैंकों को संरक्षित किया जाना था। उन्होंने भले ही इन उपायों के अर्थशास्त्र को नहीं समझा होगा, लेकिन उन्हें इन कदमों के राजनीतिक निहितार्थों की पूरी जानकारी थी। कृषि कानूनों को वापस लेने के उनके फैसले से यह साबित होता है कि वह सिर्फ एक ही आयाम में सब कुछ देखते हैं और वह है राजनीति। बेशक इससे कभी-कभी मदद मिलती है लेकिन हमेशा नहीं। 2014 के मूल निर्देशों को लगभग पूरी तरह से लागू किया गया है भले ही वह दोषपूर्ण ही क्यों न हो। अब इसका असर दिखने का दौर है, बशर्ते राजनीति फिर से हावी न हो जाए।अगर कांग्रेस द्वारा भूमि और श्रम से जुड़े जरूरी सुधारों को अवरुद्ध नहीं किया गया होता तो इसमें कम ही समय लगता। लेकिन शंका में रहने और सुधारों को स्थगित करने के लिए प्रधानमंत्री भी समान रूप से उतने ही दोषी हैं क्योंकि वह अधिक जोखिम उठा सकते थे। उन्होंने कृषि कानूनों को निरस्त करने के साथ फिर से ऐसा ही कदम उठाया है। एक सुधारक के रूप में उनकी विश्वसनीयता की राह में अब रोड़ा आ चुका है क्योंकि उन्हें उत्तर प्रदेश और अन्य राज्यों में चुनाव जीतने की भी जरूरत है। उत्तर प्रदेश हर लिहाज से महत्त्वपूर्ण हो सकता है लेकिन अधिकांश राज्यों पर यह बात लागू नहीं हो सकती है। सुधार के फैसले बदलने का रुख अब इससे अधिक नहीं होना चाहिए क्योंकि अगर आप इस पर विचार करने के लिए ठहरते हैं तो अर्थव्यवस्था फिर से उसी स्तर पर वापस आ सकती है जहां यह 2003 में थी। भारत उस वक्त एक विमान की तरह था जो रनवे के आखिर में उड़ान भरने की प्रक्रिया शुरू करने के लिए इंतजार कर रहा था। इसके बाद अर्थव्यवस्था ने उड़ान भी तब तक भरी जब तक वित्त मंत्री प्रणव मुखर्जी के आने के बाद 2010-2013 के बीच इसकी स्थिति खराब नहीं हुई। उन दिनों जो कुछ भी गलत हो सकता था, वह सब गलत ही हुआ।

## आर्थिक

भाजपा के पास अब वही मौका है जैसा मौका इसके पास 2003 में था लेकिन 2004 में इसे कांग्रेस के हाथों वह मौका गंवाना पड़ा था। इसके लिए सोनिया गांधी की अच्छी किस्मत का हवाला भी दिया जा सकता है जिसके चलते छह महीने पहले जल्दी चुनाव कराने का फैसला लेने वाली भाजपा को पांच साल का कार्यकाल पूरा करने का इंतजार करने के लिए मजबूर होना पड़ा।

संस्थापक
**स्व. डॉ अभय कुमार सिंह**
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
**मंजू सिंह**
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
**अविनाश ठाकुर***
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### महिलाओं ने देखी द केरला स्टोरी



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** आजसू पार्टी के प्रखंड सचिव विश्वरंजन सिन्हा के सौजन्य से क्षेत्र की सनातनी माता-बहनों को जनता टॉकीज भुरकुंडा में गुरुवार को द केरला स्टोरी फिल्म दिखाया गया। मोके पर विश्वरंजन सिन्हा ने कहा की फिल्म दिखाने का उद्देश्य सनातनी बहनों को जागरूक करना है। नई पीढ़ी अपनी संसति को लेकर जागरूक हो इसी मकसद से फिल्म दिखाया गया है। मौके पर पंकज कुमार, अमित शर्मा, श्रवण कुमार सहित दर्जनों महिलाओं ने फिल्म देखा।

### हज पर जानेवालों को दी गई ट्रेनिंग

रामगढ़। हज कमेटी रांची के आदेशानुसार गुरुवार को मदरसा मजहरे हसनात जामा मस्जिद गोलपर रामगढ़ में एक दिवसीय हज प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता मौलाना हाजी कलीमुद्दीन रिजवी ने किया। मौके पर 2023 में हज में जाने वाले हज यात्रियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान हज यात्रियों को मौलाना हाजी अबुल कलाम औरंगाबाद ने घर से लेकर एयरपोर्ट जेद्दा, मक्का मदीना, सफा, मरवा कार्यों को पूरा करने को लेकर जानकारी दी। रांची से आए सरफराज ने भी विस्तार पूर्वक हज के अरकान को बताया। इस वर्ष 109 हज यात्री हज पे जाएंगे। प्रशिक्षण का संचालन कारी मुस्ताक अहमद रजवी ने किया। उन्होंने बताया की इस बार सऊदी रियाल भारतीय स्टेट बैंक रामगढ़ से ही लेना होगा। इसकी सुविधा उपलब्ध है। प्रशिक्षण के बाद हाजियों का टीकाकरण किया गया।

### कुजू गुरुद्वारा में आज से शुरू होगा पाठ

**कुजू।** शहीदों के सरताज श्री गुरु अर्जुन देव जी महाराज के शहीद दिवस को लेकर कुजू स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा कुजू द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसके तहत 12 से 22 मई तक अपराह्न 4 से 5 बजे तक स्त्री सतसंग द्वारा सुखमणि साहिब जी का पाठ किया जाएगा। 23 मई को पूर्वाह्न सुखमणि साहिब जी के पाठ की समाप्ति के उपरांत चना-शरबत का प्रसाद वितरित किया जाएगा। उक्त आशय की जानकारी गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा कुजू द्वारा दी गई।

### श्री अग्रसेन स्कूल में म्यूजिक कंसर्ट



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** श्री अग्रसेन स्कूल, भुरकुंडा में गुरुवार को ड्रम सर्किल म्यूजिक कंसर्ट हुआ। ड्रम, डांस, डायलग थीम पर आधारित यह आयोजन आइआइएम रांची के प्रो गौरव मराठे की देखरेख में संपन्न हुआ। ड्रम सर्किल में आइडियाट इंस्पायर इग्नाइट फाउंडेशन रांची के निदेशक सह टेडएक्स कांके के क्यूरेटर राजीव गुप्ता और प्रीति गुप्ता ने सभी को ड्रम बजाने का तरीका बताया। कार्यक्रम में प्रत्येक बैच में एक साथ करीब सौ शिक्षक और विद्यार्थी शामिल हो रहे थे। ड्रम सर्किल की शुरुआत में बच्चे और शिक्षको में ड्रम बजाने के प्रति दिख रही झिझक पल भर में ही दूर हो गई। उसके बाद अद्‌भुत समा बंधा। पूरा माहौल हैप्पीनेस से भर गया।

### केरेडारी में खतियानी दौड़ आयोजित

**केरेडारी।** दौड़ेंगे हम दौड़ेंगे आप दौड़ेगा झारखंड खतियानी दौड़ गुरुवार को हुआ। दौड़ बड़कागांव विधानसभा अंतर्गत हरली से होरम मोड़ होते हुए बड़कागांव मह टिकरा से केरेडारी प्रखंड के गर्रीकला पतरा कलां होकर हेवई गांव तक कुल 21किलोमीटर का खतियानी दौड़ कार्यक्रम सिल्ली के पूर्व विधायक अमित कुमार महतो की अगुवाई में सैकड़ों की संख्या में लोगों ने दौड़ में भाग लिया। दौड़ कार्यक्रम के माध्यम से सरकार की गलत स्थानीय नीति के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। साथ ही खतियान आधारित स्थानीय नीति और नियोजन नीति लागू करने की मांग की गई! आज के समय में जहां सभी पक्ष और विपक्ष के नेता झारखंडी जनभावनाओं के साथ केवल खेलने में लगे हैं वहीं एक बागी विधायक सरकार की गलत नीतियों के विरोध करने का सबसे नयाब तरीका अपनाया है! जिसके अंतर्गत प्रतिदिन एक विधानसभा से 21किलोमीटर दौड़ रहे हैं और लोगों को जागरूक करने का प्रयास कर रहे हैं। यह देखने सुनने और चर्चा करने में जितना सरल प्रतीत होता है, वह इतना सरल है नहीं, एक दिन किसी राजनेता के लिए 21किलोमीटर दौड़ना भी मुश्किल है। परंतु इस गर्मी, बरसात और प्राकृतिक भिन्नताओ को झेलते हुए लगातार आज 90 वां दिन अमित महतो के द्वारा बड़कागांव विधानसभा में संपन्न हुआ! कुल 129 दिनों तक 4 महीना 9 दिन अपने परिवार, बच्चों से अलग रहकर इस मिशन को पूरा करने में लगे हैं। आखिर क्यों ताकि हम सब जाग सकें, सरकार की गलत नीतियों को समझ सकें एवं अपनी और आने वाली पीढ़ी के लिए भविष्य को सुरक्षित कर सकें। उक्त आशय कि जानकारी हेवई पंचायत के पंचायत समिति सदस्य साजन कुमार पक्सवान ने उक्त कार्यक्रम के दौरान दी है! दौड़ कार्यक्रम का नेतृत्व पंचायत समिति सदस्य साजन पासवान राजकिशोर चौधरी अमरेश सिंह संजीत वर्मा प्रणव कुमार गौतम कुमार दिनेश पासवान शंकर पांडे रविंद्र कुमार लोकेश कुमार कुणाल कुमार बिकास कुमार विजय कुमार किट्टी कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।

### कोयले के अवैध खादान पर चला बुल्डोजर

केरेडारी। केरेडारी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कंडाबेर और बरियातू गांव के जंगल के सीमा पर स्थित खावा जंगल में संचालित कोयले के अवैध खादान पर केरेडारी पुलिस ने बुल्डोजर चलाकर खादान को भर दिया है। इस संदर्भ में मिली जानकारी के अनुसार उक्त गांव में कोयले का अवैध खादान चलाकर कोयले का अवैद्य कारोबार संचालित किए जाने की सुचना स्थानीय पुलिस को मिल रही थी। जिसे पुलिस ने गंभीरता से लेते हुए खादान पर डोजरिंग किया है। जानकारी के अनुसार कोयले का अवैद्य कारोबार लंबे समय से चल रहा था। जिसमें स्थानीय स्तर पर कोयला माफिया कोयले का उपयोग ईट भट्ठा में किया करते थे। जिसे पुलिस ने नष्ट कर कोयला तस्करों की कमर तोड़ दी।

## हुटपा पंचायत भवन में राज्यपाल ने ग्रामीणों से किया संवाद, कहा

# मेहनत व समर्पण से अर्जित उपलब्धि होती है स्थायी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने गुरुवार को हजारीबाग के राजकीय प्राथमिक विद्यालय हुटपा में बच्चों से संवाद स्थापित करते हुए मध्याह्न भोजन की जानकारी ली और बच्चों को मन लगाकर पढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। राज्यपाल श्री राधाकृष्णन ने बीएसएफ मेरू कैम्प, हजारीबाग में आयोजित दीक्षांत परेड समारोह में भाग लेने के बाद हुटपा, हजारीबाग स्थित पंचायत भवन जाकर वहां ग्रामीणों से संवाद स्थापित किया। उन्होंने सखी मंडल की महिलाओं की सामाजिक-आर्थिक स्थिति की जानकारी प्राप्त की। राज्यपाल ने कहा कि पति-पत्नी एक ही गाड़ी के दो पहिये होते हैं, दोनों को एक-दूसरे का साथ देना चाहिये।

**नशापान जैसी बूरी आदतों से दूर रहें :** उन्होंने कहा कि सभी लोगों को केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के प्रति जागरूक रहना चाहिये तथा आय का सदुपयोग करना चाहिये, आमदनी को प्राथमिकता के आधार पर खर्च करना चाहिये तथा नशापान जैसी बूरी आदतों से दूर रहना चाहिये। उन्होंने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए ग्रामीणों से बच्चों को शिक्षित करने के लिए विशेष ध्यान देने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में भी कई योजनाएं हैं। उन्होंने लोगों से लड़ाई -झगड़े से दूर रहने को कहा। किसी प्रकार की विवाद हो तो मिल-बैठकर बातचीत कर समाधान निकालना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी योजना का लाभ प्राप्त करने में समस्या आ रही हो तो लोग जिला प्रशासन व जन-प्रतिनिधि से संपर्क स्थापित कर योजना का लाभ प्राप्त करें। इस क्रम में ग्राम के मुखिया की अहम भूमिका है। राज्यपाल ने ग्रामीणों से झारखण्ड राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, मनरेगा, दिव्यांग पेंशन योजना, बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर योजना आदि की जानकारी प्राप्त की।

**▸▸ पति-पत्नी एक ही गाड़ी के दो पहिये होते हैं, दोनों को एक-दूसरे का साथ देना चाहिये : राधाकृष्णन**



**जिन लाभुकों को योजना का लाभ नहीं मिला उन्हें तुरंत लाभ दें :** इस अवसर पर राज्यपाल द्वारा मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, राशन कार्ड, वृद्धा पेंशन योजना, प्रधानमंत्री कृषि योजना, ट्राई साईकल योजना के लाभुकों के मध्य परिसंपत्ति का वितरण किया गया। इसके उपरांत राज्यपाल राजकीय प्राथमिक विद्यालय, हुटपा, हजारीबाग जाकर बच्चों से संवाद स्थापित करते हुए मध्याह्न भोजन के संदर्भ में जानकारी प्राप्त की तथा बच्चों को मन लगाकर पढ़ने को प्रोत्साहित किया। उन्होंने पाकशाला का निरीक्षण किया तथा वहां उपस्थित ग्रामीणों से संवाद स्थापित किया। मौके पर राज्यपाल ने उपायुक्त से कहा कि आवास योजनान्तर्गत जिन लाभुकों को लाभ प्राप्त नहीं हुआ है, उन्हें शीघ्र ही योजना के लाभ से आच्छादित करें।

इसके उपरांत राज्यपाल हजारीबाग सदर प्रखंड के नयाखाप पंचायत गये। मौके पर उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों से उज्जवला योजना, आवास योजना के संदर्भ में पृच्छा करते हुए कहा कि कितने लोगों को लाभ प्राप्त हुआ है एवं किन्हें चाहिये? उन्होंने कहा कि जिन लाभुकों को आवास योजना का प्राप्त नहीं हुआ है, वे ग्राम सभा के माध्यम से आवेदन दें, ताकि अग्रेतर कार्रवाई हो सकें। उन्होंने केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा स्वास्थ्य के क्षेत्र में संचालित योजना के संदर्भ में पृच्छा की। राज्यपाल ने कौशल विकास के संदर्भ में भी जानकारी प्राप्त की।

# 1500 छात्राओं ने देखी द केरल स्टोरी

**छात्रों के उत्साहवर्धन को सिनेमा हॉल पहुंचे सदर विधायक मनीष जायसवाल**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और बजरंग दल के आवाह्न पर जिले के प्लस टू स्कूल और विभिन्न कॉलेजों की करीब 15 सौ से अधिक छात्राओं न गुरुवार को फिल्म द केरल स्टोरी देखी। हजारीबाग के लक्ष्मी सिनेप्लेक्स सभागार में लक्ष्मी चित्र मंदिर में दिन का पहला शो सभी ने सामूहिक रूप से देखा। फिल्म देखने पंहुची युवतियों में एक प्रकार का ललक देखा गया जो अपने धर्म और संस्कृति के प्रति जागृत होने का सकारात्मक परिचायक है। कड़ी धूप और प्रचण्ड गर्मी के बावजूद इस सच्ची घटना पर आधारित सिनेमा ने सिनेमा हॉल पहुंचने को विवस भी किया।



सिनेमा देखने पहुंची सभी युवतियों और माताओं को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने हाथ जोड़कर मुख्य द्वार पर अगवानी किया। बड़े ही अनुशासित ढंग से सभी दर्शकों ने 3 घंटे के इस ज्ञानवर्धक फिल्म का आनंद उठाया। इस दौरान सभी दर्शकों के लिए अल्पाहार का भी उचित व्यवस्था संघ द्वारा किया गया। पहले शो में करीब 1200 और दूसरे शो में करीब 300 युवतियों ने यहां द केरल स्टोरी मूवी देखी। मूवी के रिव्यू में सभी ने सामूहिक रूप से एक बात बताई की फिल्म का लास्ट डायलॉग मन को बहुत तकलीफ दे गया की बाबा आपने हमें धर्म की शिक्षा क्यों नहीं दीऱ। फिल्म संचालन के दौरान हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल लक्ष्मी सिनेप्लेक्स परिसर पहुंचे और सिनेमा देख रही माताओं/बहनों का उत्साहवर्धन करते हुए धर्म परिवर्तन के खिलाफ चल रहे आतंकी मंसूबे को समझने का सभी से अपील किया। संघ की ओर से दर्शकों की उचित व्यवस्था में जुटे संघ के सक्रिय स्वयंसेवक सह समाजसेवी श्रद्धानंद सिंह, संघ के प्रांत शारीरिक प्रमुख कुणाल जी, विभाग प्रचारक आशुतोष जी, वरिष्ठ कार्यकर्ता अनिल जी सहित बजरंग दल के जिला संयोजक प्रशांत सिंह सहित अन्य गणमान्य लोगों ने सराहनीय भूमिका निभाई। समाजसेवी श्रद्धानंद सिंह ने बताया की हमारे देश की बहन/ बेटियों का ब्रेनवाश कर पाश्चात्य संस्कृति से निभाते हुए उनका दुरुपयोग कर आतंकी धर्म परिवर्तन कराते हैं। केरल की ऐसी ही एक सच्ची घटना पर आधारित यह फिल्म ऱद केरल स्टोरीऱ आतंकी षडयंत्रों को उजागर करता है और हमें अपनी धर्म के प्रति जागृत करता है। समाज के हर एक लोगों को यह फिल्म अवश्य देखनी चाहिए। बजरंग दल के संयोजक प्रशांत सिंह ने बताया कि ना सिर्फ. केरल में बल्कि विधर्मी देश के अन्य हिस्सों में भी ऐसे कुकृत्य को अंजाम देने में पीछे नहीं रहते हैं। हिंदुस्तान की सरजमी पर ऐसी घटना की पुनरावृत्ति ना हो इसलिए हर एक हिंदुस्तानी को जागृत करना आवश्यक है ।

### मजदूरों ने मुख्यमंत्री को फिर दिया पत्र

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** एस हैंडलिंग सिस्टम पीटीपीएसएस व पीवीयूएनएल पतरातू में पूर्व में कार्यरत 19 स्थायी ठेका कर्मियों ने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र सौंप पुनः यूपीएल के माध्यम से कार्य पर रखवाने को ले गुहार लगाई है।

पत्र में कहा है कि हमसभी 18 वर्षों से यहां कार्य कर रहे थें। 2017 में पीवीयूएनएल द्वारा नवनिर्मित प्लांट में 600 स्थायी मजदूरों व 19 एस हैंडलिंग सिस्टम के स्थायी मजदूरों को समायोजित करने की बात कही गई थी। छह वर्ष बीत जाने के बावजूद अभी तक हमलोगों को समायोजित नहीं किया गया। राज्य के आप्त सचिव द्वारा पुनः कार्य पर रखने का पत्राचार भी कंपनी से किया गया था, परंतु कंपनी उदासीन रही। प्रतिदिन नये लोगों को कंपनी यूपीएल के माध्यम से रोजगार दे रही है। हमसभी विस्थापित-प्रभावित के बावजूद इस रोजगार से वंचित हैं। मजदूरों ने मुख्यमंत्री से इस दिशा में सकारात्मक पहल करने की मांग की है। पत्र सौंपने वालो में मुमताज अंसारी, मनौवर अंसारी, एम खान आदि शामिल हैं।

### आज से हनुमान मंदिर का दो दिवसीय प्रथम वार्षिकोत्सव

**कुजू।** नया बाजार टांड कुजू स्थित श्री श्री पवनपुत्र हनुमान मंदिर का दो दिवसीय प्रथम वार्षिकोत्सव शुकवार से प्रारंभ होगा। उक्त आशय की जानकारी मंदिर समिति के अध्यक्ष सातो सिंह व सचिव चिंटू सिंह ने संयुक्त रूप से दी।

मौके पर उन्होंने बताया कि 12 मई को मंदिर में स्थापित श्री हनुमंत एवं सर्वदेव जी का प्रथम वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। जबकि स्थापित देवी देवताओं का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजार्चना और 13 मई को हवन, महाआरती के बाद भव्य भंडारा का आयोजन किया जायेगा। हनुमान मंदिर समिति के सदस्यों ने श्रद्धालुओं से वार्षिकोत्सव में शामिल होकर महाप्रसाद ग्रहण करने की अपील की है।

# ममता की प्रतिमूर्ति होती हैं मां : अवधेश सिंह

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पटेलनगर भुरकुंडा स्थित एसएससी कैंपस में अवस्थित अनमोल बचपन प्ले स्कूल में गुरूवार को मदर्स डे धूमधाम से समारोह पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्ले स्कूल के नन्हे-मुन्ने बच्चों व उनके अभिभभावकों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर की गई। इसके बाद माताओं के सम्मान में मां प्यारी मां गीत प्रस्तुत किया गया। मौके बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। समारोह में माताओं के लिए बैलून व चम्मच गेम सहित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को संस्था के निदेशक अवधेश कुमार सिंह ने उपहार देकर पुरस्कृत किया। मौके पर निदेशक अवधेश कुमार सिंह ने कहा कि बच्चों के कामयाबी की पहली सीढ़ी मां ही होती है। बच्चों का जीवन संवारने में मां का अहम रोल होता है। उन्होंने कहा कि बच्चे के लिए सबसे पहली शिक्षिका उसकी मां होती है। मां ममता, त्याग एवं दया की प्रतिमूर्ति होती है। निदेशक श्री सिंह ने कहा कि मां के समर्पण का मूल्य चुकाना संभव है। मां की ममता और पिता का अनुशासन किसी भी मनुष्य के व्यक्तित्व को बनाने में अहम भूमिका निभाता है।



**प्लेस्कूल में मना मदर्स डे**

# एथलेटिक्स में चार खिलाड़ियों का चयन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

भुरकुंडा (रामगढ़)। भुरकुंडा के चार एथलेटिक्स खिलाड़ियों का राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। इससे खेल प्रशिक्षक कंचन दास, चयनित खिलाड़ियों के माता-पिता, अभिभावकों सहित क्षेत्रवासियों में हर्ष का माहौल है।

मालूम हो कि चयनित चारो खिलाड़ी श्रृष्टि, आस्था, अनीष व आशीष ए ला एंगलाइज विद्यालय के छात्र-छात्राएं हैं। ये सभी खेल सेंसाई कंचन दास से महात्मा गांधी उच्च विद्यालय में योग, कराटे व अन्य खेलों का प्रशिक्षण लेकर इसका मुकाम को हासिल किए हैं। मौके पर कंचन दास ने बताया कि 7 मई को रजरप्पा के डीएवी मैदान में इन चारो खिलाड़ियों का राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। खिलाड़ियों के चयन पर बिरसा चौक भुरकुंडा स्थित महात्मा गांधी उच्च विद्यालय में मुख्य अतिथि सुंदरनगर पंचायत के मुखिया व्यास पांडेय व भुरकंडा पंचायत के मुखिया अजय पासवान ने चारों प्रतिभागियों को मेडल देकर सम्मानित किया। मौके पर मुखिया व्यास पांडेय व अजय पासवान ने कहा कि खेल-कूद जीवन का अभिन्न अंग होता है। इससे शारीरिक व मानसिक विकास तो होता ही है यह हमें अनुशासन की भी सीख देता है। उन्होंने कहा कि बेहतर प्रदर्शन कर खेलो में भी कैरियर बनाया जा सकता है। मौके पर प्रशिक्षक कंचन दास ने बताया कि चयिनत चारो खिलाड़ी आगामी 27 एवं 28 मई को रजरप्पा में होने वाले राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भाग लेंगे। साथ ही अपने प्रतिभा का लोहा मनवायेंगे।



**27 व 28 मई को रजरप्पा में होने वाले प्रतियोगिता में लेंगे भाग**

## एक नजर में

### विधायक ने महिलाओं को दिया ट्रैक्टर



बरही। विधायक उमाशंकर अकेला ने कृषि पशुपालन सहकारिता विभाग की ओर से प्रखण्ड कार्यालय परिसर में कृषि यंत्रीकरण योजना के तहत मिनी ट्रैक्टर एवं रोटावेटर का वितरण स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के बीच किया। प्रखंड के 3 स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के बीच ट्रैक्टर रोटावेटर दिया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए बीडीओ सीआर इंदवार व सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो ने बताया कि बरही प्रखंड से कुल तीन महिला स्वयं सहायता समूह को ट्रैक्टर दिया गया है।विधायक श्री अकेला ने महिला समूह की दीदियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि कृषि क्षेत्र में महिला समूहों की भागीदारी बढ़ाने के लिए राज्य सरकार ने नई पहल की है। इस पहल के तहत महिलाओं के स्वयं सहायता समूहों के बीच मिनी ट्रैक्टर के वितरण की शुरूआत हुई है। कहा कि हेमंत सोरेन सरकार का यह कदम महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है।इससे कृषि क्षेत्र में क्रांतिकारी कदम साबित होगा। महिलाएं स्वावलंबी बनकर आत्मनिर्भर की दिशा में बढ़ेगी। मौके पर जेएसएलपीएस बीपीएम दीपक कुमार, प्रखंड कृषि पदाधिकारी आजाद सिंह, करियातपुर मुखिया मनोज कुमार, कांग्रेस नेता मो वारिश अंसारी, देवचंद यादव, रामानंद यादव, बिरेंद्र यादव, अशोक सिंह, राजू राणा, नरेश सिंह, मो आसिफ, अताउल्ला, चेतन यादव, रीतलाल रजक सहित दर्जनों महिला स्वयं सहायता समूह की दीदी व प्रखण्ड सह अंचल कर्मी मौजूद थे।

### गुजरात पहुंचे हजारीबाग शिक्षक संघ प्रतिनिधि

**टाटीझरिया।** 11 से 13 मई तक गांधी नगर गुजरात में अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रस्तावित 29 वे द्वि वार्षिक सम्मेलन में भाग लेने के लिए झारखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ हजारीबाग के जिला अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार दीपक के नेतृत्व में कई शिक्षक पहुंचे। संघ जिला अध्यक्ष ने कहा कि 11 से 13 मई तक सम्मेलन किया जाना है। जिसका मुख्य अतिथि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी होंगे।राष्टीय स्तर पर शिक्षको के सम्मेलन में शिक्षा से सबंधित राष्ट्रीय शिक्षा नीति ओल्ड पेंशन स्कीम बेहतर शिक्षा व्यवस्था पर राष्टीय स्तर से चर्चा होगी।इस सम्मेलन में कई केंद्रीय मंत्री भी शिक्षको के बीच अपना विचार प्रकट करेंगे।

### मृतक के पिता ने एसपी को दिया आवेदन

**टाटीझरिया।** झरपो गांव के मोहनिया निवासी नरेश राणा की पुत्री उम्र लगभग 16 वर्षीय लक्ष्मी कुमारी दिल्ली से झरपो अपने परिवार संग आने के क्रम में एक अज्ञात डीजे साउंड से लदा पिकअप वैन द्वारा उरवा मोड़ में टेंपू को पीछे से टक्कर मारने के दौरान घटना स्थल पर ही मौत हो गई थी। यह घटना कई हिंदी दैनिक अखबारो मे प्रकाशित किया गया। मृतक के पिता नरेश राणा ने चंदवारा थाना में कांड संख्या -37/2023 वर/289/337/338/304 अभादवि के तहत लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाया गया। लेकिन थाना प्रशासन के द्वारा उक्त घटना में दोषियों को खोज बिन संबंधी मामले को संज्ञान में नहीं लेने की स्थिति में मजबूर हो एक पिता ने अपनी मृतक पुत्री के न्याय की गुहार लगाते हुवे कोडरमा एसपी को न्याय के लिए लिखित आवेदन देकर दोषियों पर कार्यवाही करने की अपील किया। नरेश राणा ने टेंपू चालक पर आरोप लगाया है की घटना टेंपू ड्राइवर की लापरवाही से हुआ है। टेंपू ड्राइवर ने रास्ते में कोई पैसेंजर नही बैठाने के शर्त पर हमलोग टेंपू में बैठे थे। जो रास्ते में बैठाता ही चला गया। श्री राणा ने यह भी कहा की मृतिका के पिता चाचा परिजनो संग समाज सेवियों ने बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव से न्याय के लिए मुलाकात किया। विधायक ने पीड़ित परिवार को न्याय दिलवाने की आश्वासन दिया।

### बार एसोसिएशन ने पदाधिकारियों ने लिया शपथ



**बरही।** बार एसोसिएशन संघ बरही कार्यालय में नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाया गया। कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता व संचालन राजेंद्र राणा ने किया। जिसमें सभी नवनिर्वाचित सदस्यो का स्वागत माला पहनाकर एवं बुके देकर किया गया। जिसमें अध्यक्ष झारखंडी साहा, उपाध्यक्ष उदय सिन्हा, सचिव राज कुमार प्रसाद, उपसचिव रामचंद्र साव, कोषाध्यक्ष राधेलाल चौधरी एवं कार्यकारिणी सदस्यों में अधिवक्ता सुजीत कुमार, रामचंद्र चौधरी, रामक्रित सिंह, राजेश चौधरी, बैजनाथ प्रसाद, सुशील सिंह को बार के चुनाव अधिकारी सत्यश्रण प्रसाद ने शपथ दिलाई। सभी नवनिर्वाचित सदस्यो ने अपने अपने विचार रखा। धन्यवाद ज्ञापन अधिवक्ता डॉ सुनील दत्ता ने किया। मौके पर बार के पूर्व अध्यक्ष ए के ओझा, भारत भूषण, संजय सिंह, मोहित कुमार, अधिवक्ता मिथिलेश, अधिवक्ता रवि शंकर सहित सभी अधिवक्ता समाज के दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

### भक्ति जागरण में जमकर झूमे श्रोता

**दारू।** मेडकुरी कला में बुधवार को पांच दिवसीय रूद्र महायज्ञ का समापन हुआ। इस अवसर पर रात्रि में भक्ति जागरण में भक्ति गीतों पर श्रोता रात भर झूमते रहे। धनबाद से आई भक्ति जागरण की टीम में शामिल एक से बढ़कर एक गायकों और मनमोहक झांकी की प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया।जागरण टीम में शामिल कलाकार आनंद पांडे, सरिता पांडे, नित्या सिंह,खोरठा कॉमेडियन दिलीप वर्मा, मुख्य अतिथि के रूप में हिंदू राष्ट्र संघ के प्रदेश अध्यक्ष शशि भूषण केसरी, अमरेश गणक, मेडकुरी पंचायत की मुखिया भोला तूरी को यज्ञ समिति के द्वारा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की शुरूवात में गायक आनंद पांडेय ने जय गणेश की भजन पर लोगो को जमकर झुमाया। भक्ति गीतों के बीच एक से बढ़कर एक झांकी प्रस्तुत की गई जिसमें दर्शको को जमकर झुमाया।मां काली पर कई सुंदर झांकियां प्रस्तुत की गई। खोरठा कॉमेडियन दिलीप बर्मा ने लोगों को खोरठा कॉमेडी पर खूब हंसाया। यज्ञ के सफल आयोजन व जागरण कार्यक्रम के सफल आयोजन में यज्ञ समिति अध्यक्ष तुलेश्वर पांडे, नवयुवक संघ अध्यक्ष उमेश कुमार, सचिव संजय शर्मा, उपाध्यक्ष मंटू कुमार, सूरज कुमार, बबलू साव, विकास कुमार पांडे, नितेश कुमार, पिंटू पांडे ,राहुल कुमार, गणेश पांडे, संतोष सिंह , मिथिलेश यादव, सुबोध प्रसाद,गणेश पांडे, शेखर प्रजापति आदि का सहयोग सराहनीय रहा।

### महायज्ञ को लेकर किया गया ध्वजारोहण

**कटकमसांडी।** प्रखंड के ग्राम सुलमी मैं शतचंडी महायज्ञ को लेकर आज ध्वजारोहण किया गया जिसमें आचार्य नरेश पांडेय उपाचार्य प्रफुल पांडेय के साथ ग्रामीण भी मौजूद रहे । श्री श्री 1008 शतचंडी श्री दुर्गा एवं श्री हनुमान महायज्ञ का प्रथम वार्षिक महोत्सव किया जा रहा है । यह यज्ञ 22 मई से 30 मई तक चलने वाला है। इस नव दिवसीय महायज्ञ को लेकर ग्रामीणो में काफी उत्साह देखी जा रही है । ध्वजारोहण के पश्चात ग्रामीणों ने ध्वजा एवं ढोल नगाड़े के साथ गांव का भ्रमण किया।

### प्रधानमंत्री आवास लाभुक दिवस मनाया गया

केरेडारी। गुरुवार पंचायत सचिवालय पाण्डु में प्रधान मंत्री आवास लाभुक दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पाण्डु ग्रामपंचायत मुखिया सकीबा खातून और संचालन बीएफटी राजीव कुमार ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पंचायत के मुखिया सकीबा खातून बी एफ टी राजीव कुमार संयुक्त रूप से कहा कि अगामी 30 जून 2023 तक प्रधान मंत्री आवास को यथा संभव पुर्ण करें! निर्धारित समय पर आवास पुर्ण नही होने पर लाभुक को कानूनी प्रक्रिया से गुजरना पड़ सकता है। इसके लिए प्रखंड बिकास पदाधिकरी कार्यालय से अधिसूचना भी जारी हो चुका है। सरकार के पी एम आवास के लाभ को पुर्ण कर सरकार द्वारा संचालित अन्य और योजनाओं लाभ लेने के पात्र बने! कार्यक्रम में रामभजन राम, रामचंद्र राम समेत अन्य महिला पुरुष उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## दुपट्टा के फंदे से फांसी लगा कर युवती ने की आत्महत्या



**बुढ़मू।** बुधवार रात में बुढ़मू थाना क्षेत्र के उमेडंडा निवासी अजय नायक की बेटी मधुमिता कुमारी (19 वर्ष) ने हाथ का नस काटकर एवं दुपट्टा से फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। जानकारी के अनुसार मधुमिता रात में करीब 11 बजे खाना खाकर सोई थी। सुबह में जब वह नहीं उठी तो उसकी मां मधुमिता को उठाने गयी और तब भी दरवाजा नहीं खोलने परिजनों ने दरवाजा तोड़ दिया तो देखा कि मधुमिता ने दुपट्टा को फंदा बनाकर आत्महत्या कर लिया है। तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी गयी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। मौके पर से पुलिस को सुसाईड नोट मिला जिसमें अपनी मौत को जिम्मेवार खुद को बताया।

## सड़क दुर्घटना में बाइक सावर घायल

**ओरमांझी।** थाना क्षेत्र के ओरमांझी गोला रोड में एक सड़क दुर्घटना में एक बाइक सवार घायल हो गया। घटना के संबंध में बताया गया कि खलारी निवासी युवक विकास उरांव अपने लाल रंग की अपाची बाइक जेएचव1ईआर-2495 में सवार हो गोला से रांची की ओर जा रहा था। जैसे ही थाना क्षेत्र के पझरापानी के पास पहुंचा। एक अज्ञात ट्रक ने बाइक को पीछे से ठोकर मार दिया। जिससे युवक बाइक सहित रोड में फेका गया। उसकी बाइक छतिग्रस्त हो गई। वहीं युवक को गंभीर चोट लगी। युवक खलारी का था और इधर ओरमांझी क्षेत्र में भी एक गांव का नाम खलारी है। वहीं खलारी के लाल रंग का बाइक की दुर्घटना सून ओरमांझी खलारी के स्वजन परेषान रहे। बाद में पता चला की वह ओरमांझी खलारी का नही था। सूचना मिलने पर पहुंची ओरमांझी थाना पुलिस द्वारा घायल को उपचार के लिए इरबा स्थित क्रेस्टा ग्लोबल हॉस्पिटल में भती कराया गया। जहां के चिकित्सक डॉ आसीफ अंसारी ने बताया युवक की हालत खतरे से बाहर है। पुलिस द्वारा दुर्घटना ग्रस्त बाइक को कब्जे में ले लिया गया है।

## बेड़ो : बिजली चोरी को लेकर सात ग्रामीणों पर प्राथमिकी

**बेड़ो।** बकाया बिजली बिल वसूली व चोरी रोकने के उद्देश्य को लेकर गुरुवार को विभाग द्वारा चनगनी गांव में छापामारी की गयी। इस दौरान सात उपभोक्ताओं रोशन तिर्की पिता मंगरा तिर्कीए सुखदेव गोप पिता देवपुजन गोपए तेम्बा उरांव पिता धुचु उरांवए सज्जाद अंसारी पिता कासिम अंसारीए मुमताज अहमद पिता अब्दूल रसिद सभी चनगनी गांव निवासी को अवैध रूप से बिजली का उपभोग करते पाया गया। इन सबों के विरुद्ध अर्थदंड के साथ बेड़ो थाना में कनिय अभियंता राजेंद्र प्रसाद चौधरी द्वारा प्राथमिकी दर्ज करायी गयी। छापामारी अभियान में विभाग के कंनिय अभियंता राजेंद्र प्रसाद चौधरी के साथ सुखनाथ सिंहए सहित विभाग के कई अन्य कर्मी शामिल थे।

## असामाजिक तत्वों ने पुआल में लगायी आग

**पिठोरिया।** पिठौरिया थाना क्षेत्र के पिरुटोला मदरसा मुहल्ला निवासी किसान कलाम अंसारीए मकबूल अंसारी के खलियान में रखें पुआल सुबह करीब 10 बजे जलकर खाक हो गई। किसान कलाम अंसारी और मकबूल अंसारी ने बताया कि हम लोग मवेशी पालते हैं जिसके लिए पूरे साल भर के लिए मवेशियों को खिलाने के लिए पुआल इकट्ठा करके रखते हैं। लेकिन असामाजिक तत्वों के द्वारा आज सुबह आग लगा दी गई। जिससे पूरा पुवाल जलकर खाक हो गया। इस मोहल्ले में हमेशा नशेड़ीओ का अड्डा रहता है। और वह खलिहान के पास गांजा का सेवन करते हैं। आशंका है कि उन्ही लोगो के द्वारा यह आग लगा दी गई है।

# भीड़ ने चोरी के आरोपी युवक को पीट-पीट कर मार डाला

### आठ लोग गिरफ्तार, थाना में हो रही है पूछताछ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**ओरमांझी।** थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती गांव होरेदाग में उन्मादी भिड़ द्वारा एक 35 वर्षीय युवक को पिट-पिटकर हत्या कर दिया गया है। मृतक की पहचान गांव के ही किशुन सिंह खरवार को बेटा मिथुन सिंह खरवार के रूप में हुई है। घटना बुधवार की देर रात दो से बजे बजे की है। बताया गया कि मिथुन सिंह खरवार की चोरी करने की आदत है। रात में गांव के नंदलाल मुंडा के घर चोरी करने गया था। घर वालों की इसकी भनक लग गई। छत में उसे देख हल्ला करने से आसपास के ग्रामीणों की भिड़ जमा हो गई। ग्रामीणों की भिड़ देख युवक आसपास के खपरपोस मकान के उपर से भागने लगा। ग्रामीणों ने दौड़ा कर उसे पकड़ा लिया। पहले उसकी जमकर पिटाई हुई फिर ग्रामीणों ने उसे रस्सी से बांध दिया। सूचना मिलने पर गुरूवार सुबह 10:30 बजे के करीब पहुंची ओरमांझी थाना पुलिस ने युवक बंधक को मुक्त कर उपचार के लिए सीएचसी ओरमांझी ले गई, तबतक उसकी मौत हो चूकी थी। पुलिस द्वारा शव का पंचनामा कर पोस्टर्मार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया। वहीं ओरमांझी पुलिस द्वारा गांव के आठ लोग को गिरफ्तार कर थाना ले गई। जहां गिरफ्तार लोगों से पुछताछ की जा रही है।

### चोरी का पुराना रिकार्ड था

घटना को लेकर ग्रामीण कुछ भी बोलने से बच रहे हैं। पूर्व मुखिया रमेशचंद्र उरांव के अनुसार मृतक युवक मिथुन सिंह खरवार का चोरी का पुराना रिकार्ड रहा है। मुर्गी, साईकिल, बाइक आदि चुरा लेता था। बाद में खर्चा पानी के नाम से पैसा लेकर चोरी का सामान लौटा भी देता था। मामला गांव से सुलझ जाने पर थाना में कभी मामला दर्ज नही कराया गई। बताया गया कि इससे लेकर कई बार गांव में बैठक भी हुई थी। जहां चोरी नही करने को व सुधर जाने को लेकर बार-बार चेतावनी भी दी गई थी। सूचना है कि घटना की रात युवक गांव के दो घरों का दरवजा भी तोड़ दिया था।

### दो दिन पूर्व हुई थी पिटाई

ग्रामीण व स्थानीय जन प्रतिनिधियों के अनुसार मिथुन सिंह मुंडा दो दिन पूर्व पिठोरिया थाना क्षेत्र के मोढ़ा गांव में हो रहे एक विवाह समारोह में किसी व्यक्ति की छह हजार रुपया चुराते पकड़ा गया था। वहां भी उसकी काफी पिटाई की गई थी। उसके चोरी करने की आदत से ग्रामीण काफी परेशान थे।

## किसानों को देख बाइक छोड़ वैन से भागे बिजली तार चोर

**मांडर।** बिजली की तार चोरी करने गए चोरों ने किसानों को आता देख बाइक छोड़कर वैन में भाग गए। घटना थाना क्षेत्र की बरगड़ी गांव के निकट हुड़ार टोंगरी में गुरुवार अहले सुबह की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुबह करीब पांच बजे चोरों को पोल से बिजली का तार काटते देख वहां मौजूद किसानों ने जब शोर मचाया तो चोर अपने वैन में चार पोल का तार समेट कर फरार हो गये लेकिन हड़बड़ी में उनकी एक बाइक जेएच 01ए एन. 0824ए वहीं पर छूट गयी। सूचना मिलने पर मांडर पुलिस ने बाइक को जब्त कर लिया है। ग्रामीणों के अनुसार चार से पांच की संख्या में चोर एक बाइक व वैन में टोंगरी के निकट बिजली का तार चोरी करने पहुंचे थे। कुछ पोल में चढ़कर सिंचाई के लिए लगाये गये बिजली का तार काट रहे थे जबकि कुछ नीचे उसे समेटने में लगे थे। इसी क्रम में वहां खेत मे पटवन कर रहे किसानों ने उन्हें देखा और चोर चोर का शोर मचाना शुरू कर दिया जिसके बाद चोर कटे तार को समेटकर वैन में लादकर फरार हो गये। पुलिस बाइक के आधार पर चोरों का पता लगाना शुरू कर दी है।

## रांची नगर निगम की इंफोर्समेंट टीम की वसूली का नहीं दिया हिसाब

### आरटीआई के तहत मांगी गई थी जानकारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** पुलिस की वर्दी पहन वसूली करने और प्राथमिकी दर्ज कराने को लेकर जब आरटीआई के तहत नगर आयुक्त को पत्र दिया गया, तो नगर आयुक्त ने जवाब न देकर सूचनादाता को 48 इंफोर्समेंट अधिकारी का नाम, नंबर सूची के साथ दे दिया। इस मामले में आरटीआई एक्टिविस्ट दीपेश कुमार निराला ने नगर आयुक्त को एक रिमाइंडर लेटर लिखा है। इसमें पुलिस की वर्दी पहनकर अवैध वसूली करने वालों पर कार्रवाई की मांग की है। दीपेश ने बताया कि एक आरटीआई आवेदन लगाकर रांची नगर निगम के जन सूचना पदाधिकारी सह सहायक नगर आयुक्त से रांची नगर निगम की इंफोर्समेंट टीम द्वारा इनकी नियुक्ति से लेकर अब तक पब्लिक से वसूले गए जुमार्ना राशि के संबंध में सूचना की मांग की थी। जिस पर सूचना दिया गया कि इंफोर्समेंट टीम द्वारा वसूला गया जुमार्ना राशि का सूचना रांची नगर निगम में संधारित नहीं है। उक्त आरटीआई में इंफोर्समेंट टीम की नियुक्ति का प्रावधान और इंफोर्समेंट टीम के लोगों द्वारा झारखंड पुलिस के समान हू-ब-हू खाकी वर्दी पहनने का प्रावधान एवं रांची की भूतपूर्व मेयर द्वारा प्राप्त विभिन्न शिकायतों के आधार पर इंफोर्समेंट टीम के पदाधिकारियों के कार्यों की समीक्षा उपरांत चिन्हित 12 लोगों पर कार्रवाई के निर्देश के आलोक में हुई कृत-कार्रवाई की सूचना की भी मांग की गई थी। लेकिन इन बिंदुओं पर कोई भी सूचना नहीं दी गई। केवल 48 इंफोर्समेंट ऑफिसर के नाम और उनको मिलने वाले मानदेय की सूचना प्राप्त हुई थी।

# विधायक के पहुंचने के पहले हो गया शिलान्यास

### ओरमांझी में शिलापट्ट और शिलान्यास पर विवाद, विधायक ने जेइ को लगाई फटकार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**ओरमांझी।** प्रखंड क्षेत्र में गुरूवार को तीन योजनाओं का शिलान्यास हुआ। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत 70 लाख की दडदाग से सरना टोली तक तीन किलोमीटर मरम्मत कार्य का शिलान्यास सांसद संजय सेठ व राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू द्वारा किया गया। बरवे बसाती में विधायक निधि से नुमान अंसारी के घर से बसाती बरटोली कब्रिस्तान तक पीसीसी पथ निर्माण व भेड़ा नदी के उद्‌गम स्थल पालु में छठघाट व पीसीसी पथ निर्माण का शिलान्यास विधायक राजेश कच्छप द्वारा किया गया। दड़दाग स्थित पथ मरम्मत योजना का शिलान्यास विधायक राजेश कच्छप के पहुंचने से पूर्व कर दिया गया। बाद में पहुंचे राजेश कच्छप ने नाराजगी जताई और जेई को फटकार भी लगाई। विधायक ने कहा विकास योजनाओं में राजनीति नहीं होनी चाहिए। सांसद व राज्यसभा सांसद बड़े भाई के सम्मान हैं। उन्हे बड़ा दिल भी दिखाना चाहिए। इससे पूर्व मैं भी घंटों इंतजार किया था। वहीं प्रमुख व उपप्रमुख का नाम शिलापट्ट में नही होने पर प्रमुख अनुपमा देवी व उपप्रमुख रिजवान अंसारी द्वारा भी नाराजगी जताई गई। इसे लेकर राज्यसभा सांसद आदित्स साहू ने कहा उनके अनुसंसा की योजना को उनकी उपस्थित के बैगेर विधायक द्वारा शिलान्यास करना कहां की नैतिकता है। शिलान्यास के दौरान जिप सदस्य सरिता देवी, शषि मेहता, विक्रांत तिवारी, आफताब आलम, अमरनाथ चौधरी, मनाकी राजेंद्र शाही, अशोक गुप्ता भाजपा मंडल अध्यक्ष दिलीप मेहता, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष तुलसी खरवार सहित दोनो पार्टी के कार्यकर्ता व आदि उपस्थित थे।



जेइ को फटकार लगाते विधायक राजेश कच्छप।

### शिलापट्ट से प्रमुख का नाम गायब

आदित्य साहू ने प्रमुख व उपप्रमुख का नाम शिलापट में नही होने पर संवेदक व विभाग के जेई को फटकार लगाई और कहा सभी जनप्रतिनिधियों को सम्मान मिलना चाहिए। नाम सुधार कर नया शिलापट लगाने के लिए भी कहा गया। बाद में आदित्य प्रसाद साहू ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विकास को अन्तिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। विभाग के जई व संवेदक को निर्माण कार्य में गुणवता का पालन करने के लिए कहा गया है।

## नेहालु में मनाया गया पीएम आवास लाभुक दिवस

**बेड़ो।** प्रखंड के पंचायत सचिवालय नेहालू में प्रधान मंत्री आवास लाभुक दिवस का मनाया गया। जहां पंचायत के मुखिया वीरेंद्र भगत ने प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मनरेगा लाभुकों को बुलाकर उनकी समस्याओं की जानकारी ली ताकि उनकी जो भी समस्या है उसका समाधान किया जा सके। उन्होंने कहा आपकी समस्याओ का होगा समाधान अब नहीं होगा कोई परेशान के तर्ज पर लंबित आवास योजनाओ को जल्द पूर्ण करने का दिशा.निर्देश दिया। बैठक में उप मुखिया जितिया उरांव वार्ड सदस्य बबलू लोहराएसन्नी उरांवएपंचायत सचिव करमू कांडिरएरोजगार सेवक करमू गोपए कनीय अभियंता सुरेश लिण्डाए मेठ सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

एक नजर में

## बेड़ो के पुरियो में ग्रामसभा का आयोजन



बेड़ो। बेड़ो प्रखंड के पुरियो के चुटुटोली गांव में गुरुवार को ग्राम प्रधान जयराम कच्छप की अध्यक्षता में विशेष ग्राम सभा आयोजन किया गया। ग्राम सभा में मुखिया नीरज कुजूर ने ओडीएफ प्लस पंचायतएस्वच्छ पंचायतए शौचालयएमनरेगा के अन्तर्गत चलनेवाली योजनाओं सहित अन्य कई अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई। मौके पर पंचायत के मुखिया नीरज कुजुर ने कहा कि अपने पंचायत क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराने में लगा हूं। समाज के हर क्षेत्र में हर तबके का विकास करना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। साथ ही गांवों के सामाजिक व आर्थिक विकास के लिए योजनाओं को बेहतर तरीके कार्य करना है। मौके पर पंचायत सचिव सनिका नाग वार्ड सदस्य सुषमा कुजूर संजय कच्छप सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

## डीएवी बचरा के बच्चों को मिला पुरस्कार



**पिपरवार।** डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता का आयोजन बुधवार को विद्यालय परिसर में समारोह आयोजित कर किया गया। इस प्रतियोगिता में कक्षा षष्ठ ब के छात्रा वैदेही रंजन प्रथम स्थानए कक्षा अष्टम अ के छात्रा कल्याणी गिरि दितीय स्थानएएवं कक्षा षष्ठ ब के छात्रा आयुषी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया स प्रतियोगिता में सफल छात्राओं को विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक आरबी प्रसाद ने प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया स श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता कार्यक्रम को विद्यालय के प्राचार्य राजीव रंजन झा ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों को पढ़ाई के अलावा अन्य गतिविधियों में भी बढ़ .चढ़कर भाग लेना एवं आगे भी इस तरह के प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने क्षेत्र और विद्यालय का नाम रोशन करने की अपील की गई स उन्होंने प्रतियोगिता में सफलता प्राप्त करने वाले छात्राओं के उज्जवल एवं मंगलमय भविष्य की कामना की स इस मौके पर विद्यालय के छात्र.छात्राएं सहित विद्यालय के सभी शिक्षक उपस्थित थे।

# ब्राइट होप्स स्कूल में पैरेंट्स मीटिंग

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मांडर।** हेशमी स्थित ब्राइट होप्स स्कूल में गुरुवार को एनुअल पेरेंट्स मीट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विधायक शिल्पी नेहा तिर्की उपस्थित हुई। उन्होंने अपने अभिभाषण में बच्चों को मोबाइल से दूरी बनाने तथा किताबों से दोस्ती करने की सलाह दी। साथ ही अभिभावकों को स्कूल मीटिंग के माध्यम से शिक्षकों से मिलने तथा बच्चों के संपूर्ण विकास में उन्हें सहयोग करने की सलाह दी। कार्यक्रम के दौरान पिछले सत्र की वार्षिक परीक्षा में सफल विद्यार्थियों को पुरस्कृत कर उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इस मौके पर स्कूल के निदेशक अनूप कुमार एवं दीपक कुमार सहित स्कूल के प्रबंधक गोबिंद साहू तथा विशिष्ट अतिथि नसीम अंसारीए सेरोफिना मिंजए मंगा उरांवए सुकरा उरांव स्कूल के सभी शिक्षक शिक्षिकाएंए अभिभावक और स्कूल के सभी बच्चे उपस्थित थे।

## बेड़ो : विधायक ने किया जरिया पंचायत का दौरा, सुनी समस्याएं

### ग्रामीणों संग विधायक की बैठक में लोगों को दी गयी सरकारी विकास योजनाओं की जानकारी

**बेड़ो।** मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने गुरूवार को बेड़ो प्रखंड के जरिया पंचायत के मुड़ामू हुलसी व मासु गांव का दौरा कर ग्रामीणों की समस्या सुनी। विधायक ने ग्रामीणों के साथ बैठकर कर गांवों की समस्याओ को सुनाए कुछ समस्याओ को तत्काल निदान कराया और कुछ समस्याओं का जल्द निष्पादन करा देने की बात कही। बैठक में विधायक ने झारखंड सरकार द्वारा लाये जा रहे नये-नये योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी। इधर ग्रामीणों से विधायक ने कहा कि सप्ताह में एक दिन ब्लॉक भी जाया करेए और योजनाओं की जानकारी ले। मौके पर जिला परिषद बेरोनिका उरांवए समशाद आलमए मोण फहीम आलमए मनकु कुजूरए सरोज लकड़ाए रवि उरावए पंचायत अध्यक्ष सुलेमान उरांवए आशा मनी मिंज सहित कई लोग साथ में थे।

## मांडर : केंद्रीय अध्यक्ष से मिला जिला आमया संगठन का प्रतिनिधिमंडल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मांडर।** जिला आमया संगठन का प्रतिनिधि मंडल संगठन के केन्द्रीय अध्यक्ष एस अली के नेतृत्व में गुरुवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी सुलेमान मुंडरी और अंचल अधिकार विजय हेमरोम खलखो से वार्ता कर पीएमजीवीके से संबंधित 12 सुत्री प्रस्ताव दिया। अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों में शिक्षाए स्वास्थ्यए कौशल विकास एवं मूलभूत सुविधाओं को बहाल करने हेतु भारत सरकार द्वारा संचालित अल्पसंख्यक बहुल पंचायत व गांव में योजना लागू करने को लेकर प्रखंड में लागू करते हुए जिसके तहत डीप बोरिंग व जल मीनार का निर्माणए स्वास्थ्य केंद्र का निर्माणए सद्भाव मंडप का निर्माणए स्कूलए कॉलेजए पॉलिटेकानिकए आईटीआई का निर्माणए सरकारी विधालय जहां अल्पसंख्यक छात्र पढ़ते वहां अतिरिक्त वर्ग कक्षा का निर्माणए छात्रावास का निर्माणए कौशल विकास केन्द्र एवं हुनर हब का निर्माणए किसान और कौशल प्रशिक्षित लोगों के लिए मार्किट शेड का निर्माणए खेल स्टेडियम का निर्माण होना है।

## एटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने किया पिपरवार का दौरा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**पिपरवार।** एटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पूर्व सांसद और जेबीसीसीआई सदस्य रमेन्द्र कुमार ने सीसीएल पिपरवार क्षेत्र का दौरा किया।इस दौरान उन्होंने बचरा ऑफिसर क्लब में आयोजित कोयला मजदूरों की आमसभा को भी संबोधित किया।पिपरवार पहुंचने पर कार्यकताओं ने बुके देकर उनका स्वागत किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता मुंद्रिका प्रसाद और संचालन अरविंद शर्मा ने किया।समारोह को संबोधित करते हुए रमेन्द्र कुमार ने केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा।उन्होंने कहा कि अच्छे दिनो की सपना दिखाने वाले केंद्र की भाजपा सरकार ने बुरे दिन ला दिए हैं।महंगाईए बेरोजगारी भ्रष्टाचार महिला अत्याचार से देश की जनता परेशान है।मजदूर किसानो का शोषण किया जा रहा है।कोयला मजदूरों के वेतन समझौते में केंद्र सरकार बाधा उत्पन्न कर रही है।केंद्र की भाजपा सरकार मजदूर और किसान विरोधी है जिसका जवाब 2024 के चुनाव में दिया जाएगा।उन्होंने कहा कि यदि जल्द वेतन समझौता नहीं हुआ तो आने वाले दिनों में कोयला उद्योग में जोरदार आंदोलन किया जाएगा।उन्होंने सभी कोयला मजदूरों से एकजुट होकर संघर्ष को तेज करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने उपस्थित कोयला मजदूरों से सीधा संवाद किया।

## कुर्गी-कुल्ली सड़क निर्माण का शिलान्यास

**इटकी।** मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने गुरुवार को इटकी प्रखंड के कुर्गी- कुल्ली भाया कुंबा टोली सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया।



मौके पर विधायक ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए सुगम आवागमन का होना आवश्यक है। कार्यक्रम में प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रमेश महलीए विभाग में जेई अजय मिस्त्रीए संवेदक नूर मोहम्मदए समसुदीनए राजन किस्पोट्टा एअबू माजए अबरार इमामए अब्दुल रहमान अंसारीए सुंदर दासए मंजर आलम व सुनीता कुजूर शामिल थे।

## साईं चावड़ी की 23 से होगी प्राणप्रतिष्ठा

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के हुटार गांव में नवनिर्मित श्री श्री 108 श्री साईं बाबा चावड़ी मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा सह यज्ञ का कार्यक्रम दिनांक 23 मई से 25 मई तक किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ पंचांग पूजनए मंडप प्रवेश तथा साईं बाबा का अधिवास के साथ किया जाएगा। जिसके बाद 24 मई को मंडप पूजनए बेदियों की स्थापनाए अधिवासए स्नपणए न्यास तथा नगर भ्रमण व शव्याधिवास और 25 मई को स्थापना हवन एवं पूणार्हुति भंडारा के साथ कार्यक्रम का समापन किया जाएगा। कार्यक्रम का नेतृत्व सुशील कुमार सिंहए अरविंद तिवारीए बिंदेश्वर सिंहए विनय पांडे समेत कई लोग करेंगे। वही प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में यज्ञाचर्या पंडित दिवाकर शास्त्री के द्वारा कई धार्मिक अनुष्ठान किए जाएंगे।

# बाघवार अकादमी में राइफल शूटिंग समर कैंप शुरू



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चान्हो।** बाघवार अकादमी के प्रांगण में गुरुवार को दो दिवसीय राइफल शूटिंग समर कैंप का शुभारंभ किया गया। इस समर कैंप का उद्घाटन एकलव्य राइफल शूटिंग क्लब के निदेशक एवं संस्थापक गोविंदा कुमार जी के कर कमलों के द्वारा किया गया । दो दिनों तक चलने वाले इस राइफल शूटिंग समर कैंप में विद्यालय के बच्चों को दो आयु वर्ग 13 से 14 वर्ष एवं 15 से 16 वर्ष में विभाजित कर आए हुए प्रशिक्षकों के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के साथ.साथ 10 मीटर्स राइफल शूटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के 60 लड़के एवं लड़कियों ने हिस्सा लिया। 13 से 14 वर्ष के लड़कियों की आयु वर्ग में करुणा कुमारी 37 अंक प्राप्त कर पहले स्थान पर रहीए दूसरे स्थान पर कक्षा 10 की छात्रा खुशी तिर्की रही उन्होंने भी 37 अंक प्राप्त किया एवं तीसरे स्थान पर कक्षा 10 की तनुश्री कुमारी रही उन्होंने 33 अंक प्राप्त किए। 13 से 14 वर्ष आयु वर्ग के लड़कों के वर्ग में कक्षा 10 के हंस उरांव 37 अंक प्राप्त कर पहले स्थान पर रहे। कक्षा 10 के ही आर्यन राज सोनी 33 अंक प्राप्त कर दूसरे स्थान पर रहे तथा कक्षा 10 के प्रणव कुमार दुबे 19 अंक प्राप्त कर तीसरे स्थान पर रहे। 15 से 16 वर्ष की लड़कियों की आयु वर्ग में रानी प्रवीण 37 अंक प्राप्त कर पहले स्थान पर रही। कक्षा 10 की परिधि पांडे 26 अंक प्राप्त कर दूसरे स्थान पर रही तथा कक्षा 10 की ही लक्ष्मी कुमारी 19 अंक प्राप्त कर तीसरे स्थान पर रही।

### विद्यालय स्तर से ही शूटिंग की बारीकियां जानना जरूरी

विद्यालय के निदेशक अशोक बाघवार ने कहा कि विद्यालय स्तर पर प्रारंभ से ही यदि बच्चों को राइफल शूटिंग की बारीकियां सिखाई जाएं तो निश्चित तौर पर आगे चलकर यह बच्चे अपने माता.पिता एवं विद्यालय सहित अपने राज्य एवं अपने देश का नाम राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ऊंचा करेंगे। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि हमारे विद्यालय के बच्चे कॉमन वेल्थ गेम्स तथा ओलंपिक में ना सिर्फ हिस्सा लें बल्कि स्वर्ण पदक जीतकर अपने देश का नाम गौरवान्वित करें। इस अवसर पर विद्यालय के उपप्रधानाचार्य अरुण बाघवार, अजय उरांव ए वरिष्ठ शिक्षक हरे कृष्णा सिंह सहित अन्य विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षेकेतर मौजूद थे।

## विधायक ने किया विकास कार्यों का शिलान्यास

**चान्हो।** प्रखंड के दो अलग अलग स्थानों में गुरुवार स्थानीय विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने विकास कार्यों का शिलान्यास किया। सबसे पहले बरहे गांव में जिला अनाबद्ध योजना अंतर्गत शिव मंदिर से ननकु लोहरा के घर तक एक हजार फीट पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इसके बाद रोल गांव में अंबेडकर भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। वहां विधायक मद से अंबेडकर भवन बनना है। इस दौरान विधायक ने कहा कि मांडर विस को अग्रणी बनाने के लिए पुरजोर मेहनत किया जा रहा है। सड़कए शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत चीजों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्या को भी सुनी। मौके पर विधायक प्रतिनिधि प्रमोद लालए उत्तम साहीए सुधीर लकड़ाए जुल्फेकार अलीए सोमरा पाहनए अजय मिश्राए गुड्डू सिंहए सिद्धू उरांवए सरिता देवी आदि मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### 24 वर्षीय बेटी ने पिता को दी मुखाग्नि



**डुमरी।** डुमरी में बेटी ने अपने पिता को मुखाग्नि देकर पुत्र का फर्ज निभाया। बुधवार को लंबे समय से बीमार डुमरी के सीताराम महतो (70) का आकस्मिक निधन हो गया। वह सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेते थे। उनके पीछे पत्नी के अलावा एक बेटी है। मृतक की 24 वर्षीय बेटी रीना कुमारी ने अपने पिता को मुखाग्नि दी।

### चैनपुर में फूड लाइसेंस शिविर आज

**चैनपुर।** प्रखंड कार्यालय परिसर में शुक्रवार को फूड लाइसेंस शिविर लगाया जायेगा। जिसमें प्रखंड मुख्यालय के सभी होटल एवं वैसे दुकानदार जो अपनी दुकान में खाद्य सामग्री बेचते हैं वे कैंप में आकर अपना फूड लाइसेंस बनवा सकते है। लाइसेंस आपरेटर प्रियांशु कुमार ने बताया कि लाईसेंस के लिए वैसे दुकानदार जिनकी बिक्री 3000 से कम है वो अपना आधार कार्ड, एक पासपोर्ट साइज फोटो एवं 100 रुपया जमा कर लाइसेंस बनवा सकते हैं। वहीं जिस दुकान की बिक्री 3000 से उपर है उन्हें जरूरी कागजात के साथ 2000 जमा करने होंगे। डुमरी प्रखंड में 17 मई को कैंप लगाया जायेगा।

### कोड़ी टीम जीती जोड़ा खस्सी प्रतियोगिता



**जारी।** प्रखंड के सिकरी पंचायत के असरो गांव के युवा कमेटी द्वारा आयोजित चार दिवसीय जोड़ा खस्सी हॉकी प्रतियोगिता का फाईनल मैच का कोड़ी टीम व अम्बाटोली टीम के बीच खेला गया। जिसमें कोड़ी की टीम एक गोल से विजय रही। समापन समारोह के मुख्य अतिथि प्रखंड कंग्रेस अध्यक्ष राजेश टोप्पो थे। फाईनल मैच का शुभारंभ अतिथि ने बोल पुश कर किया गया। फाईनल मैच के विजेता एवं उप विजेता टीम को खस्सी देकर पुरस्कृत किया गया। मौके पर सिकरी मुखिया माईकल कुजूर, मिलकियुस बड़ा अरबाज मैनु खान आदि थे।

### गुमला के वन कर्मियों ने ली शपथ



**गुमला।** भारत सरकार द्वारा आयोजित लाइफ अभियान के तहत गुमला वन प्रमण्डल गुमला में गुरुवार को ऑन लाइन बैठक की। जिसमें वन प्रमंडल पदाधिकारी गुमला बेलाल अहमद ने सभी वनकर्मियों को अभियान के तहत उर्जा संरक्षण, जल संरक्षण, प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने, इलेक्ट्रोनिक वेस्ट जमा न करने, हेल्दी लाइफ से संबंधित शपथ दिलायी।

### अंडर-15 कुश्ती चयन प्रतियोगिता संपन्न



**लोहरदगा।** जिला स्तरीय अंडर-15 कुश्ती चयन प्रतियोगिता बीएस कॉलेज स्टेडियम के हॉल में हुई। जिसमें कुल 43 खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिनमें फैजान अंसारी, स्नेहल भगत, रोहित कुमार, प्रियांशु कुमारी, होलिका कुमारी, सुंदमुर्नी उरांव, अंशु लकड़ा, रीता कुमारी चुनी गयीं। जिला कुश्ती संघ के सचिव अजीत भगत ने कहा कि जिला प्रशासन कुश्ती खेल को खिलाड़ियों के लिए ट्रेनिंग की व्यवस्था की। हम प्रशासन को बताना चाहते हैं कि हमारा कुश्ती खिलाड़ी जिला में बहुत अच्छे-अच्छे खिलाड़ी हैं पर उसे खाने के लिए डाइट की जरूरत है। जिसके लिए उन्होंने प्रशासन से इन खिलाड़ियों को चिन्हित कर डाइट की व्यवस्था करने की अपील की है। जिससे खिलाड़ी नेशनल से इंटरनेशनल और ओलंपिक तक का सफर कर सके। कार्यक्रम में जिला कुश्ती संघ अध्यक्ष महादेव उरांव क्रिकेट कोच अमित कुमार, कुश्ती के राष्ट्रीय खिलाड़ी सोनू राज, अजय टोपनो, मतीश महतो, ज्ञानचंद खेरवार, सत्यम सुमित्रा, सुशांति कुजुर, अजीता कुमारी, हुसैन अंसारी व खिलाड़ी एवं दर्शक थे।

### कोर्ट नोटिस

अदालत अपर जिला न्यायाधीश -।।।
व्यवहार न्यायालय, लोहरदगा।
सिविल अपील नम्बर- 09/2017
विदेशी साहु तथा अन्य ... पीलार्थी
बनाम
ज्योतिष साहु तथा अन्य...उत्तरवादी
नोटिस बनाम
उतरवादी संख्या-
(1b) शिव साहु, पिता स्व. कोल्हा साहु, निवासी-लहेरी मोहल्ला, पोस्ट+थाना+जिला लोहरदगा।
(1d) राजू साहु पिता स्व. नारायण साहु निवासी-लहेरी मोहल्ला, पोस्ट+थाना+जिला लोहरदगा।
(1g) उर्मिला देवी, पति दामोदर साहु, पिता स्व० कोल्हा साहु, निवासी सेरेंगहातू, थाना सेन्हा, जिला लोहरदगा।
(1h) उखवा देवी, पति नारायण साहु, निवासी ग्राम हुण्डरू, थाना
जगरनाथपुर, जिला रॉची।
(6) शिवरतन साहु, पिता स्व० बैजु साहु, निवासी ग्राम मसमानो ठाकुर गाँव, थाना भण्डरा, जिला लोहरदगा ।
(7a) शिव प्रसाद साहु
(7b) संतोष प्रसाद साहु
(7c) पवन साहु तीनों पिता स्व. शिव प्रसाद साहु, निवासी जयप्रकाश नगर रातु रोड, थाना सुखदेव नगर, जिला रॉची।
(7d) पूनम देवी, पति छोटन साहु, पिता शिव प्रसाद साहु, निवासी अपर चुटिया, थाना चुटिया, जिला रॉची।
(7e) मंजू देवी, पति जगाधर साहु, पिता शिव प्रसाद साहु, निवासी लोवर चुटिया, थाना चुटिया, जिला राँची।

बजरिये इस नोटिस के द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि अपीलार्थी ने आपके विरूद्ध सिविल अपिल इस न्यायालय में दाखिल किया है, जिसकी सुनवाई की तिथि दिनांक 15.05.23 को समय 7:30 बजे सुबह में तय की गयी है। इसके पूर्व आपलोगों को नजारत के माध्यम से तथा निबंधित डाक द्वारा सूचना दी जा चुकी है । अतः आप उक्त तिथि को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर वाद की समुचित पैरवी करें, अन्यथा आपके अनुपस्थिति में वाद की कार्यवाही एकपक्षीय कर दी जायेगी। इसे ताकिद जानें। मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से आज दिनांक- 06-04-23 ई० को जारी किया गया।

अदालत अरविन्द कुमार अपर जिला न्यायाधीश-।।।
लोहरदगा।
पत्रांक 160

# लव जेहाद की पीड़िता ने पति सहित पांच को बनाया नामजद अभियुक्त

## माता-पिता सहित चार गिरफ्तार, पति फरार



खबर मन्त्र संवाददाता

**पूर्वी चंपारण।** लव जेहाद की शिकर प्रीति के दर्ज प्राथमिकी के बाद पुलिस हरकत में आयी है। पुलिस ने मामले में आरोपित पांच लोगों में से चार को गिरफ्तार कर उनसे पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। जबकि मुख्य आरोपी पति तालीफ रजा की सरगर्मी से खोज की जा रही है। बता दें यूपी के बलंदशहर के पटानी थाना अंतर्गत रसूलगढ़ की मूल निवासी प्रीति मोतिहारी के तुरकौलिया थाना अंतर्गत सेमरा बेलवतियां गांव उसके पति तालीफ के घर के दरवाजे पर बुधवार को दिनभर धरने पर बैठी थी। गिरफ्तार लोगों में नामजद आरोपियों में पति के अलावे उसकी मां, पिता, और दो भाई शामिल है। जिनमें पति को छोड़ सभी गिरफ्तार कर लिए गये है। उल्लेखनीय है,कि कि प्रीति के साथ प्रेम-प्रसंग में दुबई ले जाकर धर्म परिवर्तन के बाद निकाह कबूल कराया गया। दोनों चार साल पति पत्नी की तरह रह कर एक साथ रहे, इस बीच उसे प्यार में धोखा मिला। प्यार में धर्म और परिवार को गंवा चुकी उक्त महिला बुधवार को उत्तर प्रदेश के बुलन्द शहर से तुरकौलिया के सेमरा बेलवतिया गांव में अपने धोखेबाज पति के घर पहुंची। जहां वह घर के बाहर अपने हक के लिए धरना पर बैठ गई। इसके बाद गांव मे सनसनी फैल गयी है। सभी के जुबान पर ग्रामीण युवक की राजसी ठसक और महिला के साथ धोखेबाजी की चर्चा होने लगी।

उसने गांव के लोगों को आप बीती सुनाई। इस बीच उसे पता चला कि उसका पति गांव पहुंचकर दुसरी शादी कर लिया है। इसके बाद उसके पैर से जमीन खिसक गई। तत्पश्चात उसने प्राथमिकी दर्ज कराई। प्रीति के पास धर्म परिवर्तन और निकाह के कागज मौजूद है। सदर एएसपी राज ने बताया कि बुलन्द शहर की महिला ने तुरकौलिया थाना में सेमरा बेलवतिया गांव के तालिफ रेजा सहित पांच परिजनों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराया है। जिसमें चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। वही पति तालिक रेजा फरार है।

## जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद पर बैठकर पार्टी को कमजोर करने में लगे थे आरसीपी : उमेश

**पटना।** पूर्व केंद्रीय मंत्री आरसीपी सिंह के भाजपा में शामिल होने पर जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए गुरुवार को कहा कि पहले से ही वह भाजपा की कठपुतली बनकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को कमजोर करने की जद्दोजहद में लगे हुए थे। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि आरसीपी सिंह का भाजपा में जाना कोई हैरान करने वाली खबर नहीं है। हमें तो हैरानी इस बात की हो रही है कि भाजपा की सदस्यता लेने में उन्हें इतना विलम्ब क्यों हुआ। इसका मतलब स्पष्ट है कि भाजपा भी इनको स्वीकार करने की स्थिति में नहीं थी। क्योंकि, सच्चाई यह है कि जिस समाज से आरसीपी सिंह सम्बंध रखते हैं वह शत-प्रतिशत समाज मुख्यमंत्री के साथ मजबूती से खड़ा है। उन्होंने आरसीपी सिंह पर तंज कसते हुए कहा कि एक जदयू का साधारण कार्यकर्ता भी आरसीपी सिंह के मुकाबले राजनीतिक धरातल पर अधिक प्रभाव रखता है। आरसीपी सिंह बिहार की राजनीति में अपनी प्रासंगिकता और प्रतिष्ठा दोनों खो चुके हैं। उनके पास न कोई जनाधार है और ना ही अपनी राजनीतिक पहचान। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के रहमोकरम और उपकार के बदौलत आरसीपी सिंह को राजनीतिक पहचान मिली। पार्टी ने भरोसा जताते हुए उन्हें राष्ट्रीय महासचिव और राष्ट्रीय अध्यक्ष जैसी महत्वपूर्ण पदों की जिम्मेदारियां सौंपी लेकिन दिल्ली जाने के बाद वे मुख्यमंत्री के लिए ही गड्ढा खोदने लगे।

### कोयला कारोबार की आंच पहुंची झारखंड

# हजारीबाग के कोल माफिया के यहां कर चुकी है इडी छापेमारी

## पिछले दिनों इडी पहुंची थी हजारीबाग, खोज रही है कोयले का नेक्सेस

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** छत्तीसगढ़ इडी की टीम अब झारखंड में कोयला कारोबारियों के खिलाफ शिकंजा कसने जा रही है। पिछले दिनों छत्तीसगढ़ इडी की टीम ने हजारीबाग में कोल माफियाओं के यहां छापेमारी कर आवश्यक दस्तावेज को जब्त किया था। सूत्रों के मुताबिक, कोयले के कारोबार में झारखंड के रांची, धनबाद, हजारीबाग, बोकारो सहित अन्य जगहों पर इडी ने दबिश दी थी। इस संबंध में इडी ने कोयला कारोबार से जुड़े लोगों का डेटा झारखंड पुलिस से मांगी गई थी। इडी को शिकायत मिली थी कई जिलों के अधिकारी, राजनेताओं के संरक्षण में कोयला कारोबार किया जा रहा है। इडी ने पुलिस मुख्यालय से इस संध में कारोबार में शामिल लोगां और परिवार के सदस्यों के नाम पर अवैध संपत्ति की भी जानकारी मांगी थी। इडी ने इस मामले में दर्ज प्राथमिकी और कोर्ट में समर्पित आरोप पत्र भी उपलब्ध कराने को कहा था।

### सक्रिय हैं झारखंड में कोयला तस्कर गिरोह

गौरतलब हो कि झारखंड में कोल माफियाओं का सिंडिकेट सक्रिय है। झारखंड से औसतन सात सौ और आठ सौ टन लोड कर हाइवा से कोयला का अवैघ तस्करी होता है। जो बिहार के डेहरी ऑन सोन, बंगाल और बनारस की मंडियो में खपाया जाता है।

### हो चुकी है 540 करोड़ रुपये की उगाही

इडी सूत्रो के मुताबिक, इन कोल माफियाओं ने दो साल के दौरान कम से कम 540 करोड़ रूपए की उगाही की है। इस बाबत जनवरी माह में इडी ने रांची, जमशेदपुर, छत्तीसगढ़, कर्नाटक समेत 40 ठिकानों पर छापेमारी की थी। इसमें इडी ने छत्तीसगढ़ के कई अधिकारियों को भी गिरफ्तार किया था।

# जमीअतुल मोमिनीन 84 झारखंड सरपरस्त की बैठक हुई संपन्न



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** जमीअत उल मोमिनीन 84 झारखंड के सरपरस्त कमेटी की बैठक डोरंडा स्थित मोमिन पंचायत अंसारी लेन में शमीम अख्तर की अध्यक्षता में संपन्न हुई । अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों में शिक्षा स्वास्थ कौशल विकास और मूलभूत सुविधाओं को बहाल करने पर चर्चा हुई । शैक्षणिक एवं स्वास्थ्य जागरूकता अभियान चलाने का भी निर्णय लिया गया ।? कमेटी की देखरेख में मैरिज ब्यूरो चलाने का निर्णय लिया गया । पूर्व की भांति जमात उल मोमिनीन 84 झारखंड के सरपरस्त कमेटी की अध्यक्षता उपस्थित सरपरस्त कमेटी के सदस्यों में से चुना जाएगा ।? बैठक में बताया कि जमिअतुल मोमिनीन 84 झारखंड का बाइलॉज जल्द से जल्द मुकम्मल कर सरपरस्त कमेटी के द्वारा अनुमोदन कर एडहॉक कमेटी को भेजा जाए ताकि चुनावी प्रक्रिया आगे बढ़ सके ।? जमिअतुल मोमिनीन 84 झारखंड में एक व्यक्ति एक पद का प्रस्ताव पारित किया गया । उपस्थित लोगो में शमीम अख्तर , शोएब अंसारी , शकील अंसारी , मुख्तार अंसारी , मोहम्मद मुजम्मिल , मोहम्मद जमील आदि शामिल थे।

## गुमला थाना का औचक निरीक्षण कर एसपी ने जांची थाना पंजी

- लंबित कांडों को त्वरित गति से निष्पादित का दिया निर्देश, आम जनता से मधुर रिश्ता बनाने पर दिया जोर



खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** पुलिस कप्तान डॉक्टर ऐहतेशाम वकारिव ने गुरूवार को गुमला थाना का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने थाना पंजी की जांच की और लंबित कांडों को त्वरित गति से निष्पादित करने का थाना प्रभारी विनोद कुमार को निर्देश दिया। मौके पर एसपी ने गुमला थाना अंतर्गत सभी पंचायत भवनों का रक्षक बीट लगाकर निगरानी करने का निर्देश दिया।

एसपी ने जेल से बाहर आये अपराधियों का थाना हाजरी, डोसियर एवं निगारनी पंजी में अंक्ति व्यक्तियों पर क्यूआर कोड व रक्षक ई बीट पुलिसिंग के माध्यम से निगरानी रखने पर जोर दिया। थाना के सभी पदाधिकारियों को क्षेत्र के लोगों व आमजनों से मधुर संबंध बनाने पर एसपी ने बल देते हुए थाना में आने वाले लोगों को बैठने व पेयजल की व्यवस्था करने का निर्देश थाना प्रभारी को दिया।

## प्रखंड की सभी पंचायतों में मना पीएम आवास लाभुक दिवस



खबर मन्त्र संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायत के सचिवालयों में गुरुवार को प्रधानमंत्री आवास लाभुक दिवस कार्यक्रम मनाया गया। सरकार के निर्देश पर प्रधानमंत्री आवास लाभुक दिवस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास निर्माण में मेटेरियल की समस्या या मजदूरी भुगतान से सम्बंधित समस्याओं का समाधान के बारे में लाभुकों के साथ चर्चा की गयी। सभी पंचायत के मुखिया व पंचायत सचिव ने लाभुकों को बताया कि प्रधानमंत्री आवास निर्माण में कोई परेशानी नहीं होगी। सभी समस्याओं का जल्द समाधान होगा। बीडीओ अशोक चोपड़ा ने कहा कि यह कार्यक्रम 30 जून तक हरेक गुरुवार को पंचायत सचिवालयों में आयोजित होगा। इसमें वैसे लाभुकों को बुलाया जा रहा है, जिसका आवास निर्माण कार्य अधूरा है या आवास निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किये हैं। प्रखंड क्षेत्र के सभी 11 पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत वित्तीय वर्ष 2016 से 2022 तक निर्माण कार्य का लक्ष्य के अनुरूप कार्य नहीं हुआ है।

### मो मीर, डॉ शेरॉन और मिमशॉद की जोड़ी पहुंची सेमीफाइनल में

**रांची।** मॉर्निंग ग्रुप के तत्वावधान में जीईएल चर्च मार्केट कॉम्पलेक्स के प्रांगण में विगत तीन दिनों से चल रहे थर्ड राहत इंदौरी मेमोरियल बैडमिंटन टूर्नामेंट का चौथा दिन गुरुवार को खेला गया। इस टूर्नामेंट में अपने-अपने मैच जीत कर सेमी फाइनल में पहुंचने वाली जोड़ी मो मीर ने शमीम मुजीबी की जोड़ी को सीधे सेटों में हराकर लगातार तीसरी बार सेमी फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली । वहीं पूर्व चैंपियन डॉ शेरान अली टूनार्मेंट में अपना दबदबा बरकरार रखा और लगातार तीसरी बार सेमी फाइनल में पहुंचने वाली जोड़ी बन गई। इसी तरह मो मिमशाद ने अपना शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमी फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। टूनार्मेंट का सेमी फाइनल शनिवार को सुबह साढ़े छह बजे से खेला जाएगा।

मॉर्निंग ग्रुप के नेहाल अहमद ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि इसके पूर्व आज के मुख्य अतिथि कैसर खान और अब्दुल खालिक नन्हू को मॉर्निंग ग्रुप के मुख्य सरपरस्त हाजी हलीम और अध्यक्ष अकील उर रहमान ने खिलाड़ियों से परिचय करवाया। जबकि आज के मैच के मुख्य रेफरी हसन सैफी प्रिंस और शमीम मुजीबी रहे।

### सांता पब्लिक स्कूल का वार्षिक उत्सव आज

**गुमला।** सांता पब्लिक स्कूल शास्त्री नगर डैम साइट गुमला का 12 वां वार्षिक उत्सव 12 मई को मनाया जायगा। इस बाबत स्कूल के डायरेक्टर हेमंत कुमार ने बताया वार्षिक उत्सव के मौके पर शहर के कई गणमान्य लोग, शिक्षा विद अथिति के रूप में उपस्थित रहेंगे। साथ ही स्कूल के सत्र 22-23 में उत्कृष्ट सफलता प्राप्त करने वाले बच्चों को सम्मानित किया जायेगा।

### बचपन प्ले स्कूल के बच्चों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**गुमला।** शहर के लोहरदगा रोड स्थित बचपन प्ले स्कूल के बच्चों ने शैक्षणिक भ्रमण कर सब्जी के बागानवानी को जाना। जहां उन्होंने सब्जी के पौधों एवम कई सब्जियों को लगाने और उसके रख रखाव के बारे में जाना। साथ ही किसान का समाज में महत्व और किसान का सम्मान करना बच्चों को सिखाया गया। इस अवसर पर शिक्षिका अंकिता केशरी, मोनालिसा, खुशी, पूनम ने उन्हें हरी सब्जियां खाने के लिए प्रोत्साहित किया।

### जेएनडी के संयोजक की मां का निधन, शोक

**गुमला।** झारखंड नवनिर्माण दल के संयोजक विजय सिंह की मां 65 वर्षीय गंधारी देवी की बीमारी के कारण निधन हो गया। वे करीब एक वर्ष से बीमार चल रही थी। जिनका निधन 10 मई की रात्रि में करीब 1 बजे हो गई है। उनका अंतिम संस्कार पैतृक गांव घाघरा प्रखंड स्थित लपसर में हुआ। स्वर्गीय गंधारी देवी अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गयी।

## पीएम आवास ग्रामीण के धीमी कार्य को ले मना लाभुक दिवस

>> कार्यक्रम में लाभुकों ने रखी समस्याएं, समाधान कर लंबित कार्य को पूर्ण करने पर दिया गया जोर



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिसई।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत बन रहे पीएम आवास की धीमी प्रगति को लेकर ग्रामीण विकास विभाग झारखंड सरकार के सचिव के निर्देशानुसार 30 जून तक प्रत्येक गुरुवार को राज्य के सभी प्रखंडों में प्रधानमंत्री आवास लाभुक दिवस मनाने का निर्देश दिया गया है। इसके तहत प्रखंड के सभी 18 पंचायतों के पंचायत भवनों में संबंधित कर्मियों व जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में गुरुवार को पीएम आवास लाभुक दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम किस्त, द्वितीय किस्त सहित वैसे सभी अपूर्ण आवास लाभुकों से निर्माण कार्य में हो रही कठिनाइयों की जानकारी प्राप्त की गयी।

### फांसी लगाकर वृद्ध ने कर ली आत्महत्या

**घाघरा।** थाना क्षेत्र के हालमाटी में वृद्ध व्यक्ति गंगा उरांव ने गुलेची के पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वहीं घटना की जानकारी गुरुवार को सुबह 6 बजे लोगों को हुई। जिसके बाद इसकी सूचना घाघरा थाना को दिया गया। जहां घाघरा पुलिस दल बल के साथ घटना स्थल पहुंच शव को पेड़ से उतारा और पोस्टमार्टम हेतु गुमला सदर अस्पताल भेज दिया। जानकारी के अनुसार नशापान के कारण आये दिन गंगा उरांव की पत्नी से लड़ाई होती थी। हालांकि बुधवार को गांव के ही बगल में एक शादी समारोह में वह गया था।

## पीएम आवास के लाभुकों की समस्याओं का हुआ समाधान



खबर मन्त्र संवाददाता

**भंडरा।** प्रखंड के भिठा, उदरंगी, गड़रपो, भौरों, भंडरा, आकाशी पंचायत सचिवालयों में गुरुवार को प्रधानमंत्री आवास लाभुक दिवस कार्यक्रम मनाया गया। मुखिया टेले उरांव ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास लाभुक दिवस कार्यक्रम आपकी समस्याओं का समाधान होगा। अब कोई परेशान नहीं होगा। यह कार्यक्रम 30 जून तक प्रत्येक गुरुवार को पंचायत सचिवालयों में होगा। इस कार्यक्रम में वैसे लाभुकों को बुलाया जा रहा है, जिसका आवास निर्माण कार्य अधूरा है। बीडीओ रंजीत सिन्हा ने बताया कि प्रखंड की सभी 9 पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत वित्तीय वर्ष 2016 से 2022 तक निर्माण कार्य का लक्ष्य के अनुरूप सैकड़ों आवास निर्माण कार्य अधूरे हैं।

### मातृ दिवस : डीएवी के बच्चों ने रंग बिरंगे कार्ड बनाकर मां को किया समर्पित

# पूरी दुनिया में मां से बढ़कर कोई इंसानी रिश्ता नहीं : रमाकांत साहू



फोटो 2 में कार्ड के साथ बच्चे।

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** मातृ दिवस पर डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला के बच्चों ने मां को समर्पित रंग बिरंगे कार्ड बनाकर मां के प्रति अपने प्रेम को प्रकट किया। प्रधानाचार्य डा रमाकांत साहू ने मां की महिमा के बारे में बताते हुए कहा कि इस धरती पर मां ही ऐसी देवी है। जिसका कोई नास्तिक नहीं। यही कारण है कि समुची दुनिया में मां से बढ़कर कोई इंसानी रिश्ता नहीं है। वह संपूर्ण गुणों से युक्त है, गंभीरता में समुद्र और धैर्य में हिमालय के समान है। उसका आशीर्वाद वरदान है। संसार महान व्यक्तियों के बिना रह सकता है, लेकिन मां के बिना रहना एक अभिशाप की तरह है। इसलिए संसार मां का महिमामंडन व गुणगान करता है। ग्रीटिंग कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता में कक्षा तृतीय से कक्षा अष्टम के विद्यार्थियों ने भाग लिया। मौके पर शिक्षिका संजुक्ता खटुआ, पार्थ प्रतिम मैती उपस्थित थी।

# उदरंगी कब्रिस्तान घेराबंदी का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ करे विभाग: आलोक

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** भंडरा प्रखंड के उदरंगी के ग्रामीणों की शिकायत पर जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष आलोक कुमार साहू उदरंगी गांव पहुंचकर वहां के ग्रामीणों से रूबरू हुए। मौके पर ग्रामीणों ने बताया कि गांव में स्थित मुस्लिम कब्रिस्तान का घेराबंदी की स्वीकृति समेकित जनजाति विकास अभिकरण (आईटीडीए) से मिला है।

इसके लिए विधिवत विभाग द्वारा लाभुक समिति का चयन भी कर लिया गया है। इस योजना में जमीन से संबंधित कुछ मामला प्रकाश में आया लेकिन उसका निदान करने में विभाग उदासीन है। महीना पूर्व लाभुक समिति का चयन होने के बावजूद अभी तक कार्य प्रारंभ होने का आदेश विभाग द्वारा नहीं दिया गया है। वर्षा का मौसम प्रारंभ हो जाएगा तो घेराबंदी करने में परेशानी होगा।

### अविलंब घेराबंदी प्रारंभ करने की मांग



ग्रामीणों ने श्री साहू से अविलंब घेराबंदी का कार्य प्रारंभ करने की मांग की। श्री साहू ने कहा कि आदिवासी एवं मुस्लिमों के धार्मिक स्थलों की पवित्रता बनी रहे उसके लिए झारखंड की यूपीए कांग्रेसनीत झारखंड सरकार आइटीडीए विभाग से लोहरदगा में व्यापक स्तर पर योजना का चयन किया है। जिसके तहत 40 सरना स्थल घेराव, 27 धूमकुड़िया भवन, 22 मुस्लिमों का जनाजा शेड, 22 मुस्लिम कब्रिस्तान में आधारभूत संरचना का निर्माण, 23 मुस्लिम कब्रिस्तान का घेराबंदी की स्वीकृति मिली है। मौके पर श्री साहू ने जिला कल्याण पदाधिकारी नारायण राम से वार्ता कर उदरंगी कब्रिस्तान घेराबंदी के जमीन का मामला को शीघ्र निदान कर घेराबंदी का कार्य प्रारंभ करवाने की बात कहे। इस पर कल्याण पदाधिकारी ने समुचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। मौके पर समीम अंसारी, मुमताज अंसारी, गुलाम मुस्तफा अंसारी, मेराज अंसारी, अख्तर अंसारी, तबरेज अंसारी, एजाजुल अंसारी, ओलिक अंसारी, जमील अंसारी, तौफीक अंसारी, परवेज अंसारी, रफीक अंसारी सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

# स्पीड न्यूज

## मॉडल स्कूल में शैक्षणिक वर्ष 2023-24 के लिए हो रहा नामांकन

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत स्थित मॉडल स्कूल में सचिव स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड रांची के पत्रांक टए/01/1183/1928 दिनांक 29/04/2023 के आलोक में शैक्षणिक वर्ष 2023-24 हेतु सीआईएसई पाठ्यक्रम अंतर्गत नामांकन लिया जाना है। जिसका विवरण निम्नवत है। कक्षावार नामांकन हेतु रिक्त कक्षा सेवन के लिए 2, कक्षा 8 के लिए 36 और कक्षा 9 के लिए 39 सीटें हैं। इच्छुक अभिभावक-छात्र-छात्रा दिनांक 15/05/2023 तक विद्यालय से नामांकन फार्म प्राप्त कर मॉडल स्कूल मनिका में वांछित अभिलेख के साथ आवेदन कर सकते हैं। जिसकी जानकारी विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने दिया है।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार की बैठक

**लातेहार।** उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार (डीडीएमए) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सड़क दुर्घटना, वज्रपात से मानव एवं मवेशियों की मौत, डोभा, नदी, जलाशयों में डूबने से हुई मौत, सर्पदंश आदि से संबंधित आवेदनों पर विचार विमर्श किया गया। अंचल एवं अनुमंडल स्तरीय पदाधिकारियों के द्वारा आवेदनों के जांच एवं सत्यापन के आधार पर प्राप्त प्रस्ताव को भुगतान के लिए स्वीकृति दी गई। बैठक में उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप, जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, सिविल सर्जन डॉ. दिनेश कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार शेखर कुमार अन्य पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

## पेंशनर समाज ने धूमधाम से मनाया 16वां स्थापना दिवस

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित पेंशनर समाज भवन में गुरुवार को झारखंड राज्य पेंशनर समाज बालूमाथ प्रखंड शाखा द्वारा 16 वां स्थापना दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। पेंशनर समाज के अध्यक्ष शशि भूषण प्रसाद सिन्हा के नेतृत्व में उक्त कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। मौके पर स्वतंत्रता सेनानी भारत माता,सुभाष चंद्र बोस,स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। मौके पर बोलते हुए पेंशनर समाज जिला अध्यक्ष बौधी महतो ने कहा कि पेंशनर समाज रिटायरमेंट होने के बाद भी समाज में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहा है। उन्होंने संघ के इतिहास पर प्रकाश डाला। मौके पर भारतीय स्टेट बैंक शाखा भैसादोन, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया बालूमाथ के शाखा प्रबंधक, पेंशनर समाज के राज्य संघ के महासचिव महेश कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष चंद्रकांत सिंह, जिला सचिव नारायण प्रसाद संगठन महासचिव मुकुल भट्टाचार्य, महिला जिला अध्यक्ष आनंदी सिन्हा सहित कई लोग उपस्थित रहे। वहीं कार्यक्रम में मंच संचालन जानकी नंदन राणा एवं धन्यवाद ज्ञापन अशोक कुमार मिश्रा ने किया।

## गरीब बच्ची के इलाज के लिए दिया आर्थिक सहयोग


मदद करते संघ के लोग।

**बरवाडीह।** खरवार आदिवासी एकता संघ ने मानवता दिखाते हुए एक गरीब बच्ची के इलाज में आर्थिक सहयोग करने का काम किया। दरअसल छिपादोहर थाना क्षेत्र कुचिला पंचायत के बारीचट्टान ग्राम निवासी स्व.सुखदेव सिंह की 9 वर्षीय पुत्री अनिता कुमारी का पैर फ्रेक्चर कर गया है। अनिता की मां भी मानसिक रूप से विकलांग है। जिसकी सूचना मिलते ही खरवार लोक सेवक संघ झारखण्ड एवं खरवार आदिवासी एकता संघ के द्वारा बच्ची के घर जाकर उसके इलाज के लिए आर्थिक सहयोग किया। जिसमें मुख्य रूप से खरवार आदिवासी एकता संघ के केंद्रीय सदस्य नरेश सिंह, जिला उपाध्यक्ष दिलीप सिंह, प्रखंड अध्यक्ष देवनाथ सिंह, उपाध्यक्ष ननदेव सिंह, संगठन मंत्री प्रदीप सिंह, सचिव बृजमोहन सिंह, मुखिया सतरोहन सिंह, देवान सिंह और संगीता देवी सहित कई लोग उपस्थित थे।

## 11 सूत्री लंबित मांगों के समर्थन में तीसरे दिन भी हड़ताल जारी


हड़ताल पर बैठे जनसेवक संघ के सदस्य।

**लातेहार।** जन सेवक संघ के हड़ताल का तीसरा दिन जारी रहा लेकिन प्रशासन के द्वारा कोई पहल नहीं की जा रही है। सभी जनसेवक अपने कार्य छोड़कर हड़ताल में बैठे हैं जिससे तमाम विकास कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। परंतु संवेदनहीन सरकार के संवेदनहीन पदाधिकारियों को इस से कोई लेना देना नहीं है। वहीं उच्च अधिकारियों के आपसी लड़ाई जन सेवकों को सड़क पर लाई है। वहीं जनसेवक संवर्ग के खिलाफ कृषि विभाग द्वारा नियुक्ति नियमावली एवम ग्रेड पे संबंधी अवांछनीय छेड़छाड़ और षड्यंत्र तत्कालीन स्थाई रूप से बंद किया जाए। जनसेवक को पूर्व की भांति तकनीकी पद मानते हुए ग्रेड पे 4200/- किया जाए। 2012 में नियुक्त सभी जिले में जनसेवकों को तत्काल एमएसीपी का लाभ दिया जाए। समेत कई मांगे शामिल है। हड़ताल में रामनाथ यादव, लव कुमार पासवान, रघुनंदन राम, प्रकाश कुमार, सुजाता कुमारी, रीना कुमारी, स्नेह लता टोप्पो, अनिता कुमारी, संकेत सत्यम, संजय मींज, प्रभात भगत, साकेत कुमार, देवलाल राम, अरविंद रोशन गिर्दा, चंदन कुमार, राहुल रंजन, रामसागर राम, संतोष उरांव, अरविंद रवि, समीर सुमन, अंकित एकका, विल्सन लकड़ा, श्याम सागर पांडे, राजेश कुमार सूर्य प्रकाश समेत कई लोग उपस्थित थे।

# सभी पंचायतों में मनाया गया आवास दिवस

## लाभुकों के लंबित आवास कार्य को हर हाल में पूर्ण कराने को लेकर किया गया गहन विचार-विमर्श

खबर मन्त्र संवाददाता


आवास दिवस में उपस्थित लोग।

**बारियातू।** उप विकास आयुक्त लातेहार व झारखंड सचिव ग्रामीण विकास विभाग के आलोक मे बीडीओ प्रतिमा कुमारी के आदेशानुसार सभी पंचायतों मे आवास दिवस मनाया गया। आवास दिवस के मौके पर उपस्थित पीएम आवास योजना के लाभार्थियों को ससमय आवास बनाने के लिए जागरूक किया गया। आवास बनाने मे किसी तरह के परेशानी नहीं हो इसके लिए लाभुकों के साथ सीधा संवाद के लिए बालूभांग, फुलसु, डाढ़ा, बारियातू, साल्वे, टोंटी, शिबला व गोनिया पंचायत सचिवालय भवन परिसर में आवास दिवस मनाया गया। प्रखंड के सभी नौ पंचायतों में आवास दिवस के मौके पर स्थानीय जनप्रतिनिधि के साथ-साथ बीडीओ सह सीओ प्रतिमा कुमारी भी मौजूद थी। वित्तीय वर्ष 2016-17, 2017-18, 2018-19, 2019-20, 2021-22, 2022-23 में आवास निर्माण के लिए के लिए लाभुकों के बैंक खाते मे प्रथम किस्त व द्वितीय किस्त की राशि भुगतान प्राप्त लाभुकों का लंबित आवास कार्य को हर हाल में पूर्ण कराने को लेकर गहन विचार -विमर्श किया गया। बीडीओ कुमारी ने आवास सहायक को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा की कार्य मे कोताही किसी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वहीं स्थानीय मुखिया और वार्ड सदस्यों, स्वयंसेवकों सहित अन्य जनप्रतिनिधियों को भी अपने-अपने क्षेत्र मे लंबित आवास कार्य को पूर्ण कराने मे सहभागिता निभाने की अपील की। कार्य मे तेजी लाने के लिए बीडीओ ने बताया कि प्रत्येक गुरूवार को सभी पंचायतों में 30 जून तक आवास दिवस मनाया जायेगा। जिसमे अधूरे आवास को पूर्ण करने हेतु दैनिक, साप्ताहिक मासिक लक्ष्य का निर्धारण किया जाना है। समय-समय पर लंबित आवासों को पूर्ण कराने के लिए लाभुकों को जागरूक करना है। आवास दिवस के लिए सभी पंचायत क्षेत्रों में व्यापक प्रचार-प्रसार कर दिवस के मौके पर लाभुकों का भी सहभागिता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। आवास कार्य को प्रगति में लाने के उद्देश्य से अमरवाडीह में पंकज पांडेय, अजाद वर्मा, बालुभांग में अनेश्वर प्रसाद व रेखा कुमारी, बारियातू में संतोष यादव, प्रभात उरांव, डाढ़ा में रवि यादव, शिव प्रसाद, गोनिया में अरविंद पांडेय, फुलसु में शशि कुजुर व रामबिलास उरांव, साल्वे में रामदेव नगेसिया, नईम खान शिबला में प्रदीप भगत व अविनाश रंजन, टोंटी में निशांत कुमार व राजदेव सिंह को नियुक्त किया गया है। आवास दिवस कार्यक्रम मे मुखिया केदार गंझु, तेतरी देवी, सुरेश उरांव, सरिता देवी, राजीव भगत, शांति देवी, सुशिला देवी, सुरेश उरांव, रानो देवी, सहित अन्य जनप्रतिधि मौजूद थे।

### आवास योजना के लाभुकों की समस्याओं का किया गया निराकरण

**चंदवा।** बीडीओ विजय कुमार के निर्देशन में गुरुवार को प्रखंड के सभी पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास लाभुक दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बोदा, चंदवा पूर्वी समेत कई पंचायतो में आयोजित कार्यक्रम में पीएम आवास योजना के प्रखंड समन्वयक कुश ध्वज कुमार शामिल हुए। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि ग्रामीण विकास विभाग झारखंड के सचिव के निदेर्शानुसार आगामी 30 जून तक हरहाल में लंबित पड़े आवास योजना को पूर्ण करना है। जिसको लेकर

➲ **30 जून तक हरहाल में लंबित पड़े आवास को किया जाएगा पूर्ण : कुश ध्वज**

30 जून तक प्रत्येक गुरुवार को पंचायतो में लाभुक दिवस कार्यक्रम आयोजित होगा व समस्याओं का निराकरण निकाला जाएगा। इस दौरान लाभुकों ने भी शिविर में अपनी समस्याओं को रखा, जिसका निदान किया गया। मौके पर सभी पंचायतो के पंचायत सचिव, स्वयं सेवक समेत काफी संख्या में लाभुक मौजूद थे।

## सरना स्थल की जमीन पर कब्जा करने का आरोप

खबर मन्त्र संवाददाता


जानकारी देते ग्रामीण।

**चंदवा।** चंदवा प्रखण्ड के बोदा पंचायत अंतर्गत लुकुईया गांव में एनएच किनारे करीब 70 डिसमिल जमीन पर कुछ लोगों के द्वारा कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। उक्त आरोप आसपास के रहने वाले आदिवासी लोग लगा रहे है। ग्रामीणों का कहना है कि खाता 125 प्लाट 98 में करीब 70 डिसमिल का जमीन है। जहां पर हमारे पूर्वजों के द्वारा पूजा अर्चना की जाती रही है। कई बार इस जमीन में विवाद भी हुआ है। 2005 से इसमें विवाद है लेकिन कब्जा करने वालों ने दबंगई दिखाते हुए जमीन में ट्रेंच खोद डाला। गुरुवार को पूजा अर्चना करने जूटे ग्रामीणों ने देखा तो इसका विरोध किया। ग्रामीणों ने कहा कि यह जमीन गैर-मजरुआ जमीन है, इस जमीन में हम आदिवासी पूजा अर्चना करते आ रहे है इस जमीन को सरना स्थल घोषित किया जाये। उन्होंने कहा कि आसपास के सभी आदिवासियों की शादी का कार्यक्रम भी यही आयोजित होता है। सारे दस्तावेजों और कागजातों की जांच कर इस जमीन को दबंगो के कब्जे से मुक्त कराया जाए। उनका कहना है कि वो किसी भी कीमत में जमीन नही देंगे चाहे इसके लिए जो भी लड़ाई लड़नी पड़े। इस संबंध में अंचलाधिकारी विजय कुमार ने कहा कि संबंधित मामले में जानकारी नही है। आवेदन आने के बाद राजस्व कर्मचारी से जांच करायी जाएगी, इसके उपरांत जो उचित होगा कार्रवाई की जाएगी।

➲ **ग्रामीणों ने कहा हमारे पूर्वज भी इसी जमीन पर करते थे पूजा-अर्चना**

## शौचालय निर्माण में पुरानी ईंट का किया जा रहा है प्रयोग


विद्यालय परिसर में धराशायी पेड़।


शौचालय निर्माण में लगायी जा रही ईंट।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** संत मरियम उच्च विद्यालय छिपादोहर में एनआरइपी लातेहार के सौजन्य से शौचालय का निर्माण कराया जा रहा है। जिसमें पुराने भवन से निकाले गए ईट का प्रयोग किया जा रहा है। कार्य कर रहे मिस्त्री से पूछे जाने पर उन्होंने बताया की विद्यालय के फादर के कहने पर पुराने ईट को लगाया जा रहा है। इसके अलावा स्थल पर मौजूद मेटेरियल भी निम्न स्तर का हैं। इस योजना का शिलान्यास बीते फरवरी माह में विधायक रामचंद्र सिंह के द्वारा किया गया था। योजना बोर्ड में योजना से संबधित राशि अंकित नहीं की गई हैं। जिससे योजना की पारदर्शिता पर भी सवाल खड़े हो रहें है। वहीं विद्यालय परिसर में विशाल- विशाल पेड़ों को आरी से काट कर गिरा दिया गया हैं, लेकिन वहां वृक्ष की जड़ के अलावा कुछ देखने को नहीं मिला। इस संबंध में वन विभाग के फॉरेस्टर नंद कुमार मेहता से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि रैयती जमीन में पेड़ काटने की अनुमति अंचल से लेनी पड़ती है, पर ट्रास्पोटिंग के लिए वन विभाग की अनुमति जरूरी होती है। मामले की जांच कराई जाएगी।

➲ **विद्यालय परिसर में लगे विशालकाय वृक्षों को किया गया है धराशायी**

## उपायुक्त की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक संपन्न


बैठक करते पदाधिकारी।

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में पंचायत शाखा से संचालित विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित की गई। समीक्षा के क्रम में 15 वीं वित्त आयोग की राशि से संचालित योजनाओं की जानकारी ली गई। बैठक में विस्तृत रूप से प्रखंडवार संचालित योजनाओं की जानकारी ली गई एवं अविलंब अपूर्ण योजनाओं को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। बैठक में उपायुक्त ने जिला परिषद तथा पंचायत समिति द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 अंतर्गत प्राप्त राशि के विरुद्ध किए गए खर्च की समीक्षा किया। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त को 15वीं वित्त आयोग की राशि से संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई। उपायुक्त ने प्रखंडवार संचालित योजनाओं की जानकारी ली एवं अविलंब अपूर्ण योजनाओं को पूर्ण करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने नियमानुसार राशि खर्च करने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त द्वारा अन्य कई महत्वपूर्ण बिदुओं पर समीक्षा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, जिला समन्वयक, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक उपस्थित थे।

## 70 क्विंटल चावल घोटाले की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय के सिंजो पंचायत अंतर्गत स्थित मध्य विद्यालय सिंजो में बीते कुछ दिनों पूर्व मध्याहन भोजन के लिए लाई गई 70 क्विंटल चावल घोटाले के मामले को शिक्षा विभाग के द्वारा दबाने को लेकर निष्पक्ष जांच के लिए राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के लातेहार जिला अध्यक्ष संदीप राम ने प्रधान सचिव स्कुली शिक्षा व साक्षरता रांची को पत्र लिखकर कमिटी गठित कर दोषियों पर कारवाई की मांग किया है। संदीप राम ने कहा है की बच्चो के निवाले को निगलने के मामले को लेकर राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन की टीम ने विद्यालय मे जाकर मामले की जांच की थी। जहां पर 70 क्विंटल चावल के साथ साथ 87531 रूपया 90 पैसे का घोटाला सामने आया था। इसकी विभागीय जांच के लिए कमिटी गठित की गई थी। परंतु शिक्षा विभाग मे अधिकारियो की मिलीभगत से मामले की लीपापोती कर दी गई। उक्त मामले को लेकर राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के जिला अध्यक्ष ने प्रधान सचिव शिक्षा विभाग को पत्र लिखकर मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियो पर कारवाई करने की मांग किया है। उसकी पत्रलिपी संदीप राम ने जिले के उपायुक्त सहित विशेष कार्य पदाधिकारी जिला गोपनीय शाखा को भी दिया है।

➲ **मामले को लेकर राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन ने प्रधान सचिव को लिखा पत्र**


जानकारी देते संगठन के लोग।

## सरकार भूतपूर्व सैनिकों व आश्रितों को दे रही है सुविधाएं : कर्नल संजय

खबर मन्त्र संवाददाता


बैठक करते भूतपूर्व सैनिक।

**महुआडांड़।** अंबोटोली धुमकुडिया भवन में गुरूवार को जिला सैनिक कल्याण कार्यालय एंव राष्ट्रीय तकनीकी सप्ताह समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान न्यूक्लियर के सफल परीक्षण के 25 वर्ष पूरे होने पर राज्य सैनिक कल्याण के निदेशक ब्रिगेडियर निरंजन कुमार (सेवानिवृत्त) के निर्देश पर सहायक निदेशक कर्नल संजय प्रसाद गुप्ता (सेवानिवृत्त) के द्वारा भूतपूर्व सैनिकों, विधवाओं एंव आश्रितों की समस्याओं का निराकरण पर चर्चा की गई। इस मौके पर उपस्थित लोगों की समस्या को सुनकर जल्द ही समाधन करने का संकल्प लिया गया। कर्नल संजय प्रसाद ने बताया कि राज्य निवासी भूतपूर्व सैनिकों एंव उनके आश्रितों को विभिन्न प्रकार प्रदन की जा रही है। साथ ही झारखंड सरकार के द्वारा ऑपरेशन के दौरान कर्तव्य निभाते वीरगति प्राप्त करने वाले विधवाओं एंव आश्रितों को विशेष अनुग्रह अनुदान के रूप में सुविधा दी जाता है। वहीं केन्द्रीय सैनिक बोर्ड द्वारा गंभीर बीमारी के उपचार हेतु आथिर्क सहायता, युध्द स्मारक छात्रावास कि सहायता समेत कई अन्य तरह की सुविधा दी जाती है। योजनाओं का विस्तार से जानकारी प्राप्त करने के लिए आश्रित जिला सैनिक कल्याण कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं। वही भूतपूर्व सैनिकों द्वारा पौधारोपण भी किया गया। मौके पर कार्यक्रम में जिला सैनिक बिलेश यादव, भपनारायण, महुआडांड़ भूतपूर्व सैनिक संघ के अध्यक्ष पात्रारिक केरकेट्टा, सचिव जेवियर कच्छप सहित भूतपूर्व सैनिक व आश्रित उपस्थित थे।

## दामोदर घाटी निगम तुबेद कोयला खान के सौजन्य से मधुमेह जांच शिविर का आयोजन

**लातेहार।** कोढ़ास पंचायत में गुरूवार को दामोदर घाटी निगम तुबेद कोयला खान के सौजन्य से मधुमेह जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 92 मरीजों का जांच किया गया। शिविर में डॉ. अल्का जे लकड़ा, डॉ. निर्भय कुमार, डॉ. प्रशांत कुमार, ब्रजेश कुमार फार्माशिष्ट के द्वारा मरीजों का जांच किया गया।

# एक नजर में

## ग्रीन फील्ड जूनियर विंग के समीप लगी भीषण आग, लोगों की तत्परता से पाया गया काबू



**चंदवा।** चंदवा शहर के बुध बाजार स्थित ग्रीन फील्ड जूनियर विंग स्कूल के पीछे राम नारायण साहू के गोदाम के समीप गुरुवार की दोपहर झाड़ी में भीषण आग लग गयी। भीषण गर्मी के कारण देखते ही देखते आग के रौद्र रूप धारण कर लिया व तेज लपटे उठने लगी। ग्रीन फील्ड के एक स्टाफ की नजर उठ रही आग की लपटों पर पड़ी तो उन्होंने तुरंत इसकी सूचना आसपास के लोगो व गोदाम के मालिक को दी जिसके बाद आग पर काबू पाने की कवायद शुरू हुई। लोगो ने आसपास से पानी का व्यवस्था कर आग पर काबू पाने का प्रयास किया, लेकिन आग बढ़ते ही जा रहा था, जिसके बाद इसकी सूचना चंदवा थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता को दी गयी, जिनके प्रयास से फायर ब्रिगेड की टीम को बुलाया गया, जिनके द्वारा कड़ी मेहनत से आग पर काबू पाया गया। हालांकि खबर लिखे जाने तक आग लगने के स्पष्ट कारणों का पता नही चल पाया था, अंदाज लगाया जा रहा है किसी के द्वारा कूड़ा कचरा जलाने को लेकर आग लगायी गयी होगी। जो गर्मी के कारण बढ़ते हुए झाड़ियों तक पहुंच गई जिस कारण आगलगी हुई।

## विपुल कुमार गुप्ता बने सहायक लोक अभियोजक


विपुल कुमार गुप्ता।

**लातेहार।** मेन रोड निवासी गिरजा प्रसाद गुप्ता के प्रपौत्र व मुरली गुप्ता के पुत्र विपुल कुमार गुप्ता सहायक लोक अभियोजक बने। उनकी पदस्थापना लातेहार में ही हुई है। बनारस हिंदू विश्वविद्यालय से पढ़ें श्री गुप्ता प्रारंभ से ही मेधावी छात्रों में रहे हैं। उन्होंने न्यायिक सेवा में भी सफलता हासिल किया था, लेकिन वे अंतिम रूप से चयनित नहीं हो पाए थे। श्री गुप्ता विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी बनारस एवं प्रयागराज में रहकर कर रहे थे। उनके गृह शहर में ही गजटेड ऑफिसर बनने से स्थानीय लोगों में खुशी की लहर उमड़ पड़ी है। श्री गुप्ता को कई लोगों ने बधाई दिया है, जिसमें उनके सहपाठी रहे स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया (सेल) बोकारो के प्रबंधक विकास कुमार उर्फ विक्की, जिला मलेरिया विभाग में कार्यरत विनय कुमार बादल, प्रदीप पाठक, होटल दी कार्निवल के संचालक राजू रंजन प्रसाद, विजय प्रसाद गुप्ता, गजेंद्र प्रसाद आदि ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना कर बधाई दिया है।

## नशे में धुत बाइक सवार ने मारी टक्कर, दो घायल



**बारियातू।** थाना चौक के समीप बजरंग मेडिकल के सामने चतरा रांची मुख्य सड़क पर बुधवार की रात्रि बाइक सवार ने बजरंग मेडिकल के समीप खड़े युवक को जोरदार टक्कर मारा दिया। जिससे दोनों व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को स्थानीय ग्रामीणो के सहयोग से ईलाज के लिए बालूमाथ समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। घटना के संबंध में ग्रामीणों ने बताया की थाना क्षेत्र के अमरवाडीह निवासी सुरेंद्र उरांव बाइक से गोनिया कि ओर से आ रहा था। डाढ़ा पंचायत क्षेत्र रत्नादाग निवासी मो इजराइल बजरंग मेडिकल के समीप खड़ा था की नशे के धुत्त मे सुरेन्द्र ने इजराइल को टक्कर मार दिया। जिससे दोनों व्यक्ति घायल हो गए। घायलों को बालूमाथ समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मे डॉक्टर पुरूषोत्तम कुमार द्वारा उपचार किया गया।

# सरस्वती विद्या मंदिर में ग्रीष्मावकाश की उपयोगिता पर गोष्ठी का हुआ आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता


गोष्ठी में उपस्थित लोग।

**लातेहार।** जिला मुख्यालय स्थित सरस्वती विद्या मंदिर लातेहार के वंदना सभागार में ग्रीष्मावकाश की उपयोगिता पर चर्चा गोष्ठी आयोजित की गई। इस कार्यक्रम की शुरूआत प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी व वरिष्ठ आचार्य ओंकार नाथ सहाय के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलन एवं पुष्पार्चन कर किया गया। ग्रीष्मावकाश की उपयोगिता विषय पर भूमिका रखते हुए रेनू गुप्ता ने बताया कि हम सभी अपने अंदर की कमियों को खोज कर उसे ठीक करने में अवकाश का उपयोग कर सकते हैं यदि कोई विषय कमजोर है तो उस विषय का अभ्यास कर मजबूत किया जा सकता है। विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य ओंकार नाथ सहाय ने भैया बहनों को संबोधित कर कहा कि एक स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का विकास होता है अतः हमें शारीरिक क्षमता का विकास आसन, प्राणायाम व योग के माध्यम से करना है। छात्र-छात्राओं की रुचि पढ़ाई के अलावा अन्य गतिविधियों में भी होती हैं जैसे बहने कढ़ाई, सिलाई- बुनाई, पेंटिंग पर अपनी ज्यादा रुचि दिखाती हैं। ग्रीष्म अवकाश की छुट्टी एक लंबी अवधि की छुट्टी होती है हमें एक समय सारणी बनानी है और उसका पालन करना है जैसे कब जगना है, कब पढ़ाई करनी है, और कब खेलना है। ग्रीष्म अवकाश की उपयोगिता पर चर्चा में कक्षा चतुर्थ से दशम तक के भैया बहनों ने भाग लिया और अपनी अवकाश संबंधित योजनाओं पर एक-एक कर चर्चा किए। कक्षा नवम के भैया कृष कुमार ने बताया कि मैं इस अवकाश में अपने गांव पर जाऊंगा, माता-पिता की अपने बच्चों से कुछ अपेक्षाएं होती हैं उसे जानने का प्रयास करूंगा, दादा दादी के कामों में सहयोग करूंगा और विद्यालय द्वारा दिए गए गृह कार्य को पूरा करूंगा। वहीं विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी ने कहा कि ग्रीष्मकालीन अवकाश छात्रों को नए कौशल और प्रतिभा विकसित करने का अवसर प्रदान करती है। ग्रीष्मावकाश की उपयोगिता पर चर्चा के सफल आयोजन में विद्यालय के सभी आचार्य दीदी जी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।





# जायसवाल की 'यशस्वी' पारी राजस्थान रॉयल्स ने केकेआर को नौ विकेट से रौंदा

## स्कोर कार्ड

**कोलकार्ता :149/8 (20ओवर)**

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| जेसन रॉय कै. हेटमायर बो. बोल्ट | 10 | 08 | 2/0 |
| गुरबाज कै. संदीप बो. बोल्ट | 18 | 12 | 1/2 |
| वेंकटेश कै. बोल्ट बो. चहल | 57 | 42 | 2/4 |
| नितीश राणा कै. हेटमायर बो. चहल | 22 | 17 | 2/0 |
| आंद्रे रसेल कै. अश्विन बो. आसिफ | 10 | 10 | 0/1 |
| रिंकू सिंह कै. रूट बो. चहल | 16 | 18 | 0/1 |
| शार्दूल ठाकुर एलबीडब्ल्यू चहल | 01 | 02 | 0/0 |
| अनुकूल रॉय नाबाद | 06 | 06 | 0/0 |
| सुनील नरेन कै. रूट बो. संदीप शर्मा | 06 | 05 | 1/0 |

अतिरिक्त 03

**विकेट पतन:** 1-14, 2-29, 3-77, 4-107, 5-127, 6-129, 7-140, 8-149.

**गेंदबाज :** ट्रेंट बोल्ट : 3-0-15-2, संदीप शर्मा : 4-0-34-1, रविचंद्रन अश्विन : 4-0-32-0, जो रूट : 2-0-14-0, युजवेंद्र चहल : 4-0-25-4, केएम आसिफ : 3-0-27-1.

**राजस्थान :151/1 (13.1ओवर)**

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी जायसवाल नाबाद | 98 | 47 | 12/5 |
| जोस बटलर रन आउट | 00 | 03 | 0/0 |
| संजू सैमसन नाबाद | 48 | 29 | 2/5 |

अतिरिक्त :05

**विकेट पतन:** 1-30 .

**गेंदबाज :** नितीश राणा : 1-0-26-0, हर्षित राणा : 2-0-22-0, शार्दूल ठाकुर : 1.1-0-18-0, वरुण चक्रवर्ती : 3-0-28-0, सुनील नरेन : 2-0-13-0, सुयश शर्मा : 3-0-22-0, अनुकूल रॉय : 1-0-20-0.

## अंक तालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 11 | 8 | 3 | 16 | +0.951 |
| चेन्नई | 12 | 7 | 4 | 15 | +0.493 |
| राजस्थान | 12 | 6 | 6 | 12 | +0.633 |
| मुंबई | 11 | 6 | 5 | 12 | -0.255 |
| लखनऊ | 11 | 5 | 5 | 11 | +0.294 |
| बेंगलुरु | 11 | 5 | 6 | 10 | -0.345 |
| कोलकाता | 12 | 6 | 6 | 10 | -0.357 |
| पंजाब | 11 | 5 | 6 | 10 | -0.441 |
| हैदराबाद | 10 | 4 | 6 | 8 | -0.472 |
| दिल्ली | 10 | 4 | 6 | 8 | -0.605 |

**पर्पल कैप**



युजवेंद्र चहल
राजस्थान
विकेट: 21

**औरेंज कैप**



डु प्लेसिस
बेंगलुरु
रन: 576



**मैन ऑफ द मैच**
**यशस्वी जायसवाल**

| | |
|---|---|
| 98 | रन |
| 47 | गेंद |
| 12 | चौका |
| 05 | छक्का |

**एजेंसी**

**कोलकाता।** दुश्मन के घर में घुसकर उसके परखच्चे उड़ाना किसे कहते हैं यह कोई यशस्वी जायसवाल से सीखे। कोलकाता नाइटराइडर्स के खिलाफ ईडन गार्डंस में दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने समां बांध दिया। सिर्फ 13 गेंद में आइपीएल की सबसे तेज फिफ्टी ठोकी। 47 गेंद में नाबाद 98 रन बनाए। वो तो स्कोर कम पड़ गया वरना शतक भी तय था। 208.51 की तूफानी स्ट्राइक रेट से पांच छक्के और 12 चौके मारे। 150 रन के टारगेट को अपनी टीम राजस्थान रॉयल्स के लिए सिर्फ 13.1 ओवर में ही साध लिया। नौ विकेट की इस जीत के साथ अब राजस्थान पॉइंट्स टेबल पर तीसरे नंबर पर पहुंच चुकी है।

### पहले ओवर से बोला धावा

कोलकाता नाइटराइडर्स के कप्तान नीतीश राणा ने 149 रन का बचाव करने के लिए एक नई रणनीति अपनाई। पहले ओवर में खुद गेंदबाजी करने आए, लेकिन यह दांव उल्टा पड़ गया। यशस्वी ने पार्ट टाइम स्पिनर राणा को रिमांड पर लेते हुए उनकी हर बॉल को बाउंड्री के बाहर मारा। पहले ओवर से कुल 26 रन आये। इसके बाद तो क्या सीम बोलर्स और क्या स्पिनर्स। सबकी पिटाई हुई। जोस बटलर कन्फ्यूजन के चलते जल्दी रन आउट हो गए, लेकिन तीसरे नंबर पर आए कप्तान सैमसन ने 29 गेंद में नाबाद 48 रन बनाते हुए अपने युवा साथी को बखूबी साथ निभाया।

### केकेआर का शर्मनाक खेल

चहल की उम्दा गेंदबाजी के बूते ही राजस्थान रॉयल्स ने कोलकाता नाइटराइडर्स को आठ विकेट पर 149 रन पर रोक दिया था। टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन का फैसला सही साबित हुआ। चहल ने बीच के ओवरों में तीन गेंद में दो विकेट लेकर केकेआर के लिये सर्वाधिक रन बनाने वाले वेंकटेश अय्यर (57) और शार्दुल ठाकुर (एक) को पवेलियन भेजा।

### यशस्वी ने बनाई आइपीएल की सबसे तेज फिफ्टी, राहुल का रिकॉर्ड टूटा

आइपीएल में सबसे तेज अर्धशतक (कम गेंदें)

- (13 गेंदें) यशस्वी जायसवाल (आरआर) बनाम केकेआर, कोलकाता, 2023
- (14 गेंद) राहुल (पीबीकेएस) बनाम डीसी, मोहाली, 2018
- (14 गेंद) पैट कमिंस (केकेआर) बनाम एमआई, पुणे, 2022

जायसवाल ने पहले ही ओवर में 26 रन बनाए। यह आइपीएल का दूसरा सर्वश्रेष्ठ रिकॉर्ड था। 2011 सीजन में आरसीबी ने मुंबई के खिलाफ खेलते हुए पहले ही ओवर में 27 रन बनाए थे।


- 27/0 - आरसीबी बनाम एमआई, चेन्नई, 2011 (अतिरिक्त : 7)
- 26/0- आरआर बनाम केकेआर, कोलकाता, आज (गुरुवार)
- 26/0 - केकेआर बनाम एमआई, कोलकाता, 2013 (अतिरिक्त : 1)
- 25/0- डीसी बनाम केकेआर, अहमदाबाद, 2021 (अतिरिक्त : 1)

जायसवाल के लिए यह सीजन भी काफी अच्छा जा रहा है। वह अर्धशतक बनाने के साथ ही लीडिंग स्कोरर की लिस्ट में दूसरे स्थान पर आ गए थे। जायसवाल अब सीजन में चार अर्धशतक और एक शतक लगा चुके हैं। वह पहले से ही सीजन में सबसे ज्यादा चौके लगाने वाले बल्लेबाज भी हैं।

## बांग्लादेश दौरे के बीच भारत आयेगा अफगानिस्तान

**लंदन।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के क्रिकेट परिचालन अध्यक्ष जलाल यूनुस ने दावा किया कि अफगानिस्तान की क्रिकेट टीम अपने बंगलादेश दौरे के बीच में एक श्रृंखला खेलने के लिये भारत आयेगी। अफगानिस्तान को अगले महीने दो टेस्ट, तीन वनडे और तीन टी20 मैच खेलने के लिए बांग्लादेश जाना था, हालांकि हाल ही में घोषणा की गयी कि एक टेस्ट को कार्यक्रम से हटा दिया गया है।

# युजवेंद्र चहल ने रचा इतिहास,आइपीएल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज







**युजवेंद्र चहल**

| | |
|---|---|
| 4 | ओवर |
| 0 | मेडन |
| 25 | रन |
| 4 | विकेट |

आइपीएल 2023 के 56वें मैच में राजस्थान रॉयल्स के स्पिनर युजवेंद्र चहल ने नया इतिहास रच दिया है। चहल इस टूनार्मेंट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने यह उपलब्धि कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान नितीश राणा का विकेट लेते हुए हासिल की।

**आइपीएल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले टॉप 5 गेंदबाज-**

1. युजवेंद्र चहल- 184 विकेट (142 पारियां)
2. ड्वेन ब्रावो- 183 विकेट (158 पारियां)
3. पीयूष चावला- 174 विकेट (175 पारियां)
4. अमित मिश्रा- 172 विकेट (160 पारियां)
5. रविचंद्रन अश्विन- 171 विकेट (193 पारिया)।

### ब्रावो को छोड़ा पीछे

चहल ने इस उपलब्धि तक पहुंचने के लिए चेन्नई सुपर किंग्स का हिस्सा रहे ड्वेन ब्रावो को पीछे छोड़ा है। ब्रावो ने 158 पारियो में 183 विकेट अपने नाम किए थे, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 22 रन देकर 4 विकेट लेना रहा। वहीं चहल ने महज 142 पारियों में ही अपने 184 विकेट पूरे कर लिए हैं। चहल ने किसी एक मैच में 5 विकेट लेने का काम भी किया है। वहीं 5 बार वह किसी एक मैच में 4 विकेट हासिल कर चुके हैं। वहीं चहल ने इकॉनमी रेट और औसत के मामले में भी ब्रावो से शानदार प्रदर्शन किया है। चहल का इकॉनमी रेट 7.66 का है और विकेट चटकाने की औसत 21.59 की है। वहीं ब्रावो का इकॉनमी रेट 8.38 और औसत 23.82 की है।

## एएफसी एशियाई कप के ग्रुप बी में भारत

**दोहा।** भारत को गुरुवार को यहां कटारा ओपेरा हाउस में आयोजित एएफसी एशियाई कप 2023 के ड्रॉ में ग्रुप बी में जगह दी गयी। भारत को ग्रुप में चौथा स्थान (बी4) मिला है। ऑस्ट्रेलिया, सीरिया और उज्बेकिस्तान को भी इस ग्रुप में शामिल किया गया है। भारत ने पहली बार एशियाई कप के लगातार दो संस्करणों के लिये क्वालीफाई किया है। एशियाई कप के क्वालीफायर टूनार्मेंट में फिलीपींस के फिलिस्तीन से हारने के बाद भारत ने हांगकांग के खिलाफ अपने आखिरी क्वालीफाइंग मैच से पहले ही मुख्य टूनार्मेंट में जगह बना ली थी।

## नोएडा सिटी ने जीती बी-डिवीजन लीग

**नयी दिल्ली।** नोएडा सिटी एफसी ने गुरुवार को यहां अंबेडकर स्टेडियम पर खेले गये बी डिवीजन लीग फाइनल में एकतरफा जीत के साथ कॉलेजियन एफसी को 4-0 से हराकर खिताब पर कब्जा जमा लिया। इस एकतरफा मुकाबले में विजेता टीम के लिये मैन ऑफ द मैच अनुपम विश्वकर्मा, अंश गुप्ता, भारण्यू बंसल और पीयूष भंडारी ने गोल किये। पीयूष को लीग का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी आंका गया।

## भारतीय टीम सुदीरमन कप फाइनल्स के लिये रवाना

**नयी दिल्ली।** पीवी सिंधु, किदांबी श्रीकांत और एचएस प्रणय जैसे अग्रणी खिलाड़ियों से सुसज्जित भारत की 23 सदस्यीय बैडमिंटन टीम 14 से 21 मई तक होने वाले बहुप्रतीक्षित सुदीरमन कप फाइनल्स 2023 में हिस्सा लेने के लिये चीन के सुझोउ रवाना हो चुकी है। भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) ने गुरुवार को यह जानकारी दी। विश्व मिश्रित टीम बैडमिंटन चैंपियनशिप के रूप में भी पहचाना जाना वाला सुदीरमन कप एक ऐसा टूनार्मेंट है जहां हर देश के बैडमिंटन खिलाड़ी अपनी टीम की जीत के लिये एक गहन लड़ाई में प्रतिस्पर्धा करते हैं।

## काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन पर आये पहलवान

**नयी दिल्ली।** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी की मांग कर रहे पहलवानों ने प्रदर्शन के 18वें दिन गुरुवार को अपने बाजुओं और माथे पर काली पट्टी बांधकर अपना रोष जताया।

## ब्रावो का सटीक विकल्प हैं पथिराना: इरफान पठान

**चेन्नई।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर इरफान पठान ने युवा तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना की गेंदबाजी से प्रभावित होकर कहा है कि वह चेन्नई सुपर किंग्स के लिये वही भूमिका निभा सकते हैं, जो कभी ड्वेन ब्रावो निभाया करते थे। पठान ने कहा, हर टीम को ऐसे गेंदबाज की जरूरत होती है, जिस पर वह डेथ ओवरों (पारी के अंतिम ओवरों) में निर्भर रह सकें। मुंबई इंडियन्स के पास कभी मलिंगा हुआ करते थे, अब बुमराह हैं। कोलकाता नाइट राइडर्स ने जिन दो वर्षों में आइपीएल ट्रॉफी जीती थी, उन वर्षों में उनके पास सुनील नरेन थे। चेन्नई के पास ब्रावो थे और अब पथिराना हैं। वह (ब्रावो का) सटीक विकल्प हैं, और उनके पास रफ्तार भी है।

## तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ना मेरे लिए भावुक पल होगा : कोहली

**नयी दिल्ली।** भारत के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने स्वीकार किया है कि सचिन तेंदुलकर के 49 एकदिवसीय शतकों के रिकॉर्ड को तोड़ना वास्तव में उनके लिए एक भावनात्मक क्षण' होगा। तेंदुलकर ने एकदिवसीय में 49 शतकों के साथ अपने करियर को खत्म किया था। यह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 100वां (टेस्ट में 51 शतक) शतक था। उस समय खेल के जानकारों का मानना था कि तेंदुलकर के रिकॉर्ड को शायद ही कोई तोड़ पाये। कोहली ने हालांकि 274 एकदिवसीय मैचों में 46 शतक जड़ दिये है। यह 34 साल का बल्लेबाज तीन और शतक के साथ अपने बचपन के आदर्श खिलाड़ी की बराबरी कर लेगा।

## युवा धोनी की तरह हैं संजू सैमसन : स्वान

**नयी दिल्ली।** इंग्लैंड के पूर्व स्पिनर ग्रीम स्वान का मानना है कि संजू सैमसन अपने धैर्य और खेल को पढ़ने की क्षमता के कारण दिग्गज महेंद्र सिंह धोनी के युवा प्रारूप की तरह लगते हैं। सैमसन ने 11 मैच में 154.77 के स्ट्राइक रेट से 308 रन बनाए हैं और अपने खिलाड़ियों का अच्छी तरह इस्तेमाल करते हुए टीम को प्ले ऑफ की दौड़ में बनाए रखा है। स्वान ने कहा, मुझे संजू के बारे में जो चीज पसंद है वह यह है कि वह नेतृत्वकर्ता बन गया है और लगातार प्रदर्शन करने वाला सीनियर खिलाड़ी जिसके पास प्रतिभा है। उन्होंने कहा, इसका सामना कीजिए, चार या पांच साल पहले, सभी को पता था कि वह कितना अच्छा है लेकिन वह छह से सात मैचों में कुछ नहीं करता था और फिर शानदार पारी खेलता था।

# फोगनीनी ने मरे को हराया, वावरिंका भी जीते



**एजेंसी**

**रोम।** फाबियो फोगनीनी ने 35 साल के दो खिलाड़ियों के बीच हुए मुकाबले में एंडी मरे को लगभग तीन घंटे में हराकर इटैलियन ओपन टेनिस टूनार्मेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई। पैर की चोट के कारण एक महीने तक बाहर रहने के बाद वाइल्ड कार्ड से टूनार्मेंट में प्रवेश करने वाले फोगनीनी ने मरे को 6-4, 4-6, 6-4 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। फोगनीनी ने मरे के 24 के मुकाबले 49 विनर लगाए। एक अन्य अनुभवी खिलाड़ी स्टेन वावरिंका को इल्या इवाश्का को 6-2, 6-4 से हराने के लिए अधिक पसीना नहीं बहाना पड़ा। बारिश के कारण यह मुकाबला 90 मिनट के विलंब से शुरू हुआ। वावरिंका 38 साल के हैं और टूनार्मेंट में हिस्सा ले रहे सबसे अधिक उम्र के खिलाड़ी हैं। एलेक्सांद्र बुबलिक, क्रिस्टियन गेरिन, मार्टन फुकसोविक्स और सबेस्टियन बेइज भी जीत दर्ज करने में सफल रहे। चीन के यू यिबिंग ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए फ्रांस के अनुभवी खिलाड़ी रिचर्ड गास्केट को 3-6, 6-3, 6-3 से हराया। महिला वर्ग में लेसिया सुरेंको ने दो बार की चैंपियन यूक्रेन की हमवतन एलिना स्वितोलिना को हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। स्लोएन स्टीफंस ने नादिया पोडोरोस्का को 6-4, 6-1 से शिकस्त दी और अगले दौर में उनकी भिड़ंत 14वीं वरीय विक्टोरिया अजारेंका से होगी।

# भारतीय मुक्केबाजों की निगाहें ऐतिहासिक स्वर्ण पर

**एजेंसी**

**ताशकंद।** अपने गैर-मामूली अभियान से प्रेरणा लेते हुए जब दीपक कुमार, मोहम्मद हुसामुद्दीन और निशांत देव विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में मुकाबला करने के लिये शुक्रवार को रिंग में उतरेंगे, तो उनकी निगाहें सीधे स्वर्ण पदक पर होंगी। भारत भले ही 2019 में अमित पंघाल के रजत सहित अब तक विश्व चैंपियनशिप में सात पदक जीत चुका है, लेकिन अभी तक उसकी स्वर्ण जीतने की इच्छा पूरी नहीं हुई। इस बार तीन भारतीय मुक्केबाजों ने पहली बार एक साथ सेमीफाइनल में जगह बनायी है। तीन पदक सुनिश्चित होने के साथ भारत पदक तालिका में मेजबान उज्बेकिस्तान (नौ), क्यूबा और रूस (छह) तथा कजाकस्तान (पांच) के बाद तीसरे स्थान पर है। साल 2019 के एशियाइ रजत पदक विजेता दीपक कुमार (51 किग्रा) सेमीफाइनल बाउट में दो बार के विश्व कांस्य पदक विजेता फ्रांस के बिलाल बेनामा से भिड़ते हुए स्वर्ण की होड़ में भारत की अगुवाई करेंगे। हरियाणा के हिसार से आने वाले 26 वर्षीय मुक्केबाज ने अपनी दूसरी विश्व चैंपियनशिप में अब तक शानदार प्रदर्शन करते हुए सर्वसम्मत फैसलों से तीन जीत दर्ज की हैं। उन्होंने शीर्ष-32 राउंड में कजाखस्तान के टोक्यो ओलंपिक मेडलिस्ट साकेन बिबोसिनोव को भी पछाड़ा था। अपनी शानदार फॉर्म को बरकरार रखने के लिए दीपक फाइनल में पहुंचना चाहेंगे, जहां उनका सामना रियो ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता हसनब्वाय दुसमातोव या मौजूदा यूरोपीय चैंपियन स्पेन के मार्टिन मोलिना से होगा। पहली बार विश्व चैंपियनशिप में हिस्सा हुसामुद्दीन (57 किग्रा) टूनार्मेंट में अपनी पहली उपस्थिति में सफलतापूर्वक फाइनल में पहुंचने का लक्ष्य रखेंगे। सेमीफाइनल में उनका सामना क्यूबा के सैदेल होर्ता से होगा। तेलंगाना का रहने वाला यह मुक्केबाज फाइनल में पहुंचने पर संभावित रूप से 2021 विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता उज्बेकिस्तान के अब्दुमालिक खालोकोव या किर्गिस्तान के मुनारबेक सीटबेक-उलु से भिड़ सकता है, लेकिन उसके लिये हुसामुद्दीन को सैदेल की चुनौती पार करनी होगी। भारत के उभरते हुए मुक्केबाजों में से एक निशांत देव सेमीफाइनल में मौजूदा एशियाई चैंपियन कजाकिस्तान के असलानबेक शिमबगेनोव के खिलाफ उतरेंगे। वह पिछली विश्व चैंपियनशिप में क्वार्टरफाइनल तक ही पहुंच सके थे लेकिन इस बार उन्होंने अपने लिये सफलतापूर्वक एक पदक सुनिश्चित कर लिया है। करनाल में जन्मे इस मुक्केबाज ने अब तक तीन जीत सर्वसम्मत निर्णयों से और एक जीत प्रतियोगिता रोककर (आरएससी) दर्ज की है। अपनी शानदार फॉर्म को जारी रखने की उम्मीद के साथ निशांत फाइनल में पहुंचकर उज्बेकिस्तान के दो बार के एशियाई चैंपियन सैदजामशीद जाफारोव या ब्राजील के 2018 दक्षिण अमेरिकी चैंपियन वांडरसन डी ओलिवरिया से भिड़ने के लिये दृढ़ संकल्पित होंगे। स्वर्ण पदक विजेताओं को दो लाख अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि दी जाएगी, जबकि रजत पदक विजेताओं को एक लाख अमेरिकी डॉलर से सम्मानित किया जायेगा। दोनों कांस्य पदक विजेताओं को 50,000 अमेरिकी डॉलर दिये जाएंगे।



## पेज तीन का शेष

### पर्यटन क्षेत्र में...

उन्होंने कहा कि यहां आने वाले सैलानियों के लिए जल्द ही रोपवे का निर्माण किया जायेगा। इसके अलावा पतरातू और नेतरहाट के लिए भी बस सेवा की शुरुआत की जायेगी। वहीं पतरातू डैम में वाटर एक्टिविटीज तथा वाटर स्पोर्ट्स भी नियमित रूप से आयोजित किये जायेंगे। **कई योजनाओं का शिलान्यास-उदघाटन :** मौके पर मुख्यमंत्री ने करीब 12 करोड़ 92 लाख रुपए की लागत से 6 योजनाओं का उदघाटन- शिलान्यास किया। इसमें 7 करोड़ 10 लाख रुपए की 2 योजनाओं का उदघाटन और 5 करोड़ 82 लाख रुपए की 4 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। समारोह में पर्यटन निदेशालय द्वारा आयोजित फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर राज्य समन्वय समिति के सदस्य फागु बेसरा, विधायक अम्बा प्रसाद, सीएम के सचिव विनय कुमार चौबे, भवन निर्माण विभाग के सचिव सुनील कुमार, निदेशक पर्यटन अंजलि यादव एवं रामगढ़ के उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक समेत जिला प्रशासन के कई पदाधिकारी मौजूद थे।

### बीएसएफ के गौरवशाली...

उन्होंने कहा कि सीमा सुरक्षा बल ने 1971 के युद्ध में अपनी दक्षता व साहस का प्रदर्शन करते हुए उल्लेखनीय योगदान दिया है। देश के लिए किए गए सराहनीय कार्य के लिए बीएसएफ को सलाम है। इस अवसर पर बीएसएफ के जवानों ने शानदार बैंड डिस्प्ले एवं योगा का प्रदर्शन किया। राज्यपाल ने सभी प्रशिक्षु उप-निरीक्षक को बधाई देते हुए कहा कि आप लोगों को मातृभूमि की सुरक्षा व सेवा करने का अहम अवसर प्राप्त हुआ है। उन्होंने इन उप निरीक्षकों द्वारा प्रदर्शित परेड की सराहना करते हुए कहा कि ये प्रशिक्षण के दौरान आपके द्वारा की गई कड़ी मेहनत को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि आपने जिस करियर का चयन किया है, वह चुनौतीपूर्ण व सम्मानजनक है। राष्ट्र की सुरक्षा का अहम दायित्व आप पर है। उन्होंने बीएसएफ के परिजनों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि आपका सहयोग प्रंशसनीय है। राज्यपाल ने सीमा सुरक्षा बल द्वारा लगाये गये शस्त्र प्रर्दशनी का अवलोकन किया। उक्त अवसर पर विधानसभा सदस्य मनीष जयसवाल, पुलिस उप-महानिरीक्षक हजारीबाग जोन, उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक, हजारीबाग समेत बीएसएफ मेरू कैम्प के अधिकारीगण व जवान उपस्थित थे।

### मुझे कोर्ट से...

कभी वे मुझे पुलिस लाइन ले गये और कभी कहीं, मुझे समझ नहीं आया कि क्या हुआ। चुनाव चाहने वाली पार्टी देश में ऐसी अराजकता कैसे चाह सकती है। **रिहाई के बाद भी देश भर में हिंसा :** इमरान खान की रिहाई के आदेश के बाद इस्लामबाद में पुलिस और पीटीआइ समर्थकों के बीच हिंसक झड़प भी हुई है। इस दौरान पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे हैं। इसके जवाब में समर्थकों ने दो गाड़ियों को आग लगा दी है। **गिरफ्तारी को कोर्ट ने गलत बताया :** अपनी गिरफ्तारी पर इस्लामाबाद हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ पाकिस्तान सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। अपनी याचिका में कहा गया कि हाई कोर्ट का आदेश संविधान के अनुच्छेद 10ए के खिलाफ है। पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट ने भ्रष्टाचार रोधी निगरानी संस्था को पूर्व पीएम इमरान खान की गिरफ्तारी के अवैध करार देते हुए एक घंटे के भीतर पेश करने का आदेश दिया था। अदालत ने कहा कि एजेंसी ने अदालत परिसर में प्रवेश कर और रजिस्ट्रार की अनुमति के बिना खान को गिरफ्तार कर कोर्ट की अवमानना की है। पीठ ने सुनवाई के दौरान 70 वर्षीय खान को इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के परिसर से गिरफ्तार किए जाने के तरीके पर नाराजगी जतायी। प्रधान न्यायाधीश ने सवाल किया, अगर 90 लोग परिसर में प्रवेश कर जाते हैं तो अदालत की क्या गरिमा रह जाती है। अदालत परिसर से किसी व्यक्ति को कैसे गिरफ्तार किया जा सकता है।

### जयंत के सौंपे...

**दस्तावेज में पश्चिम बंगाल का जिक्र है :** दरअसल दस्तावेजों में राज्य का उल्लेख पश्चिम बंगाल के नाम से है। जबकि 1932 में यह सिर्फ बंगाल था। क्योंकि पश्चिम बंगाल 1947 में अस्तित्व में आया। इसी तरह, दस्तावेज में कई जगहों पर गवाहों, विक्रेता और क्रेता के पते के साथ पिन कोड का उल्लेख किया गया है। जबकि पोस्टल इंडेक्स नंबर (पिन) 15 अगस्त, 1972 को पेश किया गया था। वहीं जमीन के दस्तावेज में बिक्री के एक साक्षी का मूल जिला भोजपुर बताया गया है। जबकि भोजपुर जिला 1972 में अस्तित्व में आया है। **अलग से लगायी गयी थी दस्तावेज में प्रति :** ऐसी जानकारी है कि कथित रूप से फर्जी दस्तावेज की प्रति कोलकाता रजिस्ट्री कार्यालय के भूमि अभिलेखों में अलग से लगायी गई थी। अब इडी ऐसे सभी दस्तावेजों के साथ-साथ कोलकाता रजिस्ट्रार कार्यालय के भूमि रजिस्टरों का फॉरेंसिक जांच करने के लिए भेज चुकी है, ताकि पन्ने और स्याही कब के हैं, इसका पता लगाया जा सके। इडी ने इस मामले को जांच के लिए लिया और तत्कालीन रांची डीसी और आईएएस छवि रंजन, भूमि दलालों और कई राजस्व अधिकारियों के खिलाफ देशव्यापी छापेमारी की थी। यहां तक कि दक्षिण छोटानागपुर के संभागीय आयुक्त नितिन मदन कुलकर्णी द्वारा दिए गए जांच के आदेश में कहा गया था कि रांची में 4.83 एकड़ भूमि वर्तमान में भारतीय सेना के कब्जे में है। लेकिन जयंत करनाड के स्वामित्व में, प्रदीप बागची द्वारा धोखे से एक दिलीप घोष नाम के व्यक्ति को जमीन बेच दी गयी थी।

### देशहित में कुछ...

बैठक में नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव भी थे। क्या एनसीपी चीफ शरद पवार विपक्षी गठबंधन के अध्यक्ष शरद पवार होंगे। इस सवाल पर नीतीश कुमार से पूछा गया कि श्री पवार को पूरे देश के लिए काम करना है। शरद पवार ने कहा कि विपक्षी एकता को मजबूत करने को लेकर चर्चा हुई। गठबंधन का 'चेहरा' कौन होगा इस सवाल पर पवार ने कहा कि यह बाद में देखा जायेगा। भाजपा जो कर रही है वह देशहित में नहीं है। बात तो सबके साथ और विकास की कही गयी थी लेकिन बिलकुल उल्टा रहा है। इसलिए हम चाहते हैं कि सभी विपक्षी दल एक साथ हो इसके लिए हमने बातचीत की और सभी दलों से भी बातचीत हुई है, सबकी सहमति हो रही है। हम सब एक साथ बैठकर निर्णय लेंगे। हम लोग देश और लोकतंत्र के हित में मिलकर काम करने जा रहे हैं। **हेमंत, ममता, राहुल, येचुरी से भी मिले थे :** इससे पहले बुधवार को नीतीश कुमार ने रांची में हेमंत सोरेन से से भी सकारात्मक बातचीत हुई थी। झारखंड में महागठबंधन की सरकार है, जिसमें जेएमएम, कांग्रेस और आरजेडी शामिल है। लिहाजा वहां भी गठबंधन बनाने में कोई अड़चन नहीं है। इस बैठक में तेजस्वी यादव और ललन सिंह भी मौजूद थे। हेमंत ने साफ कर दिया कि भाजपा को हराने के लिए विपक्ष को मजबूती से साथ आना होगा। भाजपा से अलग होने के बाद से नीतीश कुमार लगातार विपक्षी एकता का प्रयास कर रहे हैं। उसके बाद कोलकाता में बंगाल की सीएम ममता बनर्जी और लखनऊ में सपा प्रमुख अखिलेश यादव से भेंट की थी।

### चाईबासा में आइइडी...

**बाइक के परखच्चे उड़े :** नक्सलियों का आइइडी इतना शक्तिशाली था कि जिस बाइक से जवान गश्त कर रहे थे, विस्फोट में वह पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। बाइक का पिछला चक्का आइइडी पर पड़ा था, जिसके बाद विस्फोट हुआ। **12 आइइडी हो चुके हैं ब्लास्ट :** गौरतलब हो कि चाईबासा के इस इलाके में पिछले चार महीने में 12 बार आइइडी ब्लास्ट हो चुका है। इसमें करीब एक दर्जन से ज्यादा जवान जख्मी हो चुके हैं। जबकि सात ग्रामीण भी अपनी जान गंवा चुके हैं।

स्पीड न्यूज

### हिन्दू युवती ने नमाज पढ़ने की मांगी इजाजत

नैनीताल। उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने मध्य प्रदेश की एक हिन्दू युवती की ओर से रूड़की की पिरान कलियर दरगाह में नमाज पढ़ने और उसे सुरक्षा मुहैया कराये जाने के मामले में सरकार से जवाब मांगा है। साथ ही युवती को असुरक्षा की दृष्टि से स्थानीय पुलिस थाना में आवेदन पत्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिये हैं। इस मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी एवं न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की युगलपीठ में हुई। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि वह रूड़की के रोशनाबाद में एक हर्बल फैक्ट्री में नौकरी करती है। स्थानीय पिरान कलियर दरगाह में उसकी आस्था है। वह दरगाह में नमाज अदा करना चाहती है। उसे कट्टरवादी संगठनों से खतरा है। इसलिये उसे सुरक्षा मुहैया कराने के साथ ही नमाज अदा करने की अनुमति दी जाये।

### पुंछ में गोली चलने से जवान की मौत

पुंछ। जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर हथियार से दुर्घटनावश गोली चलने की घटना में एक जवान शहीद हो गया। अधिकारियों ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना कृष्णा घाटी सेक्टर में उस समय हुई जब लांस नायक जसबीर सिंह की रायफल से दुर्घटनावश गोली चल गई।

### सिसोदिया की जमानत पर फैसला सुरक्षित

नयी दिल्ली। दिल्ली हाई कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। कोर्ट ने जेल अधीक्षक को निर्देश दिया की जेल मैन्युअल के हिसाब से अपराह्न 03 से 04 बजे के बीच वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पत्नी के साथ बैठक सुनिश्चित करें। दरअसल, मनीष सिसोदिया की ओर से जमानत के लिए पत्नी के स्वास्थ्य का हवाला दिया गया था।

### नाबालिग आदिवासी से किया निकाह

सोनभद्र। मांची थाना क्षेत्र में एक शादीशुदा मुस्लिम युवक ने एक 15वर्षीय अनुसूचित जनजाति की लड़की का करीब एक माह तक शारीरिक शोषण किया और कुछ दिनों बाद धर्म परिवर्तन कराकर उसके साथ निकाह कर लिया। लड़की के पिता के तहरीर पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुट गई है।

### कोटा में एक और छात्र ने की सुसाइड

कोटा। राजस्थान के कोटा में कोचिंग ले रहे 15 वर्षीय नीट परीक्षार्थी का शव उसके कमरे में लगे पंखे से लटका मिला है। कोचिंग हब कोटा में पिछले चार दिनों में संदिग्ध आत्महत्या का यह दूसरा मामला है। पुलिस ने बताया कि उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले के खुर्जा कस्बे के रहने वाले धनेश कुमार शर्मा को कुन्हाड़ी इलाके के लैंडमार्क सिटी में स्थित उसके हॉस्टल के वार्डन ने मृत पाया। पुलिस ने बताया कि धनेश 11 वीं कक्षा का छात्र था और एक महीने पहले ही कोटा आया था।

# महाराष्ट्र में बनी रहेगी शिंदे सरकार

## ठाकरे ने बहुमत साबित करने से पहले इस्तीफा दिया, एमवीए सरकार बहाल नहीं हो सकती : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को कहा कि वह उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली तत्कालीन महा विकास आघाड़ी (एमवीए) सरकार को बहाल नहीं कर सकता क्योंकि उन्होंने पिछले साल जून में शक्ति परीक्षण का सामना किए बिना इस्तीफा दे दिया था। इस फैसले के साथ महाराष्ट्र सरकार पर मंडरा रहा खतरा टल गया है और एकनाथ शिंदे मुख्यमंत्री के रूप में बने रहेंगे।

अदालत ने महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी की भी खिंचाई की और कहा कि उनके पास इस निष्कर्ष पर पहुंचने के लिए ऐसी सामग्री नहीं थी कि तत्कालीन मुख्यमंत्री ठाकरे ने सदन का विश्वास खो दिया था। शिवसेना में शिंदे गुट की बगावत के बाद तीन दलों वाली एमवीए सरकार के गिरने के कारण राजनीतिक संकट से संबंधित याचिकाओं पर सर्वसम्मति से फैसले में, प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच-न्यायाधीशों

**राज्यपाल को राजनीतिक में प्रवेश का अधिकार नहीं**

की संविधान पीठ ने कहा कि महाराष्ट्र विधानसभा में शिंदे गुट के भरत गोगावले को शिवसेना के व्हिप के रूप में नियुक्त करने का तत्कालीन विधानसभाध्यक्ष का निर्णय कानून के विपरीत था। पीठ ने कहा कि सदन में बहुमत साबित करने के लिए राज्यपाल का ठाकरे को बुलाना उचित नहीं था क्योंकि उनके पास मौजूद सामग्री से इस निष्कर्ष पर पहुंचने का कोई कारण नहीं था कि ठाकरे सदन में बहुमत खो चुके हैं। पीठ ने कहा कि हालांकि, पूर्व स्थिति बहाल नहीं की जा सकती क्योंकि ठाकरे ने विश्वास मत का सामना नहीं किया और इस्तीफा दे दिया था।

पीठ में न्यायमूर्ति एम आर शाह, न्यायमूर्ति कृष्ण मुरारी, न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा शामिल थे। पीठ ने कहा कि राज्यपाल के पास ऐसी कोई





सामग्री नहीं थी जिसके आधार पर वह सरकार के भरोसे पर संदेह करते। जिस प्रस्ताव पर राज्यपाल ने भरोसा जताया, उसमें ऐसा कोई संकेत नहीं था कि विधायक एमवीए सरकार से बाहर निकलना चाहते हैं। कुछ विधायकों की ओर से असंतोष व्यक्त करने वाला पत्र राज्यपाल द्वारा शक्ति परीक्षण के आह्वान के लिए पर्याप्त नहीं है। पीठ ने कहा कि राज्यपाल को अपने सामने मौजूद पत्र पर अपनी समझदारी दिखानी चाहिए थी ताकि यह आकलन किया जा सके कि सरकार ने सदन का विश्वास खो दिया है या नहीं।

अदालत ने कहा कि हम राय शब्द का इस्तेमाल वस्तुनिष्ठ मानदंडों के आधार पर संतुष्टि के लिए करते हैं कि क्या उनके पास प्रासंगिक सामग्री है, और इसका मतलब राज्यपाल की व्यक्तिपरक संतुष्टि से नहीं है। एक बार जब कोई सरकार कानून के अनुसार लोकतांत्रिक

### शिवसेना के अंदर मतभेदों से राजनीतिक संकट हुआ

पीठ ने कहा कि शिवसेना के भीतर मतभेदों के परिणामस्वरूप महाराष्ट्र में राजनीतिक संकट उत्पन्न हुआ। हालांकि, शक्ति परीक्षण का इस्तेमाल आंतरिक पार्टी विवादों या अंतर-पार्टी विवादों को हल करने के माध्यम के रूप में नहीं किया जा सकता है। पीठ ने कहा कि किसी राजनीतिक दल के भीतर असंतोष और असहमति को पार्टी संविधान के तहत निर्धारित उपायों के अनुसार या किसी अन्य तरीके से हल किया जाना चाहिए, जिसके लिए पार्टी अपने समक्ष विकल्पों का इस्तेमाल कर सकती है। अदालत ने कहा कि सरकार का समर्थन नहीं करने वाली पार्टी और पार्टी के भीतर के लोगों द्वारा अपने नेतृत्व और कामकाज के प्रति असंतोष व्यक्त करने के बीच एक स्पष्ट अंतर है। पीठ ने कहा कि न तो संविधान और न ही संसद द्वारा बनाए गए कानून ऐसे किसी तंत्र का जिक्र करते हैं जिसके द्वारा किसी विशेष राजनीतिक दल के सदस्यों के बीच विवादों को सुलझाया जा सकता है।

रूप से निर्वाचित होती है, तो यह माना जाता है कि उसे सदन का विश्वास प्राप्त है। इस धारणा को खत्म करने के लिए कुछ वस्तुनिष्ठ सामग्री मौजूद होनी चाहिए।

**एसएसएलपी से अलग होकर एक गुट का गठन किया :** पीठ ने कहा कि विधायकों ने 21 जून, 2022 के प्रस्ताव में एमवीए सरकार से समर्थन वापस लेने की अपनी इच्छा व्यक्त नहीं की और वहां तक कि अगर यह मान भी लिया जाए कि वे सरकार से बाहर निकलने का इरादा रखते थे, तो उन्होंने शिवसेना विधानमंडल दल (एसएसएलपी) से अलग होकर केवल एक गुट का गठन किया तथा अपनी पार्टी के कदमों के प्रति अपने असंतोष का संकेत दे रहे थे। पीठ ने कहा कि वे निश्चित रूप से राज्यपाल को राजनीतिक क्षेत्र में दखल देने और अंतर-दलीय विवादों या पार्टी के आंतरिक विवादों में भूमिका निभाने का अधिकार नहीं देते हैं। राज्यपाल इस आधार पर कार्रवाई नहीं कर सकते हैं कि उन्होंने यह निष्कर्ष निकाला है कि शिवसेना का एक वर्ग सदन के पटल पर सरकार से अपना समर्थन वापस लेना चाहता है। पीठ ने कहा कि इसलिए, राज्यपाल ने एसएसएलपी विधायकों के एक गुट द्वारा हस्ताक्षरित प्रस्ताव पर भरोसा करके गलत निष्कर्ष निकाला कि ठाकरे ने सदन के बहुमत का समर्थन खो दिया है।

## प्रधानमंत्री मोदी से मिले ओड़िशा के नवीन पटनायक, कहा

# लोकसभा चुनाव में तीसरे मोर्चे की कोई संभावना नहीं

**सीएम ने पीएम से पुरी में एक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे सहित विभिन्न मुद्दों पर की चर्चा**

एजेंसी

नयी दिल्ली। ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। मुलाकात के बाद मीडियाकर्मियों से बातचीत में पटनायक ने 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को टक्कर देने के लिए विपक्षी मोर्चे की संभावनाओं को खारिज कर दिया। पटनायक ने एक सवाल पर कहा कि जहां तक मेरा संबंध है, तीसरे मोर्चे की कोई संभावना नहीं है। प्रधानमंत्री के साथ अपनी मुलाकात के बारे पटनायक ने कहा कि हमने पुरी में एक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे सहित ओड़िशा से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। पटनायक ने कहा कि मैंने अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के लिए बात की थी जिसे हमें पुरी में स्थापित करना है। भुवनेश्वर में अब बहुत अधिक ट्रैफिक हो रहा



है इसलिए हम एक विस्तार चाहते हैं। पटनायक ने बताया कि प्रधानमंत्री ने उन्हें इस संबंध में हर संभव मदद का आश्वासन दिया है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मंगलवार को हुई मुलाकात के बारे में पूछे जाने पर पटनायक ने कहा कि यह शिष्टाचार मुलाकात थी। नीतीश कुमार 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के खिलाफ उन्हें एक साथ लाने के प्रयास में विपक्षी नेताओं से मिल रहे हैं। कुमार ने पटनायक से मुलाकात के बाद भी कहा था कि उनकी कोई राजनीतिक मंशा नहीं थी।

### रेलवे में अग्निवीरों को मिलेगा आरक्षण

नयी दिल्ली। रेलवे ने सेना की अग्निपथ योजना के तहत सेवानिवृत्त अग्निवीरों को अपने विभिन्न विभागों के तहत सीधी भर्ती में अराजपत्रित पदों पर 15 प्रतिशत का आरक्षण प्रदान करने का फैसला किया है। साथ ही अग्निवीरों को आयु सीमा और शारीरिक दक्षता परीक्षा में भी छूट दी जाएगी। सूत्रों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि आरपीएफ में भी अग्निवीरों के लिए एक आरक्षण नीति विचाराधीन है। सूत्रों ने बताया कि रेलवे अग्निवीरों को लेवल-1 और लेवल-2 के पदों पर क्रमशः 10 प्रतिशत और पांच प्रतिशत होरिजोंटल आरक्षण प्रदान करेगा। अग्निवीरों को शारीरिक दक्षता परीक्षा और आयु में छूट दी जाएगी। अग्निवीर के पहले बैच को तय आयु सीमा से पांच साल जबकि बाद के बैच को तीन साल की छूट दी जाएगी। रेलवे बोर्ड ने सभी महाप्रबंधकों को जारी पत्र में विभिन्न रेलवे भर्ती एजेंसी को इस छूट का लाभ देने को कहा है। उल्लेखनीय है कि केंद्र द्वारा पिछले साल शुरू की गई अग्निपथ भर्ती योजना के तहत चार साल पूरे होने के बाद 25 प्रतिशत अग्निवीरों को ही बल में रखा जाएगा जबकि बाकी सेवानिवृत्त हो जाएंगे।

# नौकरशाहों पर चुनी हुई सरकार का नियंत्रण हो

एजेंसी

**लोक व्यवस्था, पुलिस और भूमि जैसे विषयों को छोड़कर अन्य सेवाओं पर दिल्ली सरकार के पास विधायी तथा प्रशासकीय कंट्रोल है : कोर्ट**

**अदालत का फैसला लोकतंत्र के लिए जीत : केजरीवाल**



नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी की सरकार को बड़ी राहत देते हुए उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को सर्वसम्मति से फैसला दिया कि लोक व्यवस्था, पुलिस और भूमि जैसे विषयों को छोड़कर अन्य सेवाओं पर दिल्ली सरकार के पास विधायी तथा प्रशासकीय नियंत्रण है। उच्चतम न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली संविधान पीठ ने कहा कि नौकरशाहों पर एक निर्वाचित सरकार का नियंत्रण होना चाहिए। उन्होंने कहा कि केंद्र शासित प्रदेश दिल्ली का द्विविशेष प्रकार के दर्जा है और उन्होंने न्यायाधीश अशोक भूषण के 2019 के उस फैसले से सहमति नहीं जतायी कि दिल्ली सरकार के पास सेवाओं पर कोई अधिकार नहीं है। शीर्ष न्यायालय ने केंद्र तथा दिल्ली सरकार के बीच सेवाओं पर प्रशासनिक नियंत्रण के विवादित मुद्दे पर अपने फैसले में कहा, द्विद्यकेंद्र की शक्ति का कोई और विस्तार संवैधानिक योजना के प्रतिकूल होगा। दिल्ली अन्य राज्यों की तरह ही है और उसकी भी एक चुनी हुई सरकार की व्यवस्था है। संविधान पीठ में न्यायमूर्ति एम आर शाह, न्यायमूर्ति कृष्ण मुरारी, न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा भी शामिल रहे।

पीठ ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार के पास लोक व्यवस्था, पुलिस और भूमि को छोड़कर अन्य सेवाओं पर विधायी तथा शासकीय शक्तियां हैं।

उच्चतम न्यायालय के फैसले की सराहना करते हुए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इस आदेश को लोकतंत्र की जीत बताया और कहा आम आदमी पार्टी ने कहा कि शीर्ष अदालत का फैसला देशभर में राज्य सरकारों को अपदस्थ करने के अभियान पर एक जोरदार तमाचा है। आप नेता और राज्यसभा के सदस्य राघव चड्ढा ने इस फैसले को ऐतिहासिक निर्णय बताया और कहा कि यह एक कड़ा संदेश देता है। चड्ढा ने ट्वीट किया कि सत्यमेव जयते। दिल्ली की जीत हुई। माननीय उच्चतम न्यायालय का ऐतिहासिक निर्णय यह कड़ा संदेश भेजता है कि दिल्ली सरकार के साथ काम कर रहे अधिकारियों की जिम्मेदारी, शासन व्यवस्था को बाधित करने के लिए केंद्र द्वारा भेजे गए गैर निर्वाचित अनधिकृत व्यक्तियों यानी उपराज्यपाल के बजाय, निर्वाचित सरकार के माध्यम से दिल्ली के लोगों की सेवा करना है।

## इसरो ने किया सेमी क्रायोजेनिक इंजन का सफल परीक्षण

एजेंसी

बेंगलुरु। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने अपने सेमी क्रायोजेनिक इंजन का सफल परीक्षण किया है जिनका इस्तेमाल भविष्य में प्रक्षेपण यानों में होगा।

बेंगलुरु स्थित इसरो के मुख्यालय से जारी बयान में कहा गया कि तमिलनाडु के महेंद्रगिरि के इसरो प्रोपल्सन कॉम्प्लेक्स (आईपीआरसी) में हाल में स्थापित सेमी क्रायोजेनिक इंटीग्रेटेड इंजन एंड स्टेट टेस्ट फैसिलिटी में बुधवार को 2000 किलोन्यूटन ताकत वाले सेमी क्रायोजेनिक इंजन का मध्यवर्ती विन्यास पर पहला एकीकृत परीक्षण किया गया।

बयान में कहा गया है कि यह 2000 किलोन्यूटन बल का इंजन विकसित करने की दिशा में पहला कदम है जो तरल ऑक्सीजन (एलओएक्स) और किरोसिन प्रणोदक के



समिश्रण से काम करेगा जिसका इस्तेमाल भविष्य के प्रक्षेपण यानों में किया जाएगा।मध्यवर्ती विन्यास, जिसे पावर हेड टेस्ट

**ऑक्सीजन और किरोसिन प्रणोदक के समिश्रण से काम करेगा**

आर्टिकल (पीएचटीए) नाम दिया गया है, थ्रस्ट चैंबर को छोड़कर सभी इंजन प्रणाली होती है।बयान के मुताबिक यह कम दबाव और उच्च दबाव वाले टर्बो-पंप, गैस जनरेटर और नियंत्रण घटकों सहित प्रणोदक फीड प्रणाली के डिजाइन को परखने के लिए कई परीक्षण किए जाएंगे जिनमें से यह पहला था। इसरो ने बताया कि परीक्षण 15 घंटे तक चला और इस अवधि में इंजन ने शुरू होने के बाद से सभी मानकों को सफलतापूर्वक पूरा किया। एलओएक्स सर्किट के ठंडा होने के बाद, किरोसिन का फीड सर्किट भरा गया था, और एलओएक्स को इंजेक्शन वाल्व खोलकर गैस जनरेटर में प्रवेश कराया गया था। यह सफल परीक्षण आगे के परीक्षणों की श्रृंखला में मददगार साबित होगा।

छत्तीसगढ़ शराब घोटाला


### होटल व्यवसायी समेत दो गिरफ्तार

रायपुर। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छत्तीसगढ़ के धनशोधन मामले से जुड़े 2,000 करोड़ रुपए के कथित शराब सिंडिकेट घोटाले में एक होटल व्यवसायी और शराब कारोबारी को गिरफ्तार किया है। आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राज्य की राजधानी रायपुर स्थित गिरिराज होटल के प्रवर्तक नितेश पुरोहित को बुधवार दोपहर गिरफ्तार किया गया, जबकि पप्पू ढिल्लों को गुरुवार को गिरफ्तार किया गया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ईडी पर राज्य में कथित शराब घोटाले में उन्हें फंसाने की कोशिश करने का आरोप लगाया।

बोर्ड परीक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण पुस्तकें
प्रकाशित
Jharkhand Board Today CLASS-X 2023
सर्वश्रेष्ठ पुस्तक
निकटतम पुस्तक विक्रेता से अपनी प्रतियाँ शीघ्र प्राप्त करें।
पूर्व में प्रकाशित पुस्तकें-
मिलते-जुलते नामवाली नकली पुस्तकों से सावधान !
VERMA PRESS PVT. LTD.

# मानुषी छिल्लर कान में डेब्यू के लिए तैयार

मुंबई। पूर्व मिस वर्ल्ड और एक्ट्रेस मानुषी छिल्लर प्रतिष्ठित 2023 कान फिल्म फेस्टिवल के रेड कार्पेट पर चलने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। कान फिल्म फेस्टिवल का 76वां संस्करण 16 मई से 27 मई तक फ्रांस में आयोजित किया जाएगा। वह प्रतिष्ठित समारोह में अभिनेत्री अनुष्का शर्मा के साथ शामिल होंगी। ऐश्वर्या राय बच्चन, विद्या बालन, शर्मिला टैगोर और दीपिका पादुकोण जैसी कई बॉलीवुड हस्तियां फ्रेंच फेस्टिवल के लिए जूरी का हिस्सा रही हैं। प्रियंका चोपड़ा, सोनम कपूर, मल्लिका शेरावत, पूजा हेगड़े, हिना खान, तमन्ना भाटिया और अदिति राव हैदरी भी रेड कार्पेट पर चल चुकी हैं। इस बीच, काम के मोर्चे पर, मानुषी जॉन अब्राहम के साथ 'तेहरान' और वरुण तेज के साथ 'ऑपरेशन वेलेंटाइन' में कई अन्य लोगों के साथ दिखाई देंगी।



## टाइम मैगजिन के कवर पेज पर दीपिका

बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण प्रतिष्ठित टाइम मैगजीन के कवर पेज पर आई हैं। इसके साथ ही दीपिका वैश्विक हस्तियों जैसे बराक ओबामा, ओपरा विन्फ्रे और कई अन्य हस्तियों के एलीट क्लब में शामिल हो गई हैं, जिन्होंने टाइम मैगजिन पर जगह बनाई है। इससे पहले 2022 में दीपिका को सिनेमा में उनकी उपलब्धियों और मानसिक स्वास्थ्य वकालत में काम करने के लिए 'द टाइम 100 इम्पैक्ट अवार्ड' में नामित किया गया था। अभिनय के मोर्चे पर, बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान के साथ दीपिका की हालिया रिलीज 'पठान'



एक ब्लॉकबस्टर साबित हुई। अब वह अपनी अगली फिल्म 'फाइटर' की तैयारी कर रही हैं, जिसमें वह ऋतिक रोशन और अनिल कपूर के साथ नजर आएंगी।

### स्वर्ण मंदिर के निकट एक और हुआ धमाका पांच आरोपी गिरफ्तार

अमृतसर। पंजाब के अमृतसर में स्थित स्वर्ण मंदिर के निकट कम तीव्रता वाले विस्फोट की घटनाओं के सिलसिले में गुरुवार को पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया। इससे कुछ ही घंटे पहले इलाके में एक अन्य धमाका हुआ था। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि अमृतसर में एक सप्ताह के भीतर यह तीसरा विस्फोट है। इसने कहा कि तीसरा धमाका बुधवार आधी रात को गुरु रामदास जी निवास भवन के पीछे स्वर्ण मंदिर के निकट गलियारे में हुआ। गौरतलब है कि छह मई को यहां स्वर्ण मंदिर के निकट हेरिटेज स्ट्रीट के समीप कम तीव्रता का धमाका हुआ था।

बिना ऑपरेशन किये 100% गारंटी के साथ
9155997766
बवासीर
हाइड्रोसील, भगन्दर
माँ क्लिनीक
डॉ० डी० बी० बैरागी
रातु रोड, रामबिलास पेट्रोल पम्प के सामने, राँची
फोन - 9470997766, 9155997766
रोज खुला रहता है सुबह 9 बजे से 1 बजे तक और शाम 4 से 7 बजे तक
बीमारी ठीक नहीं होने पे पूरा पैसा वापस